राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 13 अंक - 294
लखनऊ, शुक्रवार 26 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मुकदमा दर्ज होने के बाद भी खुलेआम घूम रहे आरोपी 10
ए.के. शर्मा ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश 03

# लोकतंत्र सेनानियों को मिलेगी कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा : योगी

**लोकतंत्र सेनानियों का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ कराने की बनेगी व्यवस्था**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

आपातकाल की 51वीं बरसी संविधान हत्या दिवस के अवसर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकतंत्र को बचाने वाले लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश सरकार लोकतंत्र सेनानियों के लिए जल्द ही 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएगी।



मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों के स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना करते हुए कहा कि उनका अंतिम संस्कार भी राजकीय सम्मान के साथ किए जाने की व्यवस्था बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करते हुए गौरव की अनुभूति हुई। उनकी अपनी पीड़ा है। उन्होंने लोकतंत्र को बचाने के लिए जेल की यातनाएं सहीं। इसलिए प्रदेश में जब लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित सरकार आई तो लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान के लिए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। प्रदेश में 3,780 लोकतंत्र सेनानी तथा 1,461 उनके आश्रित हैं। सरकार वर्ष 2018 से लोकतंत्र सेनानियों व मरणोपरांत उनके आश्रितों को प्रत्येक माह 20 हजार रुपये की सम्मान राशि दे रही है। साथ ही लोकतंत्र सेनानी या उनके उत्तराधिकारी (पति अथवा पत्नी) को एक सहायक के साथ पूरे प्रदेश में परिवहन निगम की सभी श्रेणी की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है। लोकतंत्र सेनानियों को राजकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा भी उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब सरकार लोकतंत्र सेनानियों को कैशलेस 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध कराने जा रही है। इसके साथ ही लोकतंत्र सेनानी के दिवंगत होने पर उनका अंतिम संस्कार भी राजकीय सम्मान के साथ किए जाने की व्यवस्था सरकार द्वारा बनाई जा रही है। आने वाली पीढ़ी हमेशा इस बात को ध्यान में रखेगी कि जो भी देश व लोकतंत्र के हित में काम करेगा, सरकारें उन्हें सम्मानित करेंगी।

### लोकतंत्र सेनानियों ने सुनाई आपबीती

इस दौरान लोकतंत्र सेनानी भारत दीक्षित ने बताया कि आपातकाल लगाने का कोई कारण नहीं था। कांग्रेस बस किसी भी तरह सत्ता में रहना चाहती थी। आपातकाल के दौरान हमारी गिरफ्तारी के समय कपड़े फाड़ दिए गए। हम लोगों ने इसके बाद भी सत्याग्रह में भाग लिया, तब बहुत ज्यादा अत्याचार किए गए। लोकतंत्र सेनानी विद्या राम वर्मा ने बताया कि इतने साल बीत जाने के बाद भी आपातकाल के बारे में सोचता हूं तो मन भावुक हो जाता है। सीपीआई को छोड़कर बाकी सभी दलों के साथ अत्याचार किया गया। मेरा घर रात में घेरा गया, जैसे किसी डकैत को पकड़ने आए हों। जेल में कैदियों के नाखून उखाड़े गए और जबरन नसबंदी की गई। उस समय की सरकार ने कैसे अत्याचार किए , आज कोई अहसास भी नहीं कर सकता।

### सीएम ने किया लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया। इसमें 6 महीने तक जेल में यातनाएं झेलने वाले लोकतंत्र सेनानी भारत दीक्षित, गया प्रसाद सोनकर, राम सिंह कुशवाहा (हरदोई), विद्या राम वर्मा (हरदोई), अजय सिंह (बाराबंकी) व ओम प्रकाश गुप्ता (सीतापुर) शामिल रहे।

# भूकंप से थर्राया वेनेजुएला, 164 मरे

**900 से अधिक घायल, हजारों में हो सकती है मरने वालों की तादाद**

**एजेंसी, काराकास।**



दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आये भूकंप के कारण हुए हादसों में मरने वालों की तादाद 164 हो गयी है, जबकि करीब 971 लोग घायल हुए हैं। इस हादसे में हताहत लोगों की संख्या हजारों में होने का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने हादसे की व्यापकता को देखते हुए देश में इमरजेंसी लगा दी है। अमेरिकी संस्था यूएसजीएस ने बताया दो भूकंप वेनेजुएला के मोरोन शहर से 16 किलोमीटर और सैन फेलिप से 24 किलोमीटर दूर बुधवार शाम 6:04 बजे (भारतीय समयानुसार गुरुवार तड़के 3:34 बजे) आये। पहले भूकंप के तुरंत बाद ही दूसरा भूकंप आया और रिक्टर स्केल पर इनकी तीव्रता 7.2 और 7.5 मापी गयी। भूकंप के झटके पूरे वेनेजुएला सहित लैटिन अमेरिका के अन्य देशों में भी महसूस किये गये। राष्ट्रपति रोड्रिगेज के अनुसार राजधानी काराकस से लेकर तटीय शहर कैटिया ला मार तक पूरे देश में इमारतें गिरने की खबर है। उन्होंने बताया कि भूकंप हादसों में मरने वाले की संख्या 164 हो गयी है और एक हजार से अधिक घायल हैं।

# आपातकाल संविधान पर सीधा आघात था : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को संविधान पर सीधा हमला बताते हुए उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी है जिन्होंने उस समय लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़तापूर्वक रक्षा की थी।

श्री मोदी ने गुरुवार को देशभर में मनाए जाने वाले संविधान हत्या दिवस का उल्लेख करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि आज, हम उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने भारत के इतिहास के सबसे अंधकारमय अध्यायों में से एक, आपातकाल, के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की दृढ़तापूर्वक रक्षा की। आपातकाल हमारे संविधान पर सीधा आघात था। इस दौरान नागरिक स्वतंत्रताओं का निलंबन, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध, राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों और सामाजिक



कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारियाँ तथा उन संस्थाओं पर प्रहार देखने को मिला जो हमारे लोकतंत्र की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि इसने असंख्य नागरिकों के असाधारण साहस को भी उजागर किया, जिन्होंने मौन रहने से इनकार किया और संविधान में निहित आदर्शों को बनाए रखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी के लिए संविधान 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, अधिकारों और कर्तव्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करते हैं। अपने संविधान की भावना से प्रेरित होकर, हम ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जो न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति सदैव समर्पित रहेगा। श्री मोदी ने कहा कि संविधान हत्या दिवस हमें उस काले दौर की याद दिला रहा है, जब भारतीय लोकतंत्र को बुरी तरह से कुचला गया था। यह हमें लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहने को प्रेरित करता है। आपातकाल का विरोध करने वाली सभी विभूतियों को सादर नमन। संविधान हत्या दिवस हर साल 25 जून को मनाया जाता है। सरकार ने 1975 में इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल के विरोध में इसे मनाने की शुरुआत की थी।

# वैक्सीन, एंटीबायोटिक और कैंसर की दवाओं पर अब होगा क्यूआर कोड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में नकली और घटिया दवाओं पर लगाम लगाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने ड्रग्स नियम, 1945 में संशोधन करते हुए वैक्सीन, एंटीमाइक्रोबियल (एंटीबायोटिक), नारकोटिक एवं साइकोट्रॉपिक तथा कैंसर रोधी दवाओं को क्यूआर कोड आधारित ट्रैक एंड ट्रेस प्रणाली के दायरे में शामिल कर दिया है। नए नियमों के तहत इन दवाओं के निर्माताओं को उत्पाद की पैकेजिंग पर बारकोड या क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य होगा। यदि प्राथमिक पैकेजिंग पर पर्याप्त जगह नहीं है तो क्यूआर कोड द्वितीयक पैकेजिंग पर लगाया जा सकेगा। क्यूआर कोड स्कैन करने पर दवा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी जैसे यूनिक प्रोडक्ट कोड, जेनेरिक और ब्रांड नाम, निर्माता का नाम और पता, बैच नंबर, निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि, मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस नंबर और आवश्यक होने पर एक्सिपिएंट्स की जानकारी उपलब्ध होगी।

# पासपोर्ट यात्रा दस्तावेज है, नागरिकता का प्रमाण नहीं : विदेश मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया कि भारतीय पासपोर्ट मुख्य रूप से एक यात्रा दस्तावेज है और इसे नागरिकता का प्रमाण नहीं माना जाना चाहिए। इस सरकारी बयान ने एक नयी बहस को जन्म दिया और कई राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आईं।



मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, विदेश मंत्रालय (एमईए) के अधिकारियों ने कहा कि पासपोर्ट विदेश यात्रा के दौरान भारतीय नागरिक की राष्ट्रीयता की पुष्टि करता है, लेकिन यह स्वयं में नागरिकता का दस्तावेज नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि पासपोर्ट केवल विस्तृत सत्यापन और कई सरकारी एजेंसियों की जांच-पड़ताल के बाद ही जारी किया जाता है। फिर भी उन्होंने जोर दिया कि इसका मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय यात्रा को सुगम बनाना और विदेशों में पहचान स्थापित करना है। यह स्पष्टीकरण उस समय आया है जब नागरिकता साबित करने के लिए किन दस्तावेजों पर भरोसा किया जा सकता है, इस पर सार्वजनिक बहस जारी है। हाल के वर्षों में कई अदालतों ने निर्णय दिया है कि आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड और अन्य रिकॉर्ड अपने आप में नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं हैं।

## केंद्र ने इबोला निगरानी प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए किया पोर्टल शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्रालय और दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड ने अफ्रीका के कुछ हिस्सों में इबोला बीमारी के प्रकोप के मद्देनजर भारत में प्रवेश बिंदुओं पर सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी को मजबूत करने के लिए गुरुवार को उन्नत और संपर्क रहित यात्री स्वास्थ्य स्व-घोषणा पोर्टल शुरू किया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह पोर्टल हवाई अड्डा स्वास्थ्य अधिकारी, आव्रजन ब्यूरो, आईडीएसपी और राज्य निगरानी अधिकारियों के साथ वास्तविक समय में डेटा साझा करने की सुविधा देता है। बयान के मुताबिक, इस पोर्टल की मदद से जोखिम वाले यात्रियों की जल्द पहचान और उन्हें अलग करना संभव होगा। एयर सुविधा स्व-घोषणा फॉर्म भारत पहुंचने से 24 घंटे पहले तक भरा जा सकता है। बयान में बताया गया, यात्रियों से अनुरोध है कि वे विमान में सवार होने से पहले, चेक-इन के दौरान ही फॉर्म भर लें, ताकि आगमन पर प्रक्रिया जल्दी पूरी हो सके।

# गैर-घरेलू पैक्ड एलपीजी पर लगे प्रतिबंध हटे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

औद्योगिक एवं वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत देते हुए सरकार ने गैर-घरेलू पैक्ड एलपीजी की आपूर्ति पर लगे सभी क्षेत्रीय प्रतिबंध हटा दिए हैं और आपूर्ति को पश्चिम एशिया संकट से पहले के स्तर पर बहाल कर दिया है।

इसके अलावा संकट की शुरुआत में निलंबित की गई थोक एलपीजी आपूर्ति को खपत स्तर के 50 प्रतिशत तक बहाल किया गया। इससे वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी।

पश्चिम एशिया संकट के दौरान, घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आदेश जारी किए थे। इसमें सी3-सी4 स्ट्रीम को पेट्रोकेमिकल और अन्य उपयोगों से हटाकर केवल एलपीजी उत्पादन के लिए उपयोग करने की आवश्यकता थी। स्वदेशी एलपीजी उत्पादन में सुधार और आयातित एलपीजी कार्गो की अनुमानित उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने एलपीजी पूल में सी3/सी4



**आपूर्ति पश्चिम एशिया संकट से पहले के स्तर पर बहाल**

स्ट्रीम के डायवर्जन को कम करने का भी निर्णय लिया है। गैर-एलपीजी उपयोगों के लिए सी3-सी4 धाराओं का बढ़ा हुआ आवंटन इस बात को सुनिश्चित करते हुए लागू किया जाएगा कि घरेलू एलपीजी की उपलब्धता अप्रभावित रहे और कुल स्वदेशी एलपीजी उत्पादन प्रतिदिन 40 टन मीट्रिक टन से कम न हो। मंत्रालय के अधीन उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र को पेट्रोकेमिकल और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए इस बढ़ी हुई सी3/सी4 धाराओं का संगठनवार आवंटन जारी करने और मंत्रालय को नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। पेट्रोलियम एवं प्रकृतिक गैस मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सरकार ने तेल विपणन कंपनियों को कुशल योजना और आपूर्ति प्रबंधन को सुविधाजनक बनाने के लिए वाणिज्यिक और औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं पर व्यापक डेटा बनाए रखने का निर्देश दिया है। निगरानी और परिचालन समन्वय को मजबूत करने के लिए ओएमसी में एक एकीकृत क्षेत्रीय डेटाबेस भी बनाए रखा जाएगा। मंत्रालय का कहना है कि सरकार पीएनजी कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। वाणिज्यिक और थोक उपभोक्ता जो पहले ही पाइपलाइन प्राकृतिक गैस (पीएनजी) पर स्विच कर चुके हैं, वे पीएनजी पर ही बने रहेंगे। पीएनजी नेटवर्क तक पहुंच रखने वाले या पीएनजी पर स्विच करने की प्रक्रिया में लगे अन्य पात्र एलपीजी उपभोक्ताओं को सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) संस्थाओं के समन्वय से धीरे-धीरे पीएनजी पर स्विच किया जाएगा। इस संबंध में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर संशोधित आपूर्ति व्यवस्था के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।



# मोतीपुर वन रेंज के खपरा चौकी के जंगली कटीले रास्तों से 'अग्निपथ' तक सफर

- रोज तड़के 4 बजे खपरा वन चौकी के जंगली ट्रैक पर दौड़, डालियों को बनाया बीम
- मिहींपुरवा के तीन लाल पहले प्रयास में बने अग्निवीर, अमन-रोशन उड़ीसा, अमित भोपाल रवाना



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत-नेपाल सीमा से सटे मिहींपुरवा तहसील के तीन बेटों ने वह कर दिखाया जो बड़े शहरों की महंगी कोचिंग भी गारंटी नहीं दे पातीं। खड़िया नैनीहा के अमन कुमार, राजापुर कतर्निया के रोशन गिरि और पेटरहा के अमित कुमार चौहान ने पहले ही प्रयास में अग्निवीर बनकर साबित कर दिया कि 'हौसला हो तो कच्चे रास्ते भी कैंट का ट्रैक बन जाते हैं'।

**एक सपना, एक दौड़, एक मंजिल-** अमन पुत्र राम जी मदेशिया और अमित पुत्र उमेश कुमार चौहान ने हाईस्कूल अनीता मौर्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनीहा और इंटरमीडिएट सर्वोदय इंटर कॉलेज मिहींपुरवा से पढ़ा। रोशन पुत्र रमेश गिरि ने इंटर तक की पढ़ाई अनीता देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैनीहा से की। स्कूल की बेंच से शुरू हुई दोस्ती फौज की वर्दी के सपने तक साथ चली। लेकिन सीमावर्ती इलाके में न स्टेडियम था, न कोच। तब कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग की मोतीपुर रेंज स्थित खपरा वन चौकी के जंगली-कच्चे ट्रैक को ही इन्होंने अपना 'ग्राउंड' बना लिया।

**तड़के 4 बजे शुरू होती थी 'अग्निपरीक्षा'**-अमन बताते हैं, 'अंधेरा रहते ही घर से निकलते। खपरा वन के पथरीले रास्तों पर 5 किलोमीटर दौड़, फिर साल-शीशम की डालियों को बीम बनाकर पुल-अप। खेत की मेड़ पर पुश-अप और बोरियों में बालू भरकर वेट ट्रेनिंग'। रोशन याद करते हैं, 'बारिश में रास्ते दलदल बन जाते। पैर धंसते, घुटने छिलते, पर कदम नहीं रुके। लिखित परीक्षा से लेकर फिजिकल तक, तीनों ने पहले ही झटके में बाजी मार ली। अमन और रोशन उड़ीसा जबकि अमित भोपाल ट्रेनिंग सेंटर के लिए चुने गए हैं।

**समाजसेवीयो ने अंग वस्त्र, भारत माता का चित्र भेट कर दिया आशीर्वाद**

रवाना होने से पहले खड़िया गांव में युवा समाजसेवी रंजीत सिंह शाक्य के आवास पर सम्मान समारोह हुआ। वरिष्ठ समाजसेवी सोमवर्धन पाण्डेय व सीमा जागरण मंच के प्रांत सह प्रचार प्रमुख योगेन्द्र मौर्य उर्फ पिन्टू मौर्य ने अंग वस्त्र पहनाकर व भारत माता का चित्र देकर तीनों को सम्मानित किया। जिला युवा प्रमुख राहुल पोरवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र मद्धेशिया, राजकुमार सिंह, सुनील मौर्या, कृष्णा बजरंगी ने माल्यार्पण कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व प्रधान उमेश चौहान, रमेश गिरि, अज्जु वर्मा, पंकज मौर्या, अशोक मौर्य समेत ग्रामीणों ने खुशी खुशी आगे के सफर के लिए विदा किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ समाज सेवी सोमवर्धन पाण्डेय ने कहा कि 'अग्निवीर योजना ने गांव के युवाओं के सपनों को पंख दिए हैं। ये तीनों युवा अब हजारों युवाओं का रास्ता रोशन करेंगे'। योगेन्द्र मौर्य ने कहा, 'खपरा वन चौकी के जंगली ट्रैक का हर पेड़ पौधा इन बच्चों के हौसले का गवाह है।

# बास्केटबॉल लीग का हुआ शुभारंभ

## 10 टीमों ने लीग में किया प्रतिभाग



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन (DBA) के तत्वावधान में स्थानीय इंदिरा गांधी स्टेडियम में '3×3 बास्केटबॉल लीग' के पहले संस्करण का आज भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि बास्केटबॉल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जॉय रायतानी रहे। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया व विधिवत रूप से गेंद को बास्केट में डालकर लीग की शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियो को संबोधित करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है, लेकिन मैदान पर आपका आपसी तालमेल और एक-दूसरे का साथ ही आपको एक सच्चा विजेता बनाता है। इस कोर्ट पर आपकी हर एक ड्रिबल, पास और बास्केट आपकी महीनों की कड़ी मेहनत, पसीने और खेल के प्रति आपके कड़े अनुशासन को दर्शाती है। लीग में जनपद की 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन मुकाबला ट्रिपल थ्रेट्स व दी जोकर्स के बीच खेला गया। जिसमें ट्रिपल थ्रेट्स ने 13-11 के अंतर से उद्घाटन मुकाबला जीत लिया।

# फर्जी अस्पतालों, पैथोलॉजी व डायग्नोस्टिक सेंटर पर प्रशासन का कहर

## मटेरा में छापा पड़ते ही मची भगदड़, 2 अस्पताल सील एक को नोटिस

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**




मटेरा बाजार में अवैध तरीके से चल रहे अस्पतालों और क्लीनिकों पर गुरुवार को प्रशासन ने ऐसा करारा प्रहार किया कि पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लंबे समय से इन कथित अस्पतालों पर जब जिले की टीम ने अचानक धावा बोला, तो कई संचालकों के होश उड़ गए। कार्रवाई की खबर मिलते ही कई अस्पताल मालिक अपने-अपने क्लीनिकों के शटर गिराकर मौके से रफूचक्कर हो गए। ताबड़तोड़ छापेमारी के दौरान प्रशासन ने साहू क्लीनिक मटेरा बाजार, उमर क्लिनिक मटेरा बाजार, अपोलो डायग्नोस्टिक, चरक पैथोलॉजी, डिजिटल वर्ल्ड पैथोलॉजी को तत्काल सीज कर दिया, जबकि नवोदय हॉस्पिटल मटेरा पर नोटिस चस्पा कर सख्त चेतावनी दे दी गई। इस बड़ी कार्रवाई के बाद पूरे मटेरा बाजार इलाके में खलबली मच गई और अवैध रूप से अस्पताल चला रहे लोगों में दहशत फैल गई। सीएमओ डॉ संजय कुमार शर्मा ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन और नियमों को ताक पर रखकर अस्पताल चलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अगर फिर भी ऐसे अस्पताल संचालित होते पाए गए तो उनके खिलाफ सीधी एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस अभियान में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम मौजूद रही।

### किशोर न्याय बोर्ड बहराइच की प्रधान मजिस्ट्रेट ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिला कारागार बहराइच का निरीक्षण किशोर न्याय बोर्ड बहराइच प्रधान मजिस्ट्रेट सुश्री निधि वर्मा सदस्य किशोर न्याय बोर्ड बहराइच संजय अवस्थी जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवासीय बैरक को की स्थिति साफ सफाई व्यवस्था भोजन की गुणवत्ता तथा बालकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं का बारीकी से परीक्षण किया प्रधान मजिस्ट्रेट ने बैंकों में प्रकाश वेंटिलेशन स्वच्छ पेयजल व चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेते हुए सुधारात्मक सुझाव दिए बालकों की खेल; पुस्तकालय सुविधाओं को बढ़ाने के सुझाव दिए महिला बैरक का निरीक्षण के दौरान महिलाओं और उनके साथ रह रहे बच्चों का बच्चों को भी देखा।

# 50 साल से बसे परिवारों पर बुलडोजर का साया

## हाईकोर्ट की रोक के बाद भी ग्रामीणों में दहशत



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** दशकों से अपने आशियाने में रह रहे परिवारों पर प्रशासनिक कार्रवाई का खतरा मंडराने लगा है। मधवापुर के मजरा फटवा में करीब 50 वर्षों से निवास कर रहे परिवारों का आरोप है कि राजस्व अभिलेखों में बदलाव कर उन्हें बेदखल करने और उनकी जमीन पर पौधारोपण कराने की तैयारी की जा रही है। मामले ने तब गंभीर मोड़ ले लिया जब प्रभावित पक्ष को अपने घरों पर बुलडोजर चलने की आशंका सताने लगी। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग ककरहा रेंज के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र के कई परिवारों पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। उनका आरोप है कि वर्षों से बसे लोगों को बिना पर्याप्त सुनवाई और स्पष्ट प्रक्रिया के उजाड़ने की कोशिश की जा रही है। इससे प्रभावित परिवारों में भय और असुरक्षा का माहौल है। मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ तक पहुंचा, जहां न्यायालय ने परिस्थितियों की गंभीरता को देखते हुए अगली सुनवाई तक किसी भी प्रकार की ध्वस्तीकरण या बेदखली की कार्रवाई पर रोक लगा दी। अदालत ने प्रशासन से जवाब भी तलब किया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि कोई परिवार आधी सदी से किसी भूमि पर रह रहा है, तो उसके अधिकारों और दावों की निष्पक्ष जांच किए बिना कार्रवाई की जल्दबाजी क्यों दिखाई जा रही है? क्या प्रशासनिक प्रक्रिया में प्रभावित पक्ष को पूरा अवसर दिया गया? यही प्रश्न अब न्यायालय के समक्ष भी है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि न्यायालय की रोक के बावजूद उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह केवल एक भूमि विवाद नहीं बल्कि न्यायिक आदेशों के सम्मान और नागरिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय बन जाता है। अब पूरे क्षेत्र की निगाहें हाईकोर्ट की अगली सुनवाई पर टिकी हैं।

# खबरें एक नजर में

### जनपद में 28 जून से शुरू होगा विशेष पल्स पोलियो अभियान

**शून्य से पांच वर्ष तक के 5.77 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो रोधी दवा**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** आगामी 28 जून से शुरू होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिले में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। अभियान के तहत जनपद के शून्य से पांच वर्ष तक के 5.77 लाख बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र बच्चा दवा पीने से वंचित न रहे। बुधवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो उन्मूलन की उपलब्धि को बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य, बाल विकास एवं अन्य सहयोगी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा अभियान की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। **सभी तैयारियां पूरी, टीमें रहेंगी सक्रिय-** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बूथ संचालन, घर-घर भ्रमण, पर्यवेक्षण और निगरानी के लिए विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। अभियान की निगरानी के लिए 365 सुपरवाइजर तैनात किए जाएंगे। आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीएचओ तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मुइनुद्दीन चिस्ती ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन जिले में 1980 फिक्स्ड बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद छूटे हुए बच्चों तक पहुंचने के लिए 1171 हाउस-टू-हाउस टीमें घर-घर भ्रमण करेंगी। वहीं बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर 75 ट्रांजिट टीमें तथा दूरस्थ एवं विशेष क्षेत्रों के लिए 45 मोबाइल टीमें तैनात की जाएंगी। **प्रवासी और वंचित परिवारों के बच्चों पर रहेगा विशेष ध्यान-**जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ईंट-भट्टों, निर्माण स्थलों, घुमंतू एवं प्रवासी परिवारों के बच्चों को अभियान में विशेष प्राथमिकता दी जाए। इन स्थलों पर रहने वाले बच्चों तक पहुंचने के लिए विशेष रणनीति अपनाई जाएगी और मोबाइल व ट्रांजिट टीमें सक्रिय रूप से कार्य करेंगी, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि अभियान की प्रगति की समीक्षा प्रतिदिन ब्लॉक एवं जिला स्तर पर की जाएगी। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे 28 जून को अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत बनाने में सहयोग करें।

### सीएचसी कटरा बाजार में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में महिला कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटरा बाजार में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डा. अरुण कुमार सिंह ने केक काटकर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता फैल रही है। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर ने कहा कि शासन व निदेशालय के निर्देश पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर किया जाना है, आज उक्त के क्रम में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ,साथ ही यह भी बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना सरकार की महत्वाकांक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं का उत्थान है। उन्हें शिक्षित बनाकर समाज से जोड़ना है। जेण्डर स्पेशलिस्ट राज कुमार आर्य ने महिलाओं व अन्य लोगों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी देते हुए महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी,साथ ही यह भी बताया कि जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में चलाये जा रहे इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जन्म लेने वाली 11 बच्चियों को हिमालया बेबी किट कपड़ा व तौलिया वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं के पम्पलेट भी वितरित किये गये। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार राव, एम0ओ0आई0सी0 डॉ0 इंदु राणा बीसीपीएम धनिक राय, डब्ल्यू आईबी शशिलता आदि मौजूद रहीं।

# सरयू नहर किनारे पेड़ से लटकता मिला अधेड़ महिला का शव



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली नानपारा क्षेत्र के हुसैनीपुरवा इलाके में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अधेड़ महिला का शव सरयू नहर के पास एक पेड़ से लटकता हुआ मिला। मृतका की पहचान नानपारा क्षेत्र के बहला गांव निवासी करीब 50 वर्षीय गुड़िया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला अपनी बेटी को उसके घर छोड़ने गई थी और वहां से वापस लौट रही थी। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई और उसकी तलाश शुरू की गई। इसी दौरान हुसैनीपुरवा स्थित सरयू नहर के पास एक पेड़ से उसका शव लटकता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और हर पहलू को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस व बदमाशों में मुठभेड़, 25 हजार के इनामी बदमाश के पैर में लगी गोली

- दो आरोपी मौके से हुए फरार, गिरफ्तारी के लिए तलाश जारी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के बौंडी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी हिस्ट्रीशीटर अपराधी असलम घायल हो गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लगी, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, थाना बौंडी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम और थाना बौंडी पुलिस को लगाया गया था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि खैरा बाजार से आगे कुदई मार्ग पर कुछ अपराधी चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।गिरफ्तार घायल बदमाश की पहचान असलम पुत्र नदीम निवासी सारी मेहराबाद, थाना रामगांव के रूप में हुई है।तलाशी के दौरान उसके पास से 16 हजार रुपये नकद, दो जोड़ी पायल, आठ बिछिया, एक देशी तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि असलम के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में चोरी, गैंगस्टर समेत करीब दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

वह थाना रामगांव का हिस्ट्रीशीटर है तथा थाना फखरपुर में गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। फरार बदमाशों की पहचान में एक आरोपी फिरोज है, जो थाना बौंडी क्षेत्र का निवासी है। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

# लखनऊ कोचिंग अग्निकांड में दिवंगत छात्रों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

- छात्रों की स्मृति में शोक सभा का आयोजन



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** वन्देमातरम एसोसिएशन के बैनर तले एवं यूथ इंकलाब टीम उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में लखनऊ के एक कोचिंग संस्थान में हुए दर्दनाक अग्निकांड में असमय काल कवलित हुए 16 प्रतिभाशाली छात्रों की स्मृति में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। शोक सभा को संबोधित करते हुए यूथ इंकलाब टीम के अध्यक्ष श्रेयांश यशस्वी ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद, हृदयविदारक एवं समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने दिवंगत छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरकार को पीड़ित परिवारों की हरसंभव सहायता करनी चाहिए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने चाहिए। प्रदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यूथ इंकलाब टीम प्रदेशभर में राष्ट्रहित एवं समाजसेवा के प्रति समर्पित युवाओं को संगठित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि संगठन जनहित एवं पीड़ितों से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा तथा न्याय दिलाने के लिए संघर्षरत रहेगा। जे.के. मौर्य एवं एस.के. मौर्य ने यूथ इंकलाब टीम द्वारा आयोजित इस शोक सभा की सराहना करते हुए युवाओं से लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप समाज और राष्ट्र की सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने दिवंगत छात्रों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि एवं शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर गुंजन मिश्रा, राहुल, अमन, रविकांत वर्मा एवं नितीश ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए दिवंगत छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति प्रकट की। कार्यक्रम में प्रदीप राठौर, लुकमान, सुशील, प्रवीण वर्मा, राहुल पोरवाल, अरमान, देवेश, कृष्ण कुमार, अमरदीप तथा समाजवादी नेत्री ललिता हरेंद्र पासवान सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता कर दिवंगत छात्रों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### आईजी अमित पाठक के तबादले के बाद शुरू हो गई फिर से डग्गा मारी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** बताते चलें कि जिले में जब तक पुलिस महा निरीक्षक अमित पाठक की तैनाती थी तब तक इनकैन चौराहे पर डग्गा मार वाहनों पर प्रतिबंध लग चुका था किंतु जैसे ही उनका तबादला हो गया उनके जगह पर नए पुलिस उप महानिरीक्षक की जिले में तैनाती हुई तो डग्गा मार वाहनों की भरमार शुरू हो गई इनकैन पुलिस चौकी के सामने और बगल में सरेआम प्राइवेट बसें खड़ी होती है तथा चौराहे पर फोर व्हीलरों की भरमार हो जाती है पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है क्योंकि अब उन्हें किसी अधिकारी का भय नहीं रह गया है या फिर डग्गा मार वाहन के स्वामियों और पुलिस प्रशासन के बीच कोई लंबी डील हो गई है।

# ज्वाय इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम का भव्य उद्घाटन

## पर्यावरण अनुकूल वाहनों को मिलेगा बढ़ावा: सूरज सिंह



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** शहर के सर्कुलर रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार को ज्वाय इलेक्ट्रिक बाइक शोरूम का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। शोरूम का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सूरज सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सूरज सिंह ने कहा कि बढ़ती पेट्रोल कीमतों और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को देखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बाइक न केवल किफायती हैं, बल्कि प्रदूषण कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में ज्वाय इलेक्ट्रिक का यह नया शोरूम जिले के लोगों को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल परिवहन का बेहतर विकल्प उपलब्ध कराएगा। उद्घाटन समारोह में कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट ओम प्रकाश गुप्ता, डीलर राकेश कुमार अग्रवाल सहित देवेंद्र सिंह, मौसम गर्ग, यश गर्ग, आकाश गर्ग, अर्चित अग्रवाल, वंश अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, गौरव मोदनवाल, देवेश बंसल, प्रांशु नेवटिया, शिवम नेवटिया एवं शगुन रस्तोगी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जर्जर एलटी लाइन से लगी भीषण आग, ग्रामीणों में आक्रोश



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** ग्राम सभा उधरना सरहदी के भोला पुरवा गांव में बुधवार रात जर्जर विद्युत लाइन से निकली चिंगारी के कारण भीषण आग लग गई। आग की घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों के अनुसार, गांव की एलटी लाइन लंबे समय से जर्जर हालत में है और गांव में लगा ट्रांसफार्मर भी क्षमता से कम है। इसके चलते अक्सर ओवरलोडिंग और स्पार्किंग की समस्या बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार आईजीआरएस पोर्टल, विद्युत विभाग के हेल्पलाइन नंबर तथा स्थानीय अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। ग्रामीण धर्मेंद्र शुक्ला, विवेक शुक्ला, दादू शुक्ला, राजेश शुक्ला, अवधेश शुक्ला, संतोष, मोहित सहित अन्य लोगों ने बताया कि गांव में लगभग हर वर्ष ऐसी घटनाएं होती हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।

**एसडीओ ने दिया आश्वासन**

मामले में जब एसडीओ विद्युत, विशेश्वरगंज से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि गांव की जर्जर एलटी लाइन को बदलने की प्रक्रिया चल रही है। विभाग द्वारा लाइन बदलने का कार्य कराया जा रहा है, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि जब तक नई लाइन और पर्याप्त क्षमता वाला ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जाता, तब तक खतरा बना रहेगा। उन्होंने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से शीघ्र कार्य पूरा कराने की मांग की है।

**अदालती सूचना**

तारीख पेशी 01-07-2026, वाद संख्या D202504710001689

**न्यायालय श्रीमान जिला अधिकारी महोदय जनपद-अमेठी**

नीतू आदि **बनाम** राम अजोर आदि (1.श्रीमती सरिता देवी पत्नी रामदीन कोरी निवासीः वार्ड नंबर 8, गंगागंज, परगना/ तहसील/ जिला अमेठी। 2. फूल कली पत्नी स्वर्गीय राम लौट निवासीः ग्राम-अरसनी, माजरा भेटुआ परगना/तहसील-अमेठी, जिला-अमेठी) चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में धारा 30(2) उ.प्र.रा.स.यह आवेदन किया है। अतः आपको एतत् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 200... के दिवस को पूर्वान्ह या सम्यक रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जाएगा और आधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2026 के दिवस को निकाली गई।

**न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, जनपद-अमेठी**

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शुक्रवार 26 जून, 2026



# अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता जन-जीवन की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण

## बस अड्डों, प्रमुख मार्गों, टोल प्लाजा, सीमाओं पर सघन जांच की जाए : दयाशंकर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने स्लीपर बसों, स्कूल बसों, स्टेज कैरिज बसों एवं कान्ट्रैक्ट कैरिज बसों में अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता एवं कार्यशीलता सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

नागरिकों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता एवं जिम्मेदारी भी है। लखनऊ में एक चार मंजिला कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लगने की गंभीर घटना घटित होने के उपरान्त स्पष्ट है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



**▸ वाहनों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता एवं उनकी प्रभावशीलता अत्यंत आवश्यक**

परिवहन मंत्री ने कहा है कि यात्री वाहनों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक यात्रा करते हैं। ऐसी स्थिति में वाहनों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता एवं उनकी प्रभावशीलता अत्यंत आवश्यक है, जिससे किसी भी आकस्मिक अग्नि दुर्घटना की स्थिति में प्रारम्भिक स्तर पर आग पर नियंत्रण स्थापित कर यात्रियों की सुरक्षा की जा सके। केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के नियम-128 के उपनियम (13)(3) के अनुसार प्रत्येक पर्यटक यान अग्निशमन यंत्र से सुसज्जित होना आवश्यक है।परिवहन मंत्री ने स्कूल बसों की विशेष जांच करने पर जोर दिया है। आगामी 1 जुलाई से सभी शैक्षणिक संस्थान खुलेंगे। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्कूल बसों के संचालन हेतु निर्गत सुरक्षा मानकों के अन्तर्गत भी अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता अपेक्षित है। जुलाई माह में संपूर्ण प्रदेश में व्यापक अभियान चला कर जांच की कार्रवाई करने एवं प्रतिदिन इसकी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। जिन वाहनों में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध न हो अथवा अग्निशमन यंत्र कार्यशील अवस्था में न पाया जाये अथवा उसकी वैधता समाप्त हो चुकी हो, ऐसे वाहनों की कमियों के निराकरण तक फिटनेस प्रमाण-पत्र निर्गत न किया जाये तथा नियमानुसार कार्रवाई की जाये।

### अभियान चलाकर सघन जांच करने के दिये निर्देश

प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा विशेष अभियान चलाकर बस अड्डों, प्रमुख मार्गों, टोल प्लाजा, जनपद सीमाओं तथा अन्य उपयुक्त स्थानों पर उपरोक्त श्रेणी के वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए हैं। जांच के दौरान अग्निशमन यंत्र न पाये जाने अथवा निर्धारित मानकों के अनुरूप न होने की स्थिति में मोटरयान अधिनियम, 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के प्रासंगिक प्रावधानों के अन्तर्गत प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने परिवहन मंत्री के निर्देशों के अनुपालन के लिए अधिकारियों को आदेश जारी किए है। अधिकारी अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन उत्तर प्रदेश को प्रतिदिन की कार्रवाई का विवरण उनकी ईमेल पर उपलब्ध कराएं।

# कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का नतीजा था आपातकाल : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आपातकाल कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का नतीजा था।

केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में गुरुवार को लिखा कि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून, 1975 वह काला दिन है, जब कांग्रेस, खासकर तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'सत्ता के अहंकार' में चूर होकर देश पर आपातकाल थोपा था। इसके ज़रिए उन्होंने संविधान को अपने शिकंजे में कसकर जनता के मूलभूत अधिकारों और लोकतांत्रिक संस्थाओं की



स्वतंत्रता पर जमकर प्रहार किया। उन्हें गहरी चोट पहुंचाई।

उप मुख्यमंत्री ने लिखा कि 'संविधान हत्या दिवस' हमें उस काले दौर की याद दिलाता है, जब असहमति की आवाज़ों को कुचला गया, प्रेस की स्वतंत्रता पर पहरा बिठाया गया और लोकतंत्र सेनानियों को बेरहमी से जेलों की सलाखों के पीछे डाल दिया गया। यह आपातकाल कांग्रेस की 'तानाशाही मानसिकता' का नतीजा था। केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा लोकतंत्र की रक्षा के लिए तब की प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अडिग रहकर संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों का साहस, त्याग और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। इस काले दौर का डटकर मुकाबला करने वाले उन सभी लोकतंत्र सेनानियों को बारंबार कोटि-कोटि नमन।

## खबरें एक नजर में

### विकासनगर झुग्गी-झोपड़ी अग्निकांड के पीड़ित फिर लाक्षागृह की ओर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शासन–प्रशासन की अनदेखी और क्षेत्रीय नेताओं ने वोटबैंक की खातिर लगभग दो माह से अधिक पूर्व रिंगरोड विकासनगर में हुये भीषण अग्निकांड में स्वाहा हुयी झुग्गी–झोपड़ियों के पीड़ितों को एक बार फिर खतरों की खाई में धकेल दिया है। मालूम हो बीते अप्रैल के मध्य यहां हुये भीषण अग्निकांड में सैकड़ों झोपड़ियां जलकर राख हो गयी थी और मासूमों को जान से हाथ धोना पड़ा था। इस बड़े हादसे के बाद पीड़ितों के लिये स्थायी समस्या का समाधान के लिये प्रयास न कर अग्निकांड स्थल सरकारी जमीन पर अवैधानिक रूप में न सिर्फ झुग्गी–झोपड़ियां बनवा दी गयी और उसमें हैदराबाद की एक राजनैतिक दल ने अपने झण्डे भी लगवा दिये, और बिजली आदि की सुविधायें अवैधानिक रूप से दिलवाने में जुटे हुये है। अर्थात वोटबैंक के तथाकथित लालची नेताओं ने प्रशासन के साथ मिलकर पूरे क्षेत्र को एक बार फिर लाक्षागृह बनाकर वहां रह रहे लोगों को खतरे में डाल दिया है। जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते हुये यहां बसे लोगों को जांच कर सुरक्षित स्थानों पर बसाने का कार्य करें और बीते अप्रैल में हुये भीषण अग्निकांड के बाद शासन प्रशासन के अधिकारियों की अनदेखी और अप्रत्यक्ष रूप में पुन: अवैधानिक रूप से झुग्गी–झोपड़ियों को बसाने में सहयोग करने वालों के खिलाफकड़ी काररवाई की जाये। मालूम हो कि अग्निकांड के बाद पीड़ितों का कहना था कि सरकार की ओर से उन्हें पीएम आवास योजना के अन्तर्गत आवास उपलब्ध करा दिया जाये तो कोई भला झुग्गी झोपड़ी में क्यों रहना चाहेगा।

### मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला से चेन लूटने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जानकीपुरम क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला से चेन लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से लूटी गई दो टूटी हुई चेन और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, 21 जून को जानकीपुरम के सेक्टर–एफनिवासी रश्मि भटनागर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सुबह 7 बजे वह अपने पति आलोक कुमार के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकली थी। उषा वाटिका पार्क के पास टहल रही थी। तभी बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से चेन लूट ली। मामले में जानकीपुरम थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान टीम ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को सीडीआरआई रोड से आरोपी राजपाल उर्फदीपक कुमार (29) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से सीतापुर संधना के गढ़ी खेरवा गांव का रहने वाला है और मौजूदा समय में बीकेटी के बरगदी इलाके में किराए पर रहकर पेंटिंग का काम करता है। पूछताछ में आरोपी ने जानकीपुरम की वारदात कबूल कर ली। उसके पास से लूटी गई चेन और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने करीब 15 दिन पहले बीकेटी क्षेत्र में भी चेन लूट की एक अन्य वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने बीकेटी थाने से संपर्क किया तो मुकदमा दर्ज मिला। उस मामले में छीनी गई एक टूटी चेन भी आरोपी के कब्जे से बरामद हुई है। आरोपी ने बताया वह महंगे शौक के चलते चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास और अन्य मामलों में संलिप्तता की जांच की जा रही है।

### पूर्व एमएलसी के बेटे ने दुकानदार पर तानी पिस्टल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के हजरतगंज स्थित श्रीराम टावर में बुधवार रात सपा के पूर्व एमएलसी जयचंद भदौरिया के बेटे विवेक सिंह ने मोबाइल दुकानदार पर पिस्टल से फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली मिस हो गई। इसके बाद उसने दुकानदार के सीने पर पिस्टल की नोक से कई वार किए। गाली–गलौज करके जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद मौके से फरार हो गया। इससे नाराज दुकानदारों ने हजरतगंज कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन किया। पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। हालांकि, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। महबूबगंज सहादतगंज निवासी काविश अदित श्रीराम टावर में अर्जुन गुप्ता के साथ पार्टनरशिप में मोबाइल वाला नाम से दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया दुकान पर बुधवार रात करीब 9रू54 बजे एक युवक मोबाइल लेने पहुंचा। उससे कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर युवक ने पिस्टल निकालकर धमकाना शुरू कर दिया। पीड़ित दुकानदार का आरोप है कि युवक ने गाली–गलौज करते पिस्टल निकाल ली। पिस्टल से फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली नहीं चली। इसके बाद आरोपी ने पिस्टल से सीने पर वार कई वार किए। जिससे उन्हें काफी चोट आई। आरोपी ने सीने पर पिस्टल सटाकर गोली मारने की धमकी दी। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई है। शोर–शराबा सुनकर आसपास के दुकानदार और लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देख आरोपी वहां से फरार हो गया। घटना के बाद व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। देर रात बड़ी संख्या में व्यापारी हजरतगंज कोतवाली पहुंचे। पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। दुकानदार गुप्ता ने कहा कि हमारे पास आरोपी का मोबाइल और गाड़ी नंबर है। फोटो और अन्य सारी डिटेल है। करीब दो–तीन घंटे से कोतवाली में खड़े हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले में कार्रवाई की मांग की। पुलिस के मुताबिक, दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान इटावा के पूर्व सपा एमएलसी जयचंद भदौरिया के बेटे विवेक सिंह के रूप में की गई। वह डालीगंज में रहता है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। हजरतगंज इंस्पेक्टर विक्रम सिंह का कहना है आरोपी विवेक सिंह इटावा के पूर्व सपा एमएलसी जयचंद भदौरिया का बेटा है। इसके पहले वह सुसाइड करने का प्रयास कर चुका है।

# ए.के. शर्मा ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



**▸ प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने व उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध**

जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर पहुंचे। इनमें नगर निकायों की सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सीवर एवं जल निकासी की समस्याएं, विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर स्थापना एवं क्षमता वृद्धि, विद्युत आपूर्ति से जुड़े प्रकरण, आवास योजनाओं के लाभ, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न जनसुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

मंत्री ने एक-एक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने तथा शिकायतकर्ताओं को यथाशीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई केवल शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच सीधे संवाद तथा विश्वास को मजबूत करने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत आपूर्ति, नए कनेक्शन, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि तथा अन्य तकनीकी मामलों से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। वहीं नगर विकास विभाग के अधिकारियों को सफाई, पेयजल, सीवर, जलभराव, आवास एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अब तक 75 जनपदों में 1500 से अधिक युवा पर्यटन क्लब गठित : जयवीर सिंह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

युवा पर्यटन क्लब के अंतर्गत की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालन करने के लिए 03 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। युवा पर्यटन क्लब का मुख्य उद्देश्य युवाओं को पर्यटन राजदूतों के रूप में विकसित करना है। इन पर्यटन क्लबों की प्राकृतिक संपदा के संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवा पर्यटन क्लबों में विभिन्न स्कूलों एवं कालेजों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शामिल किया गया है। अब तक 75 जनपदों में 1500 से अधिक युवा पर्यटन क्लब गठित करते हुए 30 हजार से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ा गया है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं



संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि युवा पर्यटन क्लबों द्वारा रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों में पर्यटन के प्रति रूचि जगाने के साथ ही रचनात्मक कार्यों को प्रोत्साहित और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। उ.प्र. में पर्यटन के क्षेत्र में तीव्र गति से विकास हो रहा है। युवाओं के लिए इस क्षेत्र में कैरियर की असीम संभावनायें हैं।

# पीलीभीत में शुरू होगी लेपर्ड सफारी, लखनऊ में बनेगा स्नैक वेनम एक्सट्रैक्शन सेंटर



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने गुरुवार को बापू भवन स्थित कार्यालय कक्ष में पीलीभीत टाइगर रिजर्व, दुधवा नेशनल पार्क, इटावा लायन सफारी, कानपुर प्राणी उद्यान एवं नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान, लखनऊ की प्रगति एवं कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में वन्यजीव संरक्षण, पर्यटक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

डॉ. सक्सेना ने कहा की जनपद पीलीभीत में लेपर्ड की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए वहां शीघ्र ही एक अत्याधुनिक लेपर्ड सफारी विकसित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर लिया गया है तथा परियोजना को जल्द धरातल पर उतारने के निर्देश दिए गए हैं। यह सफारी प्रदेश में वन्यजीव पर्यटन को नई पहचान देने के साथ-साथ पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण केंद्र बनेगी। इटावा लायन सफारी की समीक्षा के दौरान वहां की आधारभूत सुविधाओं एवं लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कहा गया कि सफारी में आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाएं। बैठक में लखनऊ में स्नैक वेनम एक्सट्रैक्शन सेंटर की स्थापना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। निर्देश दिए गए कि इस महत्वपूर्ण परियोजना को जल्द से जल्द मूर्त रूप दिया जाए, जिससे सर्पदंश उपचार, विष अनुसंधान तथा जनहित से जुड़े कार्यों को नई गति मिल सके। सभी चिड़ियाघरों के निदेशकों को निर्देशित किया गया कि प्राणी उद्यानों में वन्यजीवों की उपलब्धता, स्वास्थ्य एवं संरक्षण संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नवीन गतिविधियों, सुविधाओं और जन-जागरूकता कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आगंतुकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो। बैठक में वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा प्रदेश में पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चल रही योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

# तीर्थ यात्रियों के लिए रसद सामग्री कश्मीर रवाना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को श्री अमरनाथ सेवा संस्थान प्रताप मार्केट अमीनाबाद द्वारा 34वां विशाल भण्डारा, बेस कैंप, मनीगाम कश्मीर में दिनांक 1 जुलाई 2026 से प्रभु इच्छा तक आयोजित किया जायेगा।

इस आयोजन के लिए आज निष्काम भाव से तीर्थ यात्रियों के लिए रसद सामग्री सेवादारों को ट्रकों के माध्यम से बृजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने शिव पूजन कर झन्डी दिखाकर कश्मीर के लिए रसद सामग्री को रवाना किया ।

इस शुभ अवसर पर आचार्य राजेश शुक्ल, पंडित कार्तिक शुक्ल,



पंडित ओम शुक्ल ने विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारकर पूजन को सम्पन्न करवाया। संस्था के महामंत्री ओम प्रकाश निगम ने बताया कि इस बार 1 जुलाई 2026 से 34 वां विशाल भण्डारा आरंभ होने जा रहा है हमारे संस्थान द्वारा अमरनाथ यात्रियों को निःशुल्क चाय, नाश्ता, शुद्ध देशी घी से निर्मित भोजन साथ में जलेबी ,इमरती, लखनवी चाट, बताशे, इडली, डोसा, साम्बर, कई प्रकार का मिष्ठान्न आदि वितरित किया जाएगा। विश्रामगृह, कम्बल एवं क्लाक रूम सेवा उपलब्ध रहेगी। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुधाकर त्रिपाठी, राजेन्द्र अग्रवाल, साकेत शर्मा, अमरनाथ मिश्रा, डाक्टर अनिल रस्तोगी, प्रदीप कुमार वर्मा (अध्यक्ष समाचार पत्र वितरक) मुकेश गुलाटी, अनिल शर्मा, मनोज अवस्थी, पंकज रस्तोगी, आनन्द सिन्हा, हरी कृष्ण रस्तोगी, अंकुर दीक्षित एवं सभी शिव भक्तों की उपस्थिति रही।

# शांति मार्च के माध्यम से दिवंगत छात्रों को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बीते दिनों अलीगंज में हुए भीषण अग्निकांड में दिवंगत होने वाले छात्र- छात्राओं को गुरुवार आलमबाग गुरुद्वारा की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई और एक शांति मार्च निकाला गया। यह मार्च गुरुद्वारा आलमबाग से प्रारंभ होकर रामनगर, आलमबाग क्रॉसिंग होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब पहुंचा।

शांति मार्च में शामिल संगत ने दिवंगत छात्र -छात्राओं की आत्माओं की शांति एवं उनके परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए अरदास की गई।




इस अवसर पर दशमेश पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल सरबजीत कौर एवं विद्यालय के शिक्षकगण भी शांति मार्च में शामिल हुए।

मार्च में गुरुद्वारा कमेटी के सदस्य निर्मल सिंह, त्रिलोक सिंह, रतपाल सिंह, हरजीत सिंह सरला, राजेंद्र सिंह राजू, इकबाल सिंह, गुरदीप सिंह, इंदर पाल सिंह, भूपिंदर सिंह, परविंदर सिंह तथा इंदर मोहन चावला सहित बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया।

### उत्तर प्रदेश भाजपा की नई कार्यसमिति घोषित छह नए क्षेत्रीय अध्यक्ष भी बनाए गए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भाजपा उप्र के पदाधिकारियों की सूची घोषित कर दी गयी है। इसमें महामंत्री 8, उपाध्यक्ष 19, मंत्री 19 बनाए गए हैं। इसके अलावा पश्चिम, ब्रज, कानपुर, अवध, काशी और गोरखपुर के क्षेत्रीय अध्यक्ष घोषित किए गए हैं। मोर्चों के भी अध्यक्ष बनाए गए हैं।

**सराहनीय** | **यूपी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कर रही प्रभावी कार्य**

# योगी सरकार की छात्रवृत्ति योजना से लाखों छात्रों को मिला संबल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रभावी कार्य कर रही है। खासतौर पर पिछड़े वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में योगी सरकार की छात्रवृत्ति योजनाएं बेहद कारगर साबित हुई हैं। सरकार की पिछड़ा वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना लाखों छात्रों के लिए उम्मीद की नई किरण बनकर उभरी है। लाभार्थियों की संख्या के मामले में प्रयागराज जिला पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है।

प्रयागराज में सबसे ज्यादा 1.69 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति



**▸ प्रयागराज प्रदेश में सबसे आगे**

**▸ बड़ी संख्या में छात्रों तक पहुंच रहा छात्रवृत्ति योजना का लाभ**

का लाभ मिला है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मजबूत आधार दे रही है। योगी सरकार की इस पहल से लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिला है और छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का मार्ग आसान हुआ है।

वर्ष 2025-26 में पिछड़ा वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत करीब 27 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई है। प्रयागराज में 1,69489 छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ मिला है। प्रयागराज के बाद गाजीपुर जिला दूसरे स्थान पर रहा है, जहां 1.34 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई है। वहीं आजमगढ़ में 1.19 लाख से ज्यादा छात्रों को लाभ मिला है। इसी तरह जौनपुर में 1.15 लाख से अधिक छात्रों को योजना का लाभ मिला है, जबकि वाराणसी में 88,859 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। यह आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में छात्रवृत्ति योजना व्यापक स्तर पर प्रभाव छोड़ रही है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के निदेशक उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का कोई भी छात्र आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और अन्य पात्र वर्गों तक पहुंच रहा है।

### छात्र-छात्राओं के साथ ट्रांसजेंडरों को भी मिली सहायता

छात्रवृत्ति वितरण के आंकड़ों पर नजर डालें तो कक्षा 11-12 में 4,72,764 छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। जबकि 3,80,667 छात्रों और 2 ट्रांसजेंडरों को भी छात्रवृत्ति दी गई है। वहीं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 10,01,084 छात्राओं, 9,31,906 छात्रों और 8 ट्रांसजेंडरों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना केवल इंटरमीडिएट स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि उच्च शिक्षा और प्रोफेशनल कोर्स तक को कवर करती है। कक्षा 11 और 12 के छात्रों के साथ-साथ बीटेक, एमबीबीएस, एमबीए जैसे प्रोफेशनल कोर्स तथा बीए, बीएससी, बीकॉम, आईटीआई और पॉलिटेक्निक जैसे पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को भी इसका लाभ दिया जा रहा है।

# अयोध्या जमीन खरीद विवाद : आप सांसद संजय सिंह ने एसआईटी को दिए भूमि घोटाले के सबूत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अयोध्या राम मंदिर से जुड़े कथित जमीन घोटाले के मामले में गुरुवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) को जमीन घोटाले के सबूत सौंपे हैं। संजय सिंह सुबह करीब 11 बजे लखनऊ स्थित एसआईटी अध्यक्ष विजय विश्वास पंत के कार्यालय पहुंचे और करीब 12 मिनट तक वहां रहे। मुलाकात के बाद बाहर निकलने के दौरान उन्होंने दावा किया कि उन्होंने जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़े 11 अहम दस्तावेज जांच एजेंसी को दिए हैं।

मीडिया से बातचीत में संजय सिंह ने कहा कि राम मंदिर से जुड़े मामलों में कई तथ्य सामने आ चुके हैं। चढ़ावे



में कथित गड़बड़ी और जमीन खरीद से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध होने के बावजूद अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और न ही कोई एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति कई सवाल खड़े करती है और जांच को निष्पक्ष तरीके से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि कई जमीनों को पहले कम कीमत पर खरीदा गया और बाद में ट्रस्ट या उससे जुड़े लोगों को कई गुना अधिक कीमत पर बेचा गया। उन्होंने दावा किया कि कुछ मामलों में जमीन खरीदने और बाद में ट्रस्ट को बेचने वाले लोगों के बीच एक ही गवाह मौजूद थे। उनके अनुसार, इन सौदों में कुछ नाम बार-बार सामने आ रहे हैं, जिनकी भूमिका की जांच जरूरी है। आप सांसद ने दावा किया कि एक जमीन, जिसे पहले करीब पांच करोड़ रुपये से कम में खरीदा गया था, उसे बाद में आठ करोड़ रुपये में ट्रस्ट को बेचा गया। वहीं एक अन्य मामले में जमीन खरीदने के कुछ ही मिनट बाद उसे कई गुना अधिक कीमत पर ट्रस्ट को बेचने का आरोप लगाया गया। उन्होंने कुछ अन्य जमीनों के सौदों का भी उल्लेख किया, जिनमें कीमतों में भारी अंतर होने का दावा किया गया है।

# पेपरलेस रजिस्ट्री के विरोध में अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार जारी

- अधिवक्ताओं का ऐलानः जब तक आदेश वापस नहीं, हड़ताल पर रहेंगे अधिवक्ता

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन पुवायां के अध्यक्ष अजय पाण्डेय और महामंत्री कुमार गौरव शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रस्तावित पेपरलेस रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में गुरुवार को लगातार 12वें दिन धरना-प्रदर्शन जारी रखा। अधिवक्ताओं ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम पुवायां को सौंपते हुए सरकार से 4 जून 2026 को जारी प्रस्तावित आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की।



ज्ञापन में कहा गया कि पेपरलेस रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ता, स्टाम्प विक्रेता, दस्तावेज लेखक एवं तहसील से जुड़े अन्य लोग आंदोलन कर रहे हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक सरकार द्वारा उक्त आदेश वापस नहीं लिया जाता, तब तक सभी अधिवक्ता, स्टाम्प विक्रेता, बैनामा लेखक एवं अन्य



तहसीली कर्मचारी कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे तथा न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। बार एसोसिएशन पुवायां के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित व्यवस्था से आम जनता और अधिवक्ताओं को कई व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार कर इसे वापस लेना चाहिए। धरना-प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। उधर बार एसोसिएशन पुवायां के अध्यक्ष अजय पाण्डेय ने कहा पेपर लेस रजिस्ट्री का आदेश जब तक वापस नहीं होगा, यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा यदि जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और उग्र रूप देने को वह बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा जो व्यवस्था वर्षों से चली आ रही है और उससे हजारों लाखों परिवारों का भरण पोषण होता है, उसे बदलना न्यायोचित नहीं है। सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए जल्द वापस लेना चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### निर्जला एकादशी पर श्याम प्रेमियों ने किया शीतल शरबत वितरण



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर गुरुवार को नगर के बिसलपुर-खुदागंज मार्ग स्थित निगोही मोड़ के समीप श्याम प्रेमियों द्वारा शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और तपिश भरी दोपहर में हजारों राहगीरों एवं श्रद्धालुओं ने शरबत ग्रहण कर राहत महसूस की तथा इस पुण्य कार्य के आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम एक कन्या को शरबत पिलाकर किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को लगातार शीतल शरबत वितरित किया गया। आयोजन स्थल पर सेवा भाव और धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। श्याम भक्तों ने बताया कि यह सेवा कार्य प्रतिवर्ष निर्जला एकादशी के अवसर पर आयोजित किया जाता है। इस वर्ष यह कार्यक्रम लगातार पांचवें वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजकों का उद्देश्य भीषण गर्मी में लोगों की सेवा करना तथा धार्मिक एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह, मुकेश राठौर, दीपक राठौर, प्रकाश राठौर, उदय राठौर, भूपेंद्र सिंह, रामसिंह, पीयूष राठौर, निशु राठौर, आशु राठौर, प्रियल राठौर, दिव्यांश सिंह, केशव राठौर सहित अनेक श्याम भक्तों ने सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्री श्याम का स्मरण करते हुए सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया तथा भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

### खेत की मेड़ तोड़ने और पेड़ काटने की शिकायत

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के ग्राम कोटाबारी निवासी रामेश्वर दयाल ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि उसके खेत से सटे गांव के कुछ लोगों ने लगभग तीन माह पूर्व उसकी खेत की मेड़ तोड़कर अपने खेत में मिला ली थी। इस संबंध में उसने उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर भूमि की पैमाइश कराने की मांग की थी। रामेश्वर दयाल के अनुसार शिकायत पर एडीएम द्वारा राजस्व टीम गठित कर खेत की नाप कराने के आदेश भी जारी किए गए थे। इसके बावजूद विवादित भूमि का मामला लंबित रहने के दौरान पड़ोसियों ने जबरन खेत की मेड़ पर खड़े दो यूकेलिप्टस के पेड़ काट डाले। पीड़ित का कहना है कि इससे उसे आर्थिक नुकसान हुआ है और भूमि विवाद भी और अधिक बढ़ गया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ ही अनुरोध किया है कि जब तक राजस्व विभाग द्वारा खेत की पैमाइश पूरी न कर ली जाए, तब तक विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए जाएं, जिससे किसी प्रकार का नया विवाद उत्पन्न न हो सके।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव, पुलिस ने पीएम के लिए भेजा

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** बुधवार शाम एक व्यक्ति का शव गांव के बाहर आम के पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव नगरिया बुजुर्ग निवासी 48 वर्षीय राजपाल पिछले करीब सात वर्षों से समीपवर्ती गांव फूटाकुआं में अपनी बहन और बहनोई राजकुमार के घर रह रहा था। बुधवार शाम लगभग छह बजे कुछ ग्रामीण खेतों की ओर गए थे। इसी दौरान गांव के पश्चिम स्थित एक आम के पेड़ पर राजपाल का शव रस्सी के फंदे से लटका दिखाई दिया। यह दृश्य देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया तथा आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाला गिरफ्तार



**रोजा, शाहजहांपुर।** थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के एक आरोपी को गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया हैं। 22 जून को क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि 21 जून की दोपहर उसकी नाबालिग पुत्री अचानक घर से लापता हो गई, जो अपने साथ आधार कार्ड व अपनी मार्कशीट भी ले गई हैं। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि थाना सदर बाजार के हद्दप चैकी टावर वाली गली में रहने वाला शिवम उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पास्को एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार की शाम हरदोई बाईपास से बरेली की तरफ जाने वाले रास्ते से मुख्य आरोपी शिवम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### मारपीट व जाति सूचक गालियां देने के मामले में दंपती व बेटी नामजद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बच्चों के विवाद में उलाहना देने गई दलित परिवार के साथ मारपीट कर घायल किए जाने तथा जाति सूचक गालियां देने के मामले में पीड़ित ने पति पत्नी व बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी अनीता पत्नी स्व रामू बाल्मीकि ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 22 जून को बच्चो बच्चों के बीच झगडा हो गया था। जिसकी शिकायत लेकर वह बेटे आकाश के साथ मोहल्ले के ही रामभजन मौर्य के यहां गई थी। रामभजन , उनकी पत्नी व बेटी रेखा उलहाना सुनकर जाती सूचक गालियां देने लगे। विरोध करने पर रामभजन ने उसके बेटे आकाश के लाठी का प्रहार कर दिया। जो आकाश के कन्धे पर लगी और वह चोटिल हो गया। उसकी पत्नी तथा बेटी ने भी उसपर डन्डे चलाये। जिससे वह भी चोटिल हो गई। झगड़े की सुन उसकी बेटी मुस्कानभी आ गई। आरोप है कि इस दौरान रामभजन जान से मारने की धमकियां देता हुआ खेतो की ओर भाग गया। सीओ इशिका सिंह ने बताया कि घायलों का चिकित्सीय परीक्षण करा कर मारपीट व एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की पड़ताल की जा रही है।

### हाई कोर्ट के आदेश पर 12 साल बाद हटाया गया नल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** लंबे अरसे से चल रहे नल हटाने को लेकर विवाद में हाई कोर्ट के आदेश पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नल हटवा कर ग्राम पंचायत की सपुर्दगी में दिया गया। वहीं नल हट जाने से नाराज ग्रामीण ने रात में जमकर हंगामा काटा। कोतवाली क्षेत्र के गांव कपसेड़ा में शिव रतन गुप्ता के घर के पास करीब 12 वर्ष पुराना नल लगा हुआ था। नल काफी समय से खराब पड़ा था। इसको हटवाने के लिए शिवरतन गुप्ता ने प्रधान से कहा तो पड़ोस में रहने वाले नरवीर सिंह यादव ने इसका विरोध किया। और नल नहीं हटने दिया। विवाद हुआ तो शिव रतन गुप्ता कोर्ट की शरण में चले गए। कोर्ट के आदेश पर लेखपाल अतुल चैधरी ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में नल को उखड़वाकर ग्राम पंचायत में जमा करा दिया। इसकी रंजिश को लेकर रात में शिव रतन गुप्ता ने कुछ लोगों पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने एवं हथौड़ा से दीवार व बाइक तोड़ने का आरोप लगाया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए नल हटवाने की प्रक्रिया पूरी की गई। रात में हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और दोनों पक्षों के एक-एक लोगों को हिरासत में थाने ले आई है।

### पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर सौंपा गया ज्ञापन



**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार पेंशनर्स कक्ष में राजेश गिरी प्रांतीय संगठन मंत्री की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी के संचालन में मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें कई विभागों के पेंशनर्स उपस्थित हुए। प्रांतीय महामंत्री बीके तिवारी के निर्देश के आनुपालन में उत्तर प्रदेश के पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स की लंबित समस्याओं के निराकरण संबंधी 18 सूत्रीय ज्ञापन राज्यपाल को संबोधित तथा मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। पेंशनर्स के अधिकारों की रक्षा हेतु वैलिडेशन एक्ट 2025 को वापस लेने तथा पुरानी पेंशन योजना बहाल करने संबंधी 10 सूत्रीय ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित तथा प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री को पृष्ठांकित है। जिन्हें जिला अधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया, उक्त दोनों ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह को सौंप गए। उक्त ज्ञापन देने में राजेश गिरी प्रांतीय संगठन मंत्री, जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी, चंद्र प्रकाश मिश्रा, हर प्रसाद पाण्डेय, जगत राम वर्मा, सरोज कुमार श्रीवास्तव, गजेंद्र प्रसाद, शशि शेखर दीक्षित, चंद्रशेखर दिक्षित, अनिल कुमार दीक्षित, विजयलक्ष्मी दीक्षित, सुशील कुमार, राधा कृष्ण, राम किशोर मिश्रा, सुशील सक्सेना, हरि नंदन शर्मा, मुन्नालाल शर्मा, रामेंद्र मिश्रा, मीना कुमारी, सत्यदेव कश्यप, भानु प्रताप गुप्ता, सुनील कुमार दीक्षित, सूर्यकांत शुक्ला, मुरलीधर भोजवाल, मालती देवी, आशुतोष जोहरी, रामपाल सिंह, रामचंद्र, अनिल कुमार पाल, बृजरानी पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## रामगंगा नदी का जलस्तर में वृद्धि होने की संभावना से कीलापुर घाट पर बना पैंटून पुल हटाया गया



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** लोक निर्माण विभाग ने रामगंगा के जलस्तर में वृद्धि की संभावना में कीलापुर घाट पर बना पैंटून पुल भी हटा दिया है। अब यह पैंटून पुल सितंबर अक्टूबर के महीने में बाढ़ की संभावना खत्म हो जाने के फिर बना दिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के जेई ज्ञानेंद्र शर्मा ने बताया कि मिर्जापुर क्षेत्र में रामगंगा नदी के कीलापुर घाट पर बना अस्थाई पैंटून हटा दिया गया है। पैंटून पुल हटाए जाने के बाद आसपास के गांवों के बाशिंदों की सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग ने नाव उपलब्ध करवा दी हैं। जिससे बरसात के मौसम में ग्रामीण नाव से रामगंगा नदी को पार करके अपनी खेतीबाड़ी करने जा सकें। उन्होंने बताया कि पुल बरसात के बाद नदियों के जलस्तर में कमी आ जाने के बाद सितम्बर-अक्टूबर माह में पुनः पैंटून पुलों का निर्माण करवाया जाएगा।

## हाइवे पर टैंकर की टक्कर से ईको खड़ी बस से टकराकर खाई में पलटी

- ईको सवार दो लोगों की मौत, चार घायल
- हरदोई के पिहानी क्षेत्र से तिलहर के मौजमपुर आई थी बारात

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हाइवे पर तेज रफ्तार टैंकर की टक्कर से ईको कार बारात की खड़ी बस में टकराते हुए पलट गई। हादसे में ईको सवार दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे हरदोई जनपद के पिहानी क्षेत्र के गांव राभा से तिलहर के गांव मौजमपुर में एक बारात आई थी। बारातियों की बस सड़क पटरी पर खड़ी थी। इसी दौरान बारात में ही शामिल एक ईको भी आ गई। पीछे से ओवरटेक कर रहे तेज रफ्तार टैंकर की टक्कर लगते ही



ईको बारात की बस से टकराते हुए सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि ईको में सवार बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में गांव राभा निवासी अर्जुन पुत्र प्रसादी 40 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रामसेवक पुत्र भोगनाथ 55 निवासी नासिकखेड़ा ने मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में बबलू निवासी सहादतनगर, महादेव निवासी राभा, अनुराग निवासी राभा तथा सुशांत निवासी राभा सहित अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला मेडिकल कॉलेज भेजवाया। इस दौरान करीब एक घंटा तक यातायात प्रभावित रहा। जिसे पुलिस ने बाद में सुचारू कराया। मृतक रामसेवक के बेटे सचिन ने बताया कि उनके पिता दिल्ली में सिलाई का काम करते थे। बुधवार को थाना पुवायां क्षेत्र में रहने वाले एक रिश्तेदार के निधन पर वह अंतिम संस्कार में शामिल होने आए थे। इसके बाद अपने गांव राभा पहुंचे और वहीं से बारात में शामिल होकर ईको से मौजमपुर जा रहे थे। वहीं मृतक अर्जुन के भाई हरिश्चंद्र ने बताया कि अर्जुन भी दिल्ली में सिलाई का काम करते थे। और बारात में शामिल होने के लिए ईको से आए थे। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। मृतक रामसेवक की पत्नी रामदेवी, पुत्र सचिन तथा पुत्रियां बबीता, बबली और रूपरेखा का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं अर्जुन की पत्नी गोरा देवी, पुत्र आकाश और जीतू तथा पुत्रियां उमा और उर्वशी गहरे सदमे में हैं। सीओ इशिका सिंह ने बताया कि दुर्घटना कोतवाली क्षेत्र में हुई थी। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा तथा मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मेला स्पेशल रनथ्रू ट्रेन की चपेट में आकर युवक घायल

- राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान हुई मौत, शिनाख्त नहीं

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

गुरूवार की तड़के सुबह आनंद बिहार से लखनऊ की ओर जा रही रनथ्रू मेला स्पेशल ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात युवक गंभीर रूप में घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी व आरपीएफ मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल उसे उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंच भेज दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जीआरपी मृतक की शिनाख्त करने में जुटी हैं।

जीआरपी रोजा चैकी प्रभारी ने बताया कि गुरूवार की तड़के सुबह मेमो मिला कि रोजा जंक्शन के आगे गेट संख्या 316 व खंबा नंबर 1229 के पास आनंद बिहार से लखनऊ की ओर जा रही मेला स्पेशल रनथ्रू ट्रेन की चपेट में आकर एक 32 वर्षीय युवक गंभीर रूप में घायल हो गया हैं। जिसका एक हाथ कट गया हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा और गंभीर रूप में घायल युवक को



एंबुलेंस से उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जीआरपी आसपास के क्षेत्र में उसकी शिनाख्त में जुटी हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया हैं।

## प्रगतिशील किसान सरताज खान के गन्ना फार्म का वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने को प्रगतिशील किसान सरताज खान के गन्ना फार्म का भ्रमण कर विभिन्न गन्ना प्रजातियों का निरीक्षण किया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने खेत में तैयार की गई गन्ने की उन्नत किस्मों की स्थिति, वृद्धि तथा उत्पादन क्षमता का अवलोकन किया।निरीक्षण दल में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंद, डॉ. सुजीत प्रताप, डॉ. नीलम कुरील तथा रोजा शुगर मिल के प्रतिनिधि अजय पाल सिंह शामिल रहे। वैज्ञानिकों ने गन्ना उत्पादन को बढ़ाने तथा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने पर भी चर्चा की।इस अवसर पर प्रगतिशील किसान



तारिक खान उर्फ चुन्ना , फिरोज खान, रामलाल, जयलाल सिंह एवं जियाउल्ला सहित अन्य सम्मानित कृषक मौजूद रहे। किसानों ने वैज्ञानिकों से गन्ने की नई प्रजातियों, रोग नियंत्रण एवं बेहतर उत्पादन तकनीकों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत खेती अपनाने और गुणवत्तापूर्ण गन्ना उत्पादन के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।

### अक्सर नदी में नहाने जाते थे, लेकिन इसबार डूब गए राजीव उर्फ पन्ना

**गुरुवार को उतराता मिला शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा**

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र की पन्न घाट गोमती नदी में डूबे युवक का शव गुरुवार सुबह करीब सात बजे बरामद हुआ। परिजनों ने शव को नदी से बाहर निकाला। थाना क्षेत्र के गांव जेवा निवासी 35 वर्षीय राजीव उर्फ पन्ना बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे गर्मी से राहत पाने के लिए गोमती नदी के पन्न घाट पर नहाने गया था। और डूब गया। उसे तैरना आता था और वह अक्सर नदी में नहाता था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे डूबता देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से तलाश की गई और जाल भी डाले गए, लेकिन राजीव का पता नहीं चल सका।बुधवार शाम को एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे तक तलाशी अभियान चलाया, पर कोई कामयाबी नहीं मिली। अंधेरा होने के कारण बचाव अभियान रोक दिया गया। परिजन पूरी रात नदी के आसपास उसकी तलाश करते रहे। गुरुवार सुबह करीब सात बजे परिवार के सदस्य नदी के पास थे, तभी उन्हें एक शव पानी में उतराता हुआ दिखाई दिया। चीख-पुकार मच गई और लोगों ने मिलकर शव को नदी से बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि राजीव अविवाहित था और मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। थाना प्रभारी राजेंद्र रावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## खनौत नदी पुल से युवती ने लगाई छलांग, लोगों ने बचाया

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सिधौली क्षेत्र में बुधवार शाम खनौत नदी पुल पर उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया, जब एक युवती ने पुल से नदी में छलांग लगा दी। घटना शाम करीब 7 बजे की बताई जा रही है। हालांकि पुल के नीचे नदी किनारे मौजूद लोगों की सतर्कता से युवती को सुरक्षित बचा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती कुछ देर तक पुल पर खड़ी होकर नदी की ओर देखती रही। इसके बाद उसने अचानक पुल से छलांग लगा दी। युवती को नदी में गिरते देख वहां मौजूद एक युवक तुरंत उसकी ओर दौड़ा और पानी से बाहर निकलते समय उसे पकड़कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर युवक ने बताया कि उसने युवती को पुल पर खड़े देखा था। कुछ देर बाद उसने नदी में छलांग लगा दी। युवक ने बताया कि वह तुरंत दौड़कर नदी में पहुंचा और युवती को डूबने से बचा लिया। इस दौरान उसके कपड़े भी भीग गए, लेकिन युवती की जान बच गई। घटना की जानकारी मिलते ही युवती का भाई मौके पर पहुंच गया और उसे अपने साथ घर ले गया। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद के चलते युवती ने यह कदम उठाया। घटना के बाद पुल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और दोनों ओर लोगों की लंबी कतार लग गई। कुछ देर बाद स्थिति सामान्य हो गई।

## जन्मदिन पर हरियाली का संकल्प, उड़ान एक उम्मीद संस्था ने लगाए 35 पौधे

- तीन दिन की सफाई के बाद कूड़ा स्थल बना हरियाली का केंद्र, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उड़ान एक उम्मीद संस्था द्वारा इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित ऋषि आश्रम के सामने सड़क किनारे पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नीम, गुलमोहर, जामुन, आंवला और बरगद सहित कुल 35 पौधे लगाए गए।स्थानीय निवासियों ने बताया कि उक्त स्थान पर लंबे समय



से कूड़े का ढेर लगा रहता था। संस्था के सदस्यों ने लगातार तीन दिनों तक सफाई अभियान चलाकर स्थल को पौधारोपण के योग्य बनाया, जिसके बाद वहां हरियाली बढ़ाने की पहल की गई। संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने अपनी पुत्रवधू के जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वह अपने परिवार के सभी सदस्यों के जन्मदिन पर पौधारोपण करती रहेंगी। साथ ही उनका प्रयास रहेगा कि रेलवे लाइन के नीचे सड़क किनारे पूरे क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं, जिससे पर्यावरण संरक्षण में सार्थक योगदान दिया जा सके। स्थानीय लोगों ने लगाए गए पौधों की देखभाल और संरक्षण का आश्वासन दिया। इसी क्रम में संस्था पदाधिकारियों ने जनसंपर्क कर लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेश को भी पहुंचाया। कार्यक्रम में चंद्रशेखर खन्ना की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर संस्था की सचिव रेखा मोदी, सह सचिव रश्मि गुप्ता सहित स्थानीय सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## परिवर्तनः नई डीएल व्यवस्था का दिखा असर, आवेदनों की संख्या में आई कमी

- पहले 150-160 आवेदन प्रतिदिन, अब 40-42 तक सिमटी संख्या

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**टेस्ट पास करने पर ही मिलेगा लाइसेंसः** नई व्यवस्था के तहत अभ्यर्थियों को ऑटोमेटेड ड्राइविंग कौशल परीक्षण से गुजरना पड़ता है। मोटरसाइकिल, कार या अन्य जिस श्रेणी का टेस्ट अभ्यर्थी पास करेगा, उसे उसी श्रेणी का ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाएगा।

**आवेदनों में आई कमीः** नई व्यवस्था लागू होने से पहले प्रतिदिन 150 से 160 तक ड्राइविंग लाइसेंस आवेदन प्राप्त होते थे। अब यह संख्या घटकर 40 से 42 प्रतिदिन रह गई है। विभाग का मानना है कि नई व्यवस्था के तहत केवल गंभीर और वाहन चलाने में सक्षम अभ्यर्थी ही आवेदन कर रहे हैं।

**बिना प्रशिक्षण भी पास कर रहे टेस्टः** कई अभ्यर्थी बिना प्रशिक्षण लिए ही सीधे ड्राइविंग कौशल परीक्षण में शामिल हो रहे हैं। वाहन चलाने में दक्ष अभ्यर्थी टेस्ट पास कर संबंधित श्रेणी का ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर रहे हैं।

ड्राइविंग लाइसेंस की नई ऑटोमेटेड प्रक्रिया लागू होने के बाद आवेदनों की संख्या में कमी देखने को मिल रही है। अब केवल वही अभ्यर्थी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर पा रहे हैं जो निर्धारित ड्राइविंग कौशल परीक्षण में सफल हो रहे हैं। पहले कई लोग सिफारिश या अन्य माध्यमों से लाइसेंस बनवा लेते थे, लेकिन अब पूरी प्रक्रिया तकनीक आधारित और पारदर्शी हो गई है। एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह ने बताया कि नई व्यवस्था लागू होने से पहले प्रतिदिन 150 से 160 तक आवेदन प्राप्त होते थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर 42 से 43 के बीच रह गई है। उन्होंने बताया कि कई अभ्यर्थी बिना प्रशिक्षण लिए भी सीधे टेस्ट देकर सफल हो रहे हैं। जो अभ्यर्थी जिस श्रेणी का ड्राइविंग टेस्ट पास करता है, उसे उसी श्रेणी का ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाता है। नई व्यवस्था का उद्देश्य केवल योग्य और प्रशिक्षित चालकों को ही लाइसेंस उपलब्ध कराना है।

> "नई व्यवस्था लागू होने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस आवेदनों की संख्या में कमी देखने को मिली है। इसका उद्देश्य केवल योग्य और प्रशिक्षित व्यक्तियों को ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी करना है। कई अभ्यर्थी बिना प्रशिक्षण लिए भी सीधे टेस्ट देकर सफल हो रहे हैं। जो जिस श्रेणी का टेस्ट पास करता है, उसे उसी श्रेणी का लाइसेंस जारी किया जाता है।"
>
> –एसके सिंह, एआरटीओ प्रशासन

## स्कूल खुलने से पूर्व वाहनों की फिटनेस कराएं ओकेः एआरटीओ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

माह जुलाई 2026 से जनपद के सभी विद्यालय पुनः खुल रहे है। सड़क सुरक्षा की दृष्टि से जनपद के सभी विद्यालयों के प्रबन्धक व प्रधानाचार्य लोग अपने विद्यालय के नाम पंजीकृत एंव अनुबन्धित समस्त वाहनों के प्रपत्रों यथा फिटनेस, प्रदूषण, बीमा एवं परमिट की वैधता का निरीक्षण कर लें। यदि प्रपत्रों की वैधता पूर्ण नहीं है, तो वैधता पूर्ण कराने के उपरान्त ही वाहन का संचालन करें। एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह ने बताया कि साथ ही अग्निशामक यन्त्र की कार्यशीलता एवं वैधता का निरीक्षण कर लें, यदि



प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान वाहन के प्रपत्र फिटनेस, प्रदूषण बीमा एवं परमिट वैध एवं अग्निशामक यन्त्र कार्यशील नहीं पाया जाता है, तो मोटर यान अधिनियम-1988 की धारा 53 धारा-86 के अन्तर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्यालय प्रबन्धन की होगी।

# बाढ़ से निपटने के लिए अभी से ही प्रशासनिक अधिकारियों ने कसी कमर

**डीएम के निर्देश पर गर्रा नदी तट पर स्थापित 7 कलवर्ट-पुलियों का निरीक्षण**



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम के निर्देशानुसार एडीएम वित्त अरविन्द कुमार के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता सुनील कुमार भास्कर, सहायक अभियंता सतपाल सिंह सिंचाई विभाग, शारदा खण्ड तथा राजस्व टीम के साथ मौजमपुर कैनाल से नगरिया मोड़ तक स्थापित 7 छोटी-बड़ी कलवर्ट-पुलियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मार्गो के उच्चीकरण कार्य का भी अवलोकन किया गया। डीएम ने निर्देश दिये हैं कि गर्रा नदी में बाढ़ का पानी आने के कारण तहसील सदर अन्तर्गत राई खेड़ा गाँव से नगरिया मोड़ तक गर्रा नदी के तट पर स्थापित 7 कलवर्ट-पुलियों पर लोहे के फ्लैप गेट अथवा रेगुलेटर लगाये जाने हेतु शीघ्र अध्ययन कर लिया जाए। इस क्रम में जनपद बरेली के नलकूप खण्ड वर्कशाप से भी सहायक अभियंता द्वारा कलवर्ट का निरीक्षण किया गया है। उक्त निरीक्षण एवं अध्ययन के आधार पर शीघ्र प्रस्ताव तैयार करके शासन को प्रस्तुत किया जायेगा, जिससे बाढ़ के दौरान नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से प्रभावी रूप से निजात पाई जा सके। जनपद में गर्रा, खन्नौत जैसी प्रमुख नदियों से प्रतिवर्ष बाढ़ का खतरा बना रहता है। तहसील सदर क्षेत्र में गर्रा नदी के किनारे स्थित कलवर्ट-पुलियां बाढ़ के समय नदी का पानी आबादी क्षेत्रों में घुसने का माध्यम बन जाती हैं। फ्लैप गेट, रेगुलेटर लगाने से बाढ़ के दौरान जलभराव नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

## मारपीट में दो सगे भाई नामजद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नाली निर्माण को लेकर हुए विवाद में घायल ग्रामीण ने दो सगे भाइयों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नौगाई निवासी मुकेश पुत्र बच्चू लाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 18 जून को अपरान्ह करीब साढ़े तीन बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। आरोप है कि उसी दौरान गांव के ही नन्हेलाल व बेटेलाल पुत्र बुद्धिलाल ने नाली नहीं बनने देने को लेकर गालियां देते हुये लाठी से मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि दोनों हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये।

# समस्या समाधान दिवस का पुवायां में हुआ आयोजन

**22 शिक्षकों ने दिए प्रार्थनापत्र, 6 का मौके पर निस्तारण**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




शिक्षा निदेशक बेसिक तथा सचिव बेसिक शिक्षा परिषद के द्वारा शिक्षकों का शैक्षिक विवरण मानव संपदा पोर्टल पर सही करने के निर्देश प्रदान किए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा उक्त आदेशों का अनुपालन करने के निर्देश खंड शिक्षा अधिकारियों को प्रदान किए गए थे। तत्क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी पुवायां के द्वारा मानव संपदा पोर्टल पर संशोधन के लिए समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्या समाधान दिवस में 22 से अधिक शिक्षकों द्वारा अपने प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किए गए जिसमें से 6 प्रार्थनापत्रों का समाधान मौके पर किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार शुक्ला ने बताया कि शेष प्रार्थना पत्र को सुधार के लिए उच्च स्तर पर अग्रेषित कर दिया गया। समस्या समाधान दिवस में खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार शुक्ला, ब्लॉक संसाधन केंद्र पुवायां के कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल सक्सेना, संदीप श्रीवास्तव, ज्ञानदीप शर्मा, संदीप शर्मा, आशुतोष शुक्ला, रंजना सिंह, श्वेता गुप्ता, साधना शर्मा, अब्दुल गफ्फार, सन्तोष कुमार, शैलेन्द्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# दृष्टि का उपहार, एक नई शुरुआत का उपहार: अक्षत



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**5 जरूरतमंदों की मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक सम्पन्न**

राउंड टेबल इंडिया की आरटीआई दिव्यांग पहल के अंतर्गत शाहजहांपुर राउंड टेबल 298 ने वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल के सहयोग से जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए मोतियाबिंद सर्जरी परियोजना का सफल आयोजन किया। इस सेवा प्रकल्प के तहत 5 जरूरतमंद मरीजों की मोतियाबिंद की सर्जरी कराई गई, जिससे उन्हें पुनः दृष्टि प्राप्त हुई और उनके जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव आया। इस पहल का उद्देश्य केवल इलाज उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि लाभार्थियों को आत्मनिर्भरता, सम्मानपूर्ण जीवन एवं बेहतर आजीविका के अवसर प्रदान करना भी है। इस अवसर पर शाहजहांपुर राउंड टेबल 298 ने डा.आर्चित सक्सेना के प्रति विशेष आभार एवं सराहना व्यक्त की, जिन्होंने इस सेवा प्रकल्प की संकल्पना, समन्वय एवं सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाहजहांपुर राउंड टेबल 298 के चेयरमैन एलएमएफ टेबलर अक्षत सक्सेना ने कहा कि राउंड टेबल इंडिया समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। ऐसे सेवा प्रकल्प समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ-साथ जरूरतमंदों के जीवन में नई आशा का संचार करते हैं। दृष्टि का उपहार, एक नई शुरुआत का उपहार है। इसी संकल्प के साथ शाहजहांपुर राउंड टेबल 298 भविष्य में भी समाजहित में ऐसे जनकल्याणकारी कार्य निरंतर करता रहेगा।

## ज्येष्ठ माह के मंगलवार पर सुंदरकांड पाठ, भंडारा आयोजित

**श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण**



**शाहजहांपुर।** ज्येष्ठ माह के मंगलवार को तहवरगंज स्थित शिव मोहन महादेव मंदिर में अजय मिश्रा के संयोजन में सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। भंडारे से पूर्व सुंदरकांड पाठ का विधिवत आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पाठ के उपरांत आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में ददरौल विधायक अरविंद सिंह के भाई विमल सिंह, हरजीत सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी संजय गुप्ता के पुत्र श्रेय गुप्ता, सत्यप्रकाश मिश्रा (स्वामी सत्यानंद हॉस्पिटल), विनय अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा, संवाददाता प्रभाकर मिश्रा, आदर्श मिश्रा, रवि वर्मा, गोविंद अवस्थी, न्यूज 24 के सुशील शुक्ला, रजनीश मिश्र 'ओशो', अरविंद दीक्षित, रोहित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मम्मा जी की स्मृति में ब्रह्माकुमारी संस्था सम्मानित, रेड क्रॉस ने दिया मानवता और रक्तदान का संदेश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका माता जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) की 61वीं स्मृति दिवस के अवसर पर अब्दुल्लागंज स्थित सत्य विद्या धाम केंद्र पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा ब्रह्माकुमारी संस्था को मानवता, नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक जागरण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति-पत्र केंद्र की क्षेत्रिय निर्देशिका ब्रह्माकुमारी चरिता बहन एवं केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विनीता बहन ने ग्रहण किया। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से उन्हें रेड क्रॉस मेडल, शॉल, स्मृति-चिह्न एवं संस्था के उपयोगार्थ तिरपाल एवं जल संरक्षण हेतु बाल्टी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी संजय गुप्ता पाइप वाले विशिष्ट अतिथियों में रमा सिंघल रामचंद्र फ्लोर मिल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को रेड क्रॉस मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि माता जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) त्याग, तपस्या, प्रेम एवं आध्यात्मिक शक्ति की अमर प्रतिमूर्ति थीं। उनका जीवन ईश्वरीय ज्ञान, सेवा और मानव कल्याण के प्रति पूर्ण समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि राजयोग व्यक्ति को आत्मस्वरूप में स्थित होकर परमात्मा से जुड़ने की प्रेरणा देता है, जिससे जीवन में शांति, शक्ति एवं सकारात्मकता का संचार होता है। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्तदान चार लोगों को जीवनदान देने में सहायक बन सकता है। उन्होंने कहा कि माता जगदम्बा सरस्वती (मम्मा) की स्मृति में मनाए जा रहे इस पावन अवसर पर हमें मानवता की सेवा के लिए रक्तदान का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में अंकित गुप्ता, बृजेश गुप्ता, महेश शर्मा, हरिश बाबू, पशुपति आर्य, आर्यन वर्मा, संगीता, प्रेमलता, चन्द्रावती, शालिनी गुप्ता, सीमा गुप्ता, कमला, रामवती, बिमला आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने हत्या के मामले में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस ने हत्या के एक चर्चित मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है। थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम ताहरपुर निवासी एक महिला ने थाना स्थानीय पर तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके देवर अवधेश सिंह ने पारिवारिक विवाद के दौरान गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि 21 जून 2026 को विवाद बढ़ने पर आरोपी ने जान से मारने की नीयत से उसके पति सतीश सिंह के ऊपर ट्रैक्टर-कल्टीवेटर चढ़ा दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस मामले में मुकदमा संख्या 159/2026, धारा 103(1), 115(2) एवं 352 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने गुरुवार को ताहरपुर तिराहे के पास घेराबंदी कर आरोपी अवधेश सिंह (36 वर्ष) निवासी ग्राम ताहरपुर को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। क्षेत्र में हत्या जैसे गंभीर अपराध के आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में थाना खुदागंज पुलिस अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है, जिससे कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिल रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा कानून के दायरे में लाकर उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य, कांस्टेबल आलोक चैधरी, कांस्टेबल विपिन कुमार कांस्टेबल सुमित कुमार, महिला कांस्टेबल योगिता पाल मौजूद रहे।

## दहेज उत्पीड़न व विवाहिता की मौत के मामले में सास गिरफ्तार

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव कलंदरगंज निवासी बसंतलाल ने 16 जून को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री सुगंधा देवी को ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि उससे 50 हजार रुपये और एक सोने की चैन की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर सुगंधा के साथ मारपीट, गाली-गलौज और उत्पीड़न किया जाता था। साथ ही, उसे मायके से विदा कराकर भी नहीं ले जाया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि सुगंधा का पति राजकमल दूसरी शादीशुदा महिला को भगा ले गया था। जिसके बाद वह सुगंधा को फोन और मैसेज कर परेशान करता रहा। मानसिक उत्पीड़न से तंग आकर सुगंधा ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे 15 जून को उसकी मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले में वांछित कमला पत्नी राजेश निवासी रतनपुर कुंडा को मुखबिर की सूचना पर बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में महिला उपनिरीक्षक रश्मि सागर, महिला कांस्टेबल अनामिका और कांस्टेबल अनुज शर्मा शामिल रहे।

# कृषकों को उद्यमी बनाना एफपीओ का प्रमुख उद्देश्य: डीपीएस राठौर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**किसानों के उत्पाद को खेत से बाजार तक पहुंचाने के लिए एफपीओ को मजबूत बनाने पर दिया जोर**




जनपद के किसान उत्पादक संगठनों के संवर्धन एवं सशक्तिकरण विषय पर सरस्वती एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी तथा वसुधैव कुटुम्बकम् फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में उप कृषि निदेशक कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य एफपीओ से जुड़े निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों,कृषक प्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों को एफपीओ की संरचना, वित्तीय प्रबंधन, विपणन, बीमा तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान कर एफपीओ के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डी.पी.एस. राठौर अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक के उद्घाटन उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि कृषकों को उद्यमी बनाना एफपीओ का प्रमुख उद्देश्य है। किसानों के उत्पाद को खेत से सीधे बाजार तक पहुँचाकर उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना आवश्यक है। उन्होंने किसानों से संगठित होकर एफपीओ के माध्यम से कृषि को लाभकारी बनाने तथा सामूहिक विपणन एवं व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यशाला के संयोजक राकेश कुमार पाण्डेय, सह-संयोजक जसवंत जयसिंह, सीए निलय शुक्ला, शमशेर सिंह, संतकुमार मिश्र एवं एफपीओ प्रतिनिधियों द्वारा मुख्य अतिथि डी.पी.एस. राठौर, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक, जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक सौरभ द्विवेदी तथा अन्य अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने एफपीओ के लिए आवश्यक विभागीय लाइसेंस एवं विभिन्न शासकीय प्रक्रियाओं की जानकारी दी। वहीं जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं, आवेदन प्रक्रिया तथा उपलब्ध सुविधाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रवेश गंगवार जिला विकास प्रबंधक ने एफपीओ के विकास में नाबार्ड की भूमिका एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान एफपीओ प्रबंधन, वित्तीय सुदृढ़ीकरण, विपणन रणनीतियों, ऋण सुविधाओं, बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर उपयोगी चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों द्वारा साझा की गई जानकारी को अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण एफपीओ को आत्मनिर्भर एवं व्यवसायिक संस्था के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'गंगा भूमि फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड' के मैनेजिंग डायरेक्टर 'राकेश कुमार पाण्डेय' के संचालन में आयोजित इस कार्यशाला का समापन सभी विशेषज्ञों, अधिकारियों एवं प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यशाला में एफपीओ प्रतिनिधियों के रूप में बलवीर सिंह, अवतार सिंह, ब्रजमोहन सिंह, मुकेश दीक्षित, सुमित कुमार, गौरव पाण्डेय, सहित यंग फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी, असल उत्तर एफपीओ, धन्वन्तरि एफपीओ, कलान फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी, गुरगिया एफपीओ आदि के प्रतिनिधियों सहित कुल 85 प्रतिभागियों' ने सहभागिता की।

## स्लीपर बस-बाइक भिड़ी, दो युवकों की मौत

**अल्हगंज, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में बुधवार शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की जान चली गई। हादसा गोरा गांव के पास उस समय हुआ जब एक स्लीपर बस और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। 24 जून को शाम लगभग 6:30 बजे मोटरसाइकिल संख्या UP27BA4228 (स्प्लेंडर) पर सवार राम बहादुर पाल (पुत्र मनीराम पाल), निवासी ग्राम नगला जाजू, थाना कांठ, जनपद शाहजहांपुर तथा उनके साले प्रद्युम्न, निवासी सेरामऊ दक्षिणी, फर्रुखाबाद की ओर से अपने घर को लौट रहे थे। इसी दौरान गोरा गांव के निकट उनकी मोटरसाइकिल की स्लीपर बस संख्या स्क्क 13 9270 से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि राम बहादुर पाल की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि प्रद्युम्न गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया, जहां गुरुवार सुबह उपचार के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया है। वहीं मृतकों के शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया तथा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही दोनों मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। क्षेत्र में भी इस हादसे को लेकर शोक की लहर है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

**Notice**

I, Yallappa father of Army No.-2621912W, Rank-HAV name Bhimappa pakandi presently residing at Vill & post-KataKbhavi, Teh-Raibag, Dist-Belagavi, State-Karnataka PIN-591222. I have changed my name from YALLAPPA TO YALLAPPA PAKANDI as per aadhar card records vide affidavit declaration date 25/06/2026 advocate and notary shahjahanpur.

**Notice**

I, Madevi mother of Army No.-2621912W, Rank-HAV name Bhimappa pakandi presently residing at Vill-sanganatti, PO-Madabhavi-Teh-Mudhol, Dist-Bagalkot, State-Karnataka PIN-587312 have changed my name from MADEVI TO MADEVI PAKANDI as per aadhar card records vide affidavit declaration date 25/06/2026 advocate and notary shahjahanpur.

# विधायक की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न

**क्षेत्र पंचायत सदस्यों से विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव लिए गए**

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र पंचायत कांट की बैठक का आयोजन गुरुवार को ब्लॉक सभागार में ददरौल विधायक अरविंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी योजनाओं एवं प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक अरविंद सिंह ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। सभी संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों से विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव लिए गए तथा पूर्व में कराए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई। विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता संतोष दीक्षित ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला, भाजपा नेता संतोष दीक्षित, सभासद रजनीश कश्यप, सुनील बाजपेई खंड विकास अधिकारी, इंद्र कुमार शुक्ला, सहायक खंड विकास अधिकारी अरविंद शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार, अनामिका गौतम, आकांक्षा अग्निहोत्री, विनीत चैधरी, पुष्पा बाजपेई, निशा कुशवाहा, लेखाकार अनूप द्विवेदी, एपीओ ज्ञान प्रकाश सिंह, राम रहीश पाल सहित ब्लॉक क्षेत्र के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

# रामनगरा चौकी प्रभारी का मानवीय प्रयास: भीषण गर्मी में बांटा शीतल पेयजल

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल है। तापमान लगातार बढ़ने के कारण लोग घरों से बाहर निकलने में भी हिचकिचा रहे हैं। ऐसे में पुलिस महकमे का एक सकारात्मक और मानवीय चेहरा सामने आया है। बृहस्पतिवार को रामनगरा पुलिस चौकी प्रभारी मनोज कुमार तोमर ने गर्मी से राहत दिलाने के लिए शीतल पेयजल वितरण का आयोजन किया। चौकी पर आने-जाने वाले राहगीरों, स्थानीय नागरिकों और जरूरतमंद लोगों को ठंडा पानी पिलाया गया।चौकी प्रभारी मनोज कुमार तोमर ने बताया, मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। कई दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है, लोग काफी परेशान हैं। छोटी-सी यह कोशिश है कि राहगीरों और आसपास के लोगों को गर्मी से कुछ देर की राहत मिल सके। पुलिस की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। कई लोगों ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में पानी की व्यवस्था न सिर्फ राहत दे रही है बल्कि पुलिस के प्रति सकारात्मक भावना भी बढ़ा रही है। भीषण गर्मी में पुलिस द्वारा की गई यह पहल एक मिसाल है कि सुरक्षा के साथ-साथ सेवा भी पुलिस का दायित्व है। ऐसे प्रयासों की अन्य थानों और चौकियों में भी सराहना हो रही है।

## सूखे की आहट

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के कमजोर रहने की चिंताओं के बीच देश के कृषि क्षेत्र के सामने सूखे की चुनौती पैदा होने की आशंका बलवती हुई है। हाल-फिलहाल बारिश में चालीस से छियालीस प्रतिशत की कमी मापी गई है। देश के मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दो जुलाई तक मानसून की सक्रियता कम रहने के अनुमान के कारण खरीफ की फसल को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। केंद्र सरकार ने कम बारिश वाले 315 जिलों में से 111 ऐसे जिलों की पहचान की है, जो सूखे की दृष्टि से ज्यादा जोखिम वाले हो सकते हैं। जो आसन्न संकट की गंभीरता को भी दर्शाता है। यह विडंबना है कि तमाम सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के बावजूद आज देश में खेती की मॉनसून की बारिश पर निर्भरता बनी हुई है। यही वजह है कि मॉनसून में देरी या कम बारिश होने का सीधा असर फसल की बुवाई, खाद्यान्न की पैदावार, ग्रामीणों की आय और खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई के रूप में पड़ता है। ऐसे में यदि जुलाई व अगस्त माह के महत्वपूर्ण समय में बारिश सामान्य से कम होती है तो इसके परिणाम चिंता बढ़ाने वाले हो सकते हैं। केंद्र सरकार राज्य और जिले स्तर पर आपातकालीन योजनाएं तैयार कर रही है। सरकार सूखे में भी बेहतर उत्पादन कर सकने वाली फसलों को बढ़ावा देने के साथ ही जल संरक्षण पर जोर दे रही है। साथ ही कोशिश है कि किसानों के लिये बीज-उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। देश में दालों, तिलहन और मोटे अनाजों की खेती को प्राथमिकता देना जरूरी है, क्योंकि ये फसलें कम पानी में भी सामान्य उत्पादन दे सकती हैं। सुखद ही है कि अल नीनो मॉनिटरिंग सेल को सक्रिय किया गया ताकि कृषि विज्ञान केंद्रों के जरिये रियल-टाइम सलाह किसानों को देकर सूखे के प्रभावों को कम किया जा सके। निश्चित रूप से पूरी तैयारी के साथ सूखे से मुकाबले का मतलब है कि हमने आधी लड़ाई जीत ली है। आज जरूरत इस बात की है कि सूखे की आशंका के बीच जल संकट से मुकाबले के लिये एक प्रभावी समग्र नीति बने। समय-समय पर इन नीतियों में सुधार किया जाए। जरूरी है कि जलवायु परिर्वतन संकट के दौर में मानसून के व्यवहार में अनिश्चितता के बीच खेती की बारिश पर निर्भरता को कम करने के लिये व्यापक रणनीति तैयार की जाए। इसके लिये जरूरी है कि सूक्ष्म-सिंचाई सुविधा का विस्तार, जल निकायों के पुनरुद्धार, भूजल प्रबंधन को बेहतर बनाने और जलवायु के अनुरूप खेती को बढ़ावा देने के प्रयास हों। हम मौसम के बदलते मिजाज पर हर बार प्रतिक्रिया देने के बजाय दीर्घकालिक राष्ट्रीय प्राथमिकताएं सुनिश्चित करें। हमें किसानों को आर्थिक संकट से उबारने को अपनी वरीयता सूची में शामिल करना चाहिए। विडंबना यह है कि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों की रक्षा के लिये बीमा कवरेज अभी भी ज्यादा प्रभावी नहीं है। किसानों को फसलों को क्षति पहुंचने पर मुआवजा लेने के बारे में व्यावहारिक जानकारी अक्सर कम ही होती है। वैसे तो देश में अनाज का पर्याप्त भंडारण है और आपातकालीन व्यवस्था के चलते देश की खाद्य सुरक्षा को तुरंत कोई बड़ा खतरा नहीं है। लेकिन हमें लाखों किसानों का जीविका संरक्षण भी प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश में मौसम के मिजाज में होने वाला बदलाव अब कभी-कभार की बाधा नहीं रही, बल्कि बार-बार होने वाली सच्चाई बन गया है। मानसून के व्यवहार में लगातार अनिश्चितता को देखते हुए देश के नीति-निर्माताओं को खेती संरक्षण के लिये एक ऐसा तंत्र बनाने की जरूरत है, जो मौसम के बदलावों का बेहतर ढंग से मुकाबला कर सके। तभी हम भविष्य की अनिश्चितताओं का सही तरीके से सामना कर सकेंगे। साथ ही हमें देश में पानी के सदुपयोग की दिशा में भी पहल करने की जरूरत है। देश में जलाशयों के जल का किफायती उपयोग हो। निःसंदेह, कम बारिश से केवल किसान व ग्रामीण अर्थव्यवस्था ही प्रभावित नहीं होती है, सूखे में खाद्यान्न की उत्पादकता घटने पर अनाज महंगा होने से आम आदमी का जीवन भी बाधित होता है। जिससे किसान की ही नहीं, पूरे देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

# ड्रग्स के दलदल में युवा पीढ़ी

*योगेश कुमार गोयल*



*नशे का अवैध व्यापार दुनिया के सबसे लाभकारी अपराधों में शामिल है। अरबों-खरबों रुपये का यह कारोबार अंतरराष्ट्रीय तस्करी, आतंकवाद, संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराधों से गहराई से जुड़ा हुआ है। भारत की भौगोलिक स्थिति इसे गोल्डन क्रेसेंट और गोल्डन ट्रायंगल जैसे नशीले पदार्थों के प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों के बीच महत्वपूर्ण मार्ग बनाती है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, म्यांमार और अन्य पड़ोसी क्षेत्रों से आने वाली तस्करी की खेपें भारत के लिए लगातार चुनौती बनी हुई हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि ड्रग्स का यह अवैध कारोबार अब अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर रहा है। ड्रोन, एन्क्रिप्टेड संचार माध्यम, फर्जी पहचान और डिजिटल भुगतान प्रणालियां तस्करों को नई ताकत प्रदान कर रही हैं। ऐसे में केवल पारंपरिक पुलिसिंग से इस समस्या पर नियंत्रण संभव नहीं है। इसके लिए तकनीकी, सामाजिक और कानूनी स्तर पर व्यापक रणनीति की आवश्यकता है। भारत में हालांकि मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन को रोकने के लिए कड़े कानून मौजूद हैं लेकिन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की चुनौती अभी भी बनी हुई है। नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस, प्रशासन या सरकार की जिम्मेदारी नहीं हो सकती, यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। परिवारों को अपने बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना होगा। शिक्षण संस्थानों को नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने होंगे। धार्मिक और सामाजिक संगठनों को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। दरअसल नशे के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार जागरूकता, शिक्षा और सकारात्मक वातावरण है। यदि युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार, खेल, कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाए तो वे नशे जैसे विनाशकारी रास्तों से दूर रह सकते हैं। हमें युवाओं को केवल नशे के दुष्परिणाम बताने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उन्हें जीवन का सकारात्मक उद्देश्य भी देना होगा। अंतरराष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस हमें यही संदेश देता है कि नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक दिन का अभियान नहीं बल्कि सतत सामाजिक आंदोलन है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो सबसे पहले उसकी युवा शक्ति को नशे के अंधकार से मुक्त करना होगा। देश की युवा सोच पर लगा यह ग्रहण तभी हटेगा, जब सरकार, समाज, परिवार और स्वयं युवा मिलकर इस चुनौती का सामना करेंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं के हाथों में नशे की पुड़िया नहीं, ज्ञान की पुस्तक हो; उनकी आंखों में नशे का धुंधलापन नहीं, सपनों की चमक हो; और उनकी सोच पर नशे का ग्रहण नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का उज्ज्वल प्रकाश हो। यही नशा-मुक्त भारत की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव भी।*

किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी के सपनों, ऊर्जा और सृजनशीलता पर निर्भर करता है लेकिन जब यही युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आने लगे तो यह केवल एक सामाजिक समस्या नहीं रह जाती बल्कि राष्ट्रीय संकट का रूप धारण कर लेती है। आज भारत सहित दुनिया के अनेक देशों के सामने यही चुनौती खड़ी है। युवाओं की प्रतिभा, उनकी सोच, उनकी रचनात्मकता और उनके भविष्य पर नशे का ऐसा ग्रहण लग रहा है, जो न केवल परिवारों को बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को भीतर से खोखला कर रहा है। इसी गंभीर चुनौती के प्रति वैश्विक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 जून को 'अंतरराष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि पूरी मानवता को चेताने का अवसर है कि यदि नशे के बढ़ते दुष्चक्र को समय रहते नहीं रोका गया तो इसके परिणाम आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतने पड़ेंगे।

भारत में नशे की समस्या अब महानगरों तक सीमित नहीं रही। यह गांवों, कस्बों, छोटे शहरों और यहां तक कि स्कूलों तथा कॉलेजों तक पहुंच चुकी है। कभी माना जाता था कि नशीले पदार्थों का सेवन केवल संपन्न वर्ग या शहरी संस्कृति की समस्या है लेकिन आज वास्तविकता इससे कहीं अधिक भयावह है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अफीम, चरस, गांजा, हेरोइन, सिंथेटिक ड्रग्स और इंजेक्शन के माध्यम से लिए जाने वाले नशीले पदार्थों का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। यह स्थिति बताती है कि नशे का नेटवर्क अब समाज की हर परत तक पहुंच चुका है। आज का युवा अनेक प्रकार के दबावों से घिरा हुआ है। प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाएं, पारिवारिक तनाव, मानसिक अवसाद, अकेलापन और त्वरित सफलता की चाह उसे भीतर से कमजोर बना रही है। ऐसे में नशे के सौदागर युवाओं की इन्हीं कमजोरियों का फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। कई बार मित्रों का दबाव, आधुनिक दिखने की चाह, रोमांच की तलाश या क्षणिक सुख का आकर्षण युवाओं को नशे की ओर धकेल देता है। शुरुआत अक्सर जिज्ञासा से होती है लेकिन धीरे-धीरे यही जिज्ञासा लत और फिर विनाश का कारण बन जाती है।

इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने जहां ज्ञान के नए द्वार खोले हैं, वहीं नशे के कारोबार को भी नए साधन उपलब्ध कराए हैं। सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स और डार्क वेब के माध्यम से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त पहले से कहीं अधिक आसान हो गई है। अब नशे का सौदा किसी सुनसान गली तक सीमित नहीं बल्कि स्मार्टफोन की स्क्रीन तक पहुंच चुका है। यही कारण है कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में नशे की पहुंच चिंताजनक रूप से बढ़ती जा रही है। आज देश के अनेक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में नशीले पदार्थों की उपलब्धता को लेकर समय-समय पर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। यह विडंबना ही है कि जिन परिसरों में देश के भविष्य का निर्माण होना चाहिए, वहां कुछ युवा अपने भविष्य को स्वयं नष्ट करने की राह पर बढ़ रहे हैं। आधुनिकता और स्वतंत्रता की गलत व्याख्या ने भी इस समस्या को बढ़ाया है। कई युवाओं को यह भ्रम होता है कि नशा उन्हें अधिक आत्मविश्वासी, रचनात्मक और आधुनिक बनाता है, जबकि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। नशा व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को धीरे-धीरे समाप्त कर देता है। उसकी निर्णय लेने की शक्ति कमजोर हो जाती है, स्मरणशक्ति प्रभावित होती है, एकाग्रता घटती है और मानसिक संतुलन बिगड़ने लगता है। जो युवा अपने जीवन में बड़े सपने लेकर आगे बढ़ता है, वही नशे की गिरफ्त में आकर अपनी प्रतिभा और संभावनाओं को स्वयं नष्ट कर देता है। यही कारण है कि नशे को केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं बल्कि मानव संसाधन के विनाश की समस्या माना जाता है।

नशीले पदार्थों का सबसे घातक प्रभाव यह है कि वे व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक दोनों रूपों से गुलाम बना देते हैं। एक बार लत लग जाने पर व्यक्ति उसी प्रभाव को बनाए रखने के लिए लगातार अधिक मात्रा में नशा लेने लगता है। परिणामस्वरूप उसका शरीर कमजोर होने लगता है, भूख कम हो जाती है, वजन घटता है, आंखें लाल रहने लगती हैं, नींद प्रभावित होती है, चिड़चिड़ापन बढ़ता है और अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कई मामलों में व्यक्ति आत्मघाती प्रवृत्तियों का शिकार भी हो जाता है। इंजेक्शन के माध्यम से नशा करने वालों के सामने खतरा और भी गंभीर होता है। एक ही सुई के बार-बार उपयोग से एचआईवी, हेपेटाइटिस और अन्य संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ जाती है। यही कारण है कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन जाता है।

नशे का अवैध व्यापार दुनिया के सबसे लाभकारी अपराधों में शामिल है। अरबों-खरबों रुपये का यह कारोबार अंतरराष्ट्रीय तस्करी, आतंकवाद, संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराधों से गहराई से जुड़ा हुआ है। भारत की भौगोलिक स्थिति इसे गोल्डन क्रेसेंट और गोल्डन ट्रायंगल जैसे नशीले पदार्थों के प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों के बीच महत्वपूर्ण मार्ग बनाती है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, म्यांमार और अन्य पड़ोसी क्षेत्रों से आने वाली तस्करी की खेपें भारत के लिए लगातार चुनौती बनी हुई हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि ड्रग्स का यह अवैध कारोबार अब अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर रहा है। ड्रोन, एन्क्रिप्टेड संचार माध्यम, फर्जी पहचान और डिजिटल भुगतान प्रणालियां तस्करों को नई ताकत प्रदान कर रही हैं। ऐसे में केवल पारंपरिक पुलिसिंग से इस समस्या पर नियंत्रण संभव नहीं है। इसके लिए तकनीकी, सामाजिक और कानूनी स्तर पर व्यापक रणनीति की आवश्यकता है।

भारत में हालांकि मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन को रोकने के लिए कड़े कानून मौजूद हैं लेकिन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की चुनौती अभी भी बनी हुई है। नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस, प्रशासन या सरकार की जिम्मेदारी नहीं हो सकती, यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। परिवारों को अपने बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना होगा। शिक्षण संस्थानों को नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने होंगे। धार्मिक और सामाजिक संगठनों को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। दरअसल नशे के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार जागरूकता, शिक्षा और सकारात्मक वातावरण है। यदि युवाओं को बेहतर शिक्षा, रोजगार, खेल, कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाए तो वे नशे जैसे विनाशकारी रास्तों से दूर रह सकते हैं। हमें युवाओं को केवल नशे के दुष्परिणाम बताने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उन्हें जीवन का सकारात्मक उद्देश्य भी देना होगा।

अंतरराष्ट्रीय नशा एवं मादक पदार्थ निषेध दिवस हमें यही संदेश देता है कि नशे के खिलाफ लड़ाई किसी एक दिन का अभियान नहीं बल्कि सतत सामाजिक आंदोलन है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो सबसे पहले उसकी युवा शक्ति को नशे के अंधकार से मुक्त करना होगा। देश की युवा सोच पर लगा यह ग्रहण तभी हटेगा, जब सरकार, समाज, परिवार और स्वयं युवा मिलकर इस चुनौती का सामना करेंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं के हाथों में नशे की पुड़िया नहीं, ज्ञान की पुस्तक हो; उनकी आंखों में नशे का धुंधलापन नहीं, सपनों की चमक हो; और उनकी सोच पर नशे का ग्रहण नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का उज्ज्वल प्रकाश हो। यही नशा-मुक्त भारत की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव भी।

***(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)***

विचार

# समाज में बढ़ रही अराजकता का जिम्मेदार कौन ?



*राहुल कुमार गुप्ता*

**आज हमारे भीतर वह नैतिक साहस क्यों नहीं बचा कि हम डंके की चोट पर बुरे को बुरा और अच्छे को अच्छा कह सकें? जैसे ही समाज में कोई घटना घटती है, हमारी आंखें सबसे पहले जाति, धर्म और राजनीति का चश्मा ढूंढने लगती हैं ताकि हम यह तय कर सकें कि हमें इस पर दुखी होना है या खुश होना है...**

सोशल मीडिया के उन सभी प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर वाट्सअप आदि को ज़ब हम समाज के आईने से देखने की कोशिश करते हैं तो वहां एक बेहद डरावनी और गहरी दरार दिखाई देती है। यह दरार हमारी सोच, हमारी संवेदना और हमारी बुनियादी इंसानियत के बीच खिंच चुकी है। आज के डिजिटल दौर में जब हम किसी पोस्ट को लाइक, शेयर या उस पर कमेंट करते हैं, तो अक्सर हमारी उंगलियां हमारी आत्मा से नहीं, बल्कि हमारी जाति, हमारे धर्म या हमारी राजनीतिक निष्ठा से संचालित होती हैं। यह कड़वी सच्चाई हमारे सामने रोज आती है कि आज अच्छे को अच्छा और सच्चे को सच्चा कहने वाले लोग केवल वही हैं जो उस व्यक्ति की जाति के हैं, उसके मजहब के हैं या उसके राजनीतिक दल के हैं। शेष समाज के लिए उस सामने वाले व्यक्ति की अच्छाई, उसकी मानवता, उसका देशप्रेम या उसका सर्वोच्च बलिदान कोई मायने ही नहीं रखता। ऐसा लगता है कि जैसे हमने सच और झूठ का फैसला करने का हक भी अपनी-अपनी सहूलियत के हिसाब से बांट लिया है। यह स्थिति इतनी भयावह है कि जहां पूरी मानवता को एक सुर में रोना चाहिए था, जहां देश की सामूहिक चेतना को जागना चाहिए था, वहां भी हम पूरी तरह बंटे हुए नजर आते हैं।

जब किसी मासूम बच्ची या बेकसूर बेटी के साथ कोई जघन्य अपराध होता है, तो कायनात को कांप जाना चाहिए, लेकिन सोशल मीडिया पर आक्रोश की लहरें भी पहचान पत्र देखकर उठती हैं। यदि पीड़ित किसी खास जाति या धर्म से है, तो केवल उसी वर्ग के लोग डिजिटल सड़कों पर मोमबत्तियां जलाते और न्याय की मांग करते दिखेंगे, जैसे कि वह बेटी सिर्फ उनकी थी, पूरे देश की नहीं। कुछ समय पहले की ही तो बात है, जब एक मासूम के साथ हुई दरिंदगी पर आधा देश चुप रहा और आधा देश सिर्फ इसलिए चिल्लाया क्योंकि पीड़ित उनके मजहब का था। इसके विपरीत, जब किसी दूसरी जगह वैसी ही घटना घटी, तो चिल्लाने वाले चुप हो गए और चुप रहने वाले अचानक सड़कों पर उतर आए। क्या किसी मासूम की चीख की भी कोई जाति होती है? क्या किसी अपराधी के खंजर का कोई धर्म होता है? लेकिन हमारी संकीर्णता यहीं नहीं रुकती। यह तो केवल सिक्के का एक पहलू है, जहां हम पीड़ितों को अपनी जाति का न पाकर मुंह फेर लेते हैं। इस बीमारी का इससे भी अधिक घातक और दुखद पहलू वह है जब हम अपने ही वर्ग, अपनी ही जाति या अपने ही राजनीतिक दल के किसी खूंखार अपराधी, बलात्कारी या भ्रष्टाचारी के समर्थन में ढाल बनकर खड़े हो जाते हैं। आज सोशल मीडिया पर ऐसे अनगिनत वायरल उदाहरण तैर रहे हैं जहां किसी बड़े अपराध में पकड़े गए नेता या अपराधी की गिरफ्तारी पर उसकी जाति के लोग थानों का घेराव करते हैं, उसके समर्थन में रैलियां निकालते हैं और उसे मसीहा साबित करने के लिए पोस्ट पर पोस्ट शेयर करते हैं। जब किसी राजनीतिक दल का कोई रसूखदार व्यक्ति किसी संगीन जुर्म में फंसता है, तो उस दल के समर्थक न्याय प्रणाली पर सवाल उठाने लगते हैं, पीड़िता के चरित्र पर कीचड़ उछालने लगते हैं और अपने उस अपराधी भाई के लिए सहानुभूति की लहर पैदा करने की कोशिश करते हैं। यह बदलाव एक सभ्य कहे जाने वाले मानवीय समाज की जड़ों में तेजाब डालने जैसा है। हम उस दौर में जी रहे हैं जहां अपराध की निंदा करने से पहले अपराधी का सरनेम देखा जाता है। अगर वह अपनी बिरादरी का है, तो उसके जघन्य से जघन्य अपराध को भी साजिश का नाम देकर सही ठहराने की कुत्सित कोशिशें शुरू हो जाती हैं। इस वैचारिक अंधाधुंध दौड़ में हम यह पूरी तरह भूल चुके हैं कि दुनिया के तमाम धर्मों और मजहबों का अंतिम सार क्या था। क्या किसी भी धर्म ने क्रूरता का समर्थन करना सिखाया है? हर ग्रंथ, हर संत और हर पैगंबर ने मानवता, अच्छाई, संवेदनशीलता, प्रेम, दया और करुणा की विस्तीर्णता को ही जीवन का परम सत्य बताया है। फिर ऐसा क्या हुआ कि हम इस विशाल समुद्र को छोड़कर संकीर्णता के गंदे नालों की तरफ मुड़ गए? आज हमारे भीतर वह नैतिक साहस क्यों नहीं बचा कि हम डंके की चोट पर बुरे को बुरा और अच्छे को अच्छा कह सकें? जैसे ही समाज में कोई घटना घटती है, हमारी आंखें सबसे पहले जाति, धर्म और राजनीति का चश्मा ढूंढने लगती हैं ताकि हम यह तय कर सकें कि हमें इस पर दुखी होना है या खुश होना है, इसका विरोध करना है या समर्थन करना है। इस चश्मे ने हमारी आंखों की रोशनी ही नहीं छीनी, बल्कि हमारे दिलों को भी बंजर बना दिया है। जब हम समाज में इस तरह बुराइयों को सिर्फ इसलिए संरक्षण देने लगते हैं क्योंकि वह बुराई हमारी अपनी चौखट से निकली है, और जब हम अच्छाई को सिर्फ इसलिए नजरअंदाज कर देते हैं क्योंकि वह विरोधी पाले से आई है, तो हम एक स्वस्थ और सुंदर समाज की परिकल्पना कैसे कर सकते हैं? एक ऐसा समाज जहां न्याय केवल बहुसंख्यकों या ताकतवरों की बपौती बन जाए, जहां सच बोलने वाले को पहले अपनी जाति साबित करनी पड़े, वह समाज कभी फल-फूल नहीं सकता।

हम अनजाने में या शायद बहुत सचेत होकर अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहद खतरनाक, नफरत भरी और भययुक्त दुनिया का निर्माण कर रहे हैं। हम अपने बच्चों को विरासत में एक ऐसा वातावरण दे रहे हैं जहां वे हर अजनबी को शक की निगाह से देखेंगे, जहां वे किसी की मदद करने से पहले उसका मजहब पूछेंगे। हम इस आत्मघाती राह पर बहुत तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं और सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम इस पतन को ही अपनी वैचारिक प्रगति मान बैठे हैं। हालांकि, इस घने अंधेरे में भी इंसानियत के कुछ बीज अभी बचे हुए हैं जो यदा-कदा अंकुरित होकर उम्मीद जगा देते हैं। हमें सोशल मीडिया के उसी दलदल में कुछ ऐसे वायरल वीडियो और कहानियां भी दिख जाती हैं, जहां एक हिंदू डॉक्टर अपनी जान जोखिम में डालकर किसी मुस्लिम मरीज की जान बचाता है, या कोई मुस्लिम परिवार किसी अनाथ हिंदू बच्ची का कन्यादान पूरी आस्था के साथ करता है। जब बाढ़ या किसी प्राकृतिक आपदा में सेना का जवान बिना किसी का धर्म पूछे उसे मौत के मुंह से खींच लाता है, तो वह दृश्य हमारी सोई हुई सामूहिक चेतना को एक हल्का सा झटका जरूर देता है। लेकिन ये उदाहरण अब महज अपवाद बनकर रह गए हैं। मुख्यधारा की सोच अभी भी उसी संकीर्णता की जंजीरों में जकड़ी हुई है। अगर हमें वास्तव में अपनी आने वाली नस्लों को एक सुरक्षित और संवेदनशील दुनिया सौंपनी है, तो हमें सोशल मीडिया के इस आभासी और जहरीले जाल से बाहर निकलना होगा। हमें अपने भीतर के उस साहस को फिर से जिंदा करना होगा जो बिना किसी डर या पक्षपात के गलत के खिलाफ खड़ा हो सके। जब तक हम अपराधी को सिर्फ अपराधी और पीड़ित को सिर्फ इंसान नहीं मानेंगे, तब तक न्याय की हर गुहार अधूरी रहेगी। अब हमें इन संकीर्ण दीवारों को ढहाना पड़ेगा और अपनी सामूहिक चेतना को वापस पाना होगा, क्योंकि अगर आज हम चुप रहे या अपनी सुविधानुसार चिल्लाए, तो कल जब हमारे अपने घर में आग लगेगी, तो उस आग को बुझाने के लिए कोई इंसान नहीं बचेगा, सिर्फ जाति और धर्म के मूकदर्शक बचेंगे।

साहित्य



## विश्वास की डोर टूटी...!

**संजय एम तराणेकर**

*विश्वास की डोरी टूट गई, सपनों की दुनिया छूट गई,*
*जिस हाथ में मेहन्दी सजनी थी, मृत्यु छाया लूट गई।*

*जिसने संग जीवन माँगा था, हरेक पल का वादा था,*
*वही बन अंधेरी राह चली, इरादा चिराग बुझाना था।*

*पहाड़ों की वो शांत खाई, इतनी दर्दीली कथा सुनाई,*
*हँसते चेहरे-मीठी बातें, सब निकली छल की परछाई।*

*माँ की आँखें पत्थर बन गईं, पिता की साँसें थम गईं,*
*घर का उजियारा खोने से, दीवारें भी नम-सी हो गईं।*

*प्रेम अगर पावन होता है, तब जीवन को संवारता है,*
*स्वार्थ व छल के अंधकार में, सिर्फ विनाश उगाता है।*

*यह घटना कहानी नहीं, विश्वास टूटने की निशानी है,*
*मानवता से जो दूर हुआ, उसकी हर जीत बेमानी है।*

*ईश्वर से इतनी प्रार्थना हैं, हर घर में विश्वास बना रहे,*
*प्रेम सदा सम्मान बने, कोई भी केतन यूँ नहीं बिखरे।*
*(संदर्भ - पुणे, केतन को गहरी खाई में धकेला.)*



## राशिफल

**मेषः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख में वृद्धि होगी।

**वृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं से मन को कष्ट संभव।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही कतई न करें।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा।

**तुलाः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा।

**वृश्चिकः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग हैं।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

**मीनः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

# भेड़, बकरी व सूकर पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार दे रही 90 प्रतिशत तक अनुदान

*निधि वर्मा*

प्रदेश में लघु पशुपालन क्षेत्र जैसे भेड़, बकरी एवं सूकर पालन को वैज्ञानिक, संगठित एवं लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश में पहली बार आयोजित दो दिवसीय 'यू.पी. स्मॉल लाइवस्टॉक कॉन्क्लेव-2026' का आयोजन हुआ।

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार पशुधन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा गोवंश संरक्षण के साथ-साथ लघु पशुधन क्षेत्र के विकास को भी विशेष प्राथमिकता दे रही है। लघु पशुपालन को रोजगार, पोषण और ग्रामीण समृद्धि के सशक्त साधन के रूप में स्थापित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। लघु पशुपालन क्षेत्र में निवेश करने के लिए वर्तमान में सुदृढ़ कानून व्यवस्था और उत्तम कनेक्टिविटी से पूंजी निवेश का सर्वाधिक अनुकूल अवसर और समय है।

उत्तर प्रदेश में पहली बार दो दिवसीय 'यू.पी. स्मॉल लाइवस्टॉक कॉन्क्लेव-2026' का आयोजन हुआ, जिसमें लघु पशुधन क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों को एक साझा मंच उपलब्ध कराया गया, जहां नवीन तकनीकों, वैज्ञानिक अनुसंधानों, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, विपणन, निवेश तथा उद्यमिता विकास से जुड़े विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इससे प्रदेश में लघु पशुधन आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह कॉन्क्लेव प्रदेश में लघु पशुधन क्षेत्र के विकास को नई दिशा प्रदान करेगा तथा भेड़, बकरी एवं सूकर पालन को अधिक वैज्ञानिक, व्यावसायिक एवं लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देशभर से आए वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, पशुपालकों और उद्यमियों द्वारा दिये गये सुझाव प्रदेश में लघु पशुधन विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे।

उत्तर प्रदेश जैव विविधता से समृद्ध देश का सर्वाधिक पशुधन संपन्न राज्य है। 20वीं पशुगणना के अनुसार प्रदेश में लगभग 144.80 लाख बकरियां, 9.85 लाख भेड़ें तथा 4.09 लाख सूकर हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पोषण सुरक्षा तथा किसानों की अतिरिक्त आय सुनिश्चित करने में लघु पशुधन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रदेश के पशुधन विभाग द्वारा लघु पशुधन पशुपालकों के विकास हेतु बकरी पालन की योजना संचालित है, जिसकी प्रति इकाई लागत रू0 60,000 है, जो कि 90 प्रतिशत अनुदानित है। वर्ष 2025-26 में कुल 1786 इकाईयां स्थापित की गयी तथा वर्ष 2026-27 में बकरी पालन की योजनान्तर्गत 1896 इकाईयों का लक्ष्य प्रस्तावित है। इसी प्रकार भेड़ पालन की योजना वर्ष 2025-26 में 224 इकाईयां स्थापित की गई है। इसमें प्रति इकाई लागत 1,70,000 रूपये है



जो कि 90 प्रतिशत अनुदानित है। वर्ष 2026-27 हेतु 225 भेड़ पालन इकाईयों का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में सूकर विकास हेतु सूकर पालन की योजना भी संचालित है, जिसमें वर्ष 2025-26 में 218 इकाईयों स्थापित की गई हैं। इसमें से एक इकाई लागत 1,47,400 रूपये है, यह भी 90 प्रतिशत अनुदानित है। वर्ष 2026-27 हेतु 218 सूकर पालन इकाईयों का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में लघु पशुपालन ग्रामीण महिलाओं, छोटे एवं सीमांत किसानों तथा युवाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। भेड़, बकरी एवं सूकर पालन अपेक्षाकृत कम लागत में बेहतर आय प्रदान करने वाले व्यवसाय हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आजीविका को मजबूती मिल रही है। प्रदेश सरकार लघु पशुधन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता एवं विपणन सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है।

प्रदेश में पशुपालन एवं लघु पशुधन क्षेत्र के सतत विकास, किसानों की आय वृद्धि तथा ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के पशुपालन विभाग एवं ग्लोबल फोरम फॉर सस्टेनेबल ट्रांसफॉर्मेशन और पशुपालन विभाग एवं द गोट ट्रस्ट के साथ अलग-अलग समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन समझौतों के तहत विभाग को नीतिगत एवं तकनीकी सहयोग, क्षमता संवर्धन, प्रशिक्षण, नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन, नवाचार आधारित समाधान तथा बकरी पालन एवं पशुधन विकास से संबंधित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग प्राप्त होगा।

'यू.पी. स्मॉल लाइवस्टॉक कॉन्क्लेव-2026' वैज्ञानिकों, उद्यमियों और पशुपालकों के बीच ज्ञान एवं अनुभवों के आदान-प्रदान का प्रभावी मंच सिद्ध हुआ है, इसमें प्रदेश में लघु पशुधन आधारित उद्यमिता को नई गति मिलेगी। प्रदेश में श्वेत क्रान्ति, ब्लू क्रान्ति और पिंक क्रान्ति के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल रही है। लघु पशुधन आधारित उद्यम से पशुपालकों की आय में वृद्धि उत्पादकों की गुणवत्ता व विपणन को आधुनिक व सुगम बनाया जा रहा है, जो प्रदेश की आय में वृद्धि कर वन ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना योगदान प्रदान करेंगे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सरस्वती विद्या मन्दिर में प्रारम्भ हुआ संकुल स्तरीय आचार्य दक्षता वर्ग



**फतेहपुर।** सरस्वती विद्या मन्दिर प्रचार प्रमुख मानेश के विज्ञप्ति के अनुसार त्रिदिवसीय आचार्य दक्षता वर्ग का उद्घाटन सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव एवं अतिथियों के द्वारा, दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का परिचय सुशील जी ने कराया। वर्ग की प्रस्ताविकी विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार द्वारा रखी गई। मुख्य अतिथि राकेश श्रीवास्तव द्वारा वर्ग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्रबंधक ने सेवा भारति के द्वारा किए गए कार्यो के बारे मे जानकारी दी. गजेंद्र सिंह ने आचार्यों को पंचपदीय आधारित नयी शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षण कार्य करने के लिए कहा. बेहतर शिक्षण करने से बच्चों को बेहतर तरीके से विषय की जानकारी दे सकते सकते हैं। इसके अगले चरण में हिंदी के आचार्य धनवीर सिंह ने पंचपदीय आधारित शिक्षण कैसे करें और प्रभावी ढंग से कैसे अपनी बात बच्चों के सामने रखे। इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज खागा के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज खुशवक्तराय नगर के प्रधानाचार्य पंकज मिश्र, सरस्वती शिशु मंदिर चौक की प्रधानाचार्या वर्षा एवं संकुल के विभिन्न विद्यालय के लगभग 250 आचार्य/आचार्या ने प्रतिभाग किया।

### जांच के दौरान हंगामा, अधिकारियों पर पक्षपात का आरोप

**ऐझी ग्राम सभा में भ्रष्टाचार जांच पर उठे सवाल, शिकायतकर्ता और ग्रामीणों ने निष्पक्षता पर जताई नाराजगी**



**असोथर, फतेहपुर।** विकास कार्यों में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चर्चित विकासखंड असोथर के ऐझी ग्राम सभा में जांच करने पहुंची अधिकारियों की टीम खुद विवादों में घिर गई है। शिकायतकर्ता और ग्रामीणों ने जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर गांव में काफी नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम सभा में नाली,खड़ंजा, मनरेगा,रीबोर सहित विभिन्न विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं।शिकायतकर्ता का आरोप है कि विकास कार्यों के नाम पर लगभग दो करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी की गई है। इस संबंध में कई शिकायतें शासन और प्रशासन तक पहुंचने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच के लिए अधिकारियों की टीमगठित की गई थी। जिसकी जांच जिलाकार्यक्रम अधिकारी दीप्ती त्रिपाठी, लेखापरीक्षा अधिकारी अमरेंद्र सिंह और पीडब्ल्यूडी के एक्ससीएन द्वारा की गई। सचिव दीपक तिवारी,सुरेश कुमार से अभिलेख प्राप्त करके प्रार्थना पत्र में उल्लिखित कार्यों का भौतिक सत्यापन किया और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। शिकायतकर्ता सौरभसिंहचौहान ने बताया कि ग्रामीणों को उम्मीद थी कि जांच टीम गांव पहुंचकर संबंधित स्थलों का भौतिक सत्यापन करेगी और ग्रामीणों के बयान दर्ज करेगी। उनका आरोप है कि जांच जिला कार्यक्रम अधिकारी दीप्ती त्रिपाठी गांव पहुंचने के बाद सीधे प्रधान के घर चली गईं और वहां प्रधान समर्थकों से बातचीत कर सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी।उन्होंने कहाकि ग्रामीण सुबह से जांच टीम का इंतजार करते रहे, लेकिन उनकी बात सुने बिना ही जांच पूरी करने का प्रयास किया गया। शिकायतकर्ता ने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे और आवश्यक होने पर न्यायालय की शरण भी लेंगे।वहीं कई ग्रामीणों ने भी जांच प्रक्रिया पर असंतोष व्यक्त करते हुए दोबारा निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई है। दूसरी ओर प्रधानपति सुरेंद्र द्विवेदी ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि चुनावी रंजिश के चलते लगातार शिकायतें की जाती हैं। गांव में हुए विकासकार्यों की सच्चाई ग्रामीण स्वयं बता सकते हैं। उन्होंने कहाकि यदि विकास कार्य नहीं हुए होते तो बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके समर्थन में सामने नहीं आते। फिलहाल जांच को लेकर गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है। अब सबकी नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई और जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई है।

### बाइक की टक्कर में युवक गंभीर घायल, मुकदमा दर्ज

**उरई (जालौन)।** रेंढ़र थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रेंढ़र निवासी प्रमोद कुमार पुत्र स्व. गिरिजाशंकर 10 मई 2026 को अपनी मोटर साइकिल संख्या यूपी 92 एएम 1715 से रेंढ़र से बंगरा जा रहे थे। आरोप है कि तोरना और कुठौन्दा के बीच सामने से आ रही बाइक संख्या यूपी 92 एफ3163 का चालक बीरू पुत्र बीरेन्द्र शाक्य निवासी ग्राम बंगरा, थाना माधौगढ़ तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में प्रमोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके बाएं पैर और बाएं हाथ में फ्रैक्चर होने के साथ सिर में भी गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना में उनकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल का उपचार ग्वालियर स्थित डॉ. अनुपम गुप्ता नर्सिंग होम में चल रहा है। घटना के संबंध में पीड़ित ने रेंढ़र थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**फोर्ट मंगलगढ़ पैलेस जैसे हेरिटेज प्रोजेक्ट**

# ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने का करेंगे कार्यः मंत्री धर्म पाल सिंह

- प्रदेश के पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने फीता काटकर किया फोर्ट मंगल पैलेस हेरीटेज होटल व मोती महल रेस्टोरेंट का शुभारम्भ, कहा इससे बुन्देलखण्ड के पर्यटन विकास को मिलेगी नई दिशा



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने ऐतिहासिक राजमहल को हेरिटेज होटल के रूप में विकसित किया है जिसका शुभारम्भ बीती शाम प्रदेश के पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने फीता काटकर किया। होटल के साथ ही मोती महल रेस्टोरेंट का भी मुख्य अतिथि द्वारा शुभारंभ किया गया। साथ ही मोती महल रेस्टोरेंट में व्यंजनों का आनन्द भी उठाया।

बताते चलें कि खण्डहर के रूप में तब्दील होते रियासत कालीन राजमहल को पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत द्वारा करोड़ की लागत से राजमहल को उसी कला शैली में जीवंत करते हुए एक बार फिल आलीशान भवन तैयार कराते हुए फोर्ट मंगलगढ़ पैलेस हेरिटेज के रूप में विकसित किया। पर्यटकों के लिए ठहरने की समुचित व्यवस्थाओं के साथ ही रेस्टोरेंट की जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्तर की संस्था मोती महल को सुपुर्द किया है। पर्यटकों के लिए पूरी तरह से तैयार हेरिटेज का शुभारम्भ बीती शाम प्रदेश के पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने फीता काटकर किया। शुभारम्भ से पूर्व जैसे ही मुख्य अतिथि मंत्री चरखारी पहुंचे , उनका राजशाही अंदाज में भव्य स्वागत हुआ। परिसर में स्थित मंदिर के दर्शन पूजन के बाद उन्होंने ने मोती महल व हेरिटेज होटल का उद्घाटन किया। कस्बा में ऐतिहासिक हेरिटेज होटल ÷फोर्ट मंगलगढ़ पैलेस÷ के उद्घाटन समारोह में आये मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध उत्पादन विकास विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि यह केवल एक होटल का उद्घाटन नहीं, बल्कि बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर एवं पर्यटन की अपार संभावनाओं को नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फोर्ट मंगलगढ़ पैलेस जैसे हेरिटेज प्रोजेक्ट न केवल हमारी ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने का कार्य करेंगे, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे। इससे बुंदेलखंड के पर्यटन विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। उद्घघाटन के अवसर पर पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने कहा मेरा प्रयास चरखारी रियासत की ऐतिहासिक धरोहर स्वरूप को बचाने एवं इसे विश्व पर्यटन के मानचित्र में जोड़ना सफलता की ओर आ रहा है, चरखारी विधायक डॉ बृजभूषण उर्फ गुड्डू राजपूत ने कहा कि पर्यटक स्थल पर रेस्टोरेंट एवं होटल बहुत आवश्यक जिसमे पर्यटक चरखारी की ऐतिहासिक सप्त सरोवर एवं मंदिरों के दर्शन कर सकें। राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद, गिरजाचरण राजपूत' राठ पालिकाध्यक्ष श्रीनिवास उर्फ बब्लू बुधौलिया, कुलपहाड़ चैयरमैन वैभव अरजारिया, सुदर्शन सिंह राजपूत' भागीरथ नागायच' शुलभ सक्सेना, ब्लाक प्रमुख सीमा कुशवाहा, हरिहर मिश्रा' डा. सुखनन्दन मिश्र' भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ऋषि चौरसिया, पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हमीरपुर लक्ष्मी दादा, पुर्व ब्लाक प्रमुख निर्भय सिंह, दिनेश कुमार उर्फ गुन्नी, पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लाखन सिंह' उदित राजपूत' रोहित कटियार' इंजी. अमित पटैरिया' योगेश मिश्रा' एडवोकेट कालीचरण दीक्षित' मनोज द्विदि्सेदी' कैलाश ताम्रकार' नीरज गुप्ता' अनिल सोनी' राहुल बड़ौनिया' रविकान्त मिश्रा' हरिओम चौरसिया सहित सैकड़ों की संख्या में आए गणमान्य लोग इस महत्वपूर्ण पल के साक्षी रहे।

## पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्म पाल सिंह ने गोवंश संरक्षण एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद महोबा में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश संरक्षण, भूसा भण्डारण, गोचर भूमि पर हरा चारा उत्पादन एवं पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विधायक चरखारी बृजभूषण सिंह राजपूत , मुख्य विकास अधिकारी महोबा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अपर निदेशक गोधन पशुपालन निदेशालय लखनऊ, अपर निदेशक ग्रेड.2 चित्रकूटधाम मण्डल बांदा समस्त उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी / पशु चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री द्वारा आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए समस्त गौ आश्रय स्थलों में आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक गौशाला में गोवंशों के सुरक्षित आश्रय हेतु चबूतरों व जहां जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने की सम्भवना है वहां पर तत्काल खण्डजा-पण्डजा का निर्माण कराया जाए, जिससे वर्षा के दौरान गोवंश सुरक्षित रह सकें। मंत्री ने बड़ी गौशालाओं में गोबर गैस संयंत्र स्थापित कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशालाओं में संरक्षित समस्त गोवंशों एवं जनपद के अन्य पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए जिससे उन्हें संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखा जा सके। बैठक में गोचर भूमि पर नेपियर घास की बुवाई कराये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये, जिससे गौ. आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशों को हरा चारा पर्याप्त मात्रा में मिल सके। इसके उपरांत मंत्री द्वारा प्रेस वार्ता की गयी, जिसमे मंत्री नें कहा कि सरकार प्रदेश में पशुपालकों की आय बढ़ाने पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में भूसा बैंक बनाने की योजना चलायी जा रही है एवं गोवंशो की नस्ल सुधार पर कार्य किया जा रहा है तथा चरागाह (गोचर) भूमि अतिक्रमण मुक्त करायी जा रही है।मोबाइल वेटरिनरी यूनिट (1962 हेल्पलाइन) के जरिए पशुओं के इलाज की सुविधा दी जा रही है।नंद बाबा दुग्ध मिशन, मिनी नंदिनी योजना और डेयरी इकाइयों पर 40 से 60 प्रतिशत तक अनुदान दिए जा रहा है।

## पुलिस से बेखौफ दबंगों ने पशुपालक को सरेआम गोली मारी, रेफर

- सीओ दीपक दुबे के अनुसार रुपयों के लेन देन का बताया जा रहा है मामला



**महोबा।** कोतवाली चरखारी के अन्तर्गत ग्राम गौरहारी बुधवार की शाम तब गोलियों की तड़तड़ाहट से तब गूंज उठा। जब खेतों से भैंस,व गाय चराकर घर लौटते समय दबंगों ने सरेआम पशु पालक पर जानलेवा हमला करते हुए गोलीबारी कर दी। पेट में गोली लगने से अधेड़ घायल हो गया। पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गौरहारी निवासी फूल सिंह पुत्र गोपी चन्द्र उम्र 56 वर्ष बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे प्रतिदिन की भाँति अपनी पालतू पशुओं को चराकर वापिस घर लौट रहा था। तभी जान से मारने की नीयत से पहले से घात लगाए बैठे दबंग पिता पुत्र ने अवैध तमंचों से फायरिंग कर दी। शाम के समय अचानक फायरिंग से पूरे गाँव में सनसनी फैल गई। दबंगों के हमले से बचने के लिए फूल सिंह ने भागने का भरसक प्रयास किया। लेकिन दबंगों ने खदेड़ते हुए गोली मार दी। पेट में गोली लगने से वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर तमंचे लहराते हुए फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजनों द्वारा तुरन्त घायल को उपचार के लिए सीएचसी चरखारी में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल महोबा के लिए रिफर कर दिया। घायल के परिजनों द्वारा दबंग पिता पुत्र राहुल एवं रामगोपाल पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा रहे है। घटना से पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया है। गौरहरी चौकी पुलिस और चरखारी कोतवाली पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर छापेमारी में जुट गई है। इस सम्बन्ध में सीओ दीपक दुबे का कहना है कि रूपयों के लेन देन को लेकर मारपीट की घटना प्रकाश में आयी है। कोतवाली चरखारी प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप ने बताया कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस टीम जुट गई है।

### खेत के कुएं में मिला लापता व्यक्ति का शव

**कुलपहाड़/महोबा।** कोतवाली क्षेत्र के लाड़पुर ग्राम में धर्मदास पुत्र मल्लू उम्र करीब 46 वर्ष जो बुधवार को सुबह से लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद जानकारी मिली कि गांव के बाहर खेत में बने एक कुएं के पास उसे देख गया है। ग्रामीणों ने कुएं में देखा तो वहां मृतक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक की शादी नहीं हुई थी। उसके भाई के चार लड़के है, जिनमें से एक के साथ वह रहता था। मृतक के कुएं में अचानक गिरने की संभावना जताई जा रही है। कोतवाली प्रभारी अवधेश मिश्रा का कहना है कि मामला आकस्मिक दुर्घटना का प्रतीत होता है।

## मोहर्रम की नवीं पर ताजियों के दीदार के लिए उमड़ा सैलाब

- देर रात तक उठे सभी ताजिया, कुंड तालाब पर आज होगा मिलाप



**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मोहर्रम पर्व की नवीं पर जिले के कोने-कोने से अकीदतमंद ताजियों का दीदार करने के लिए शहर आये। जिससे शहर के अधिकतर मार्ग एवं गलियां लोगों से गुलजार रहीं। शहर के अलग-अलग स्थानों से उठाये गए दर्जन भर ताजियों ने निर्धारित मार्गो पर गश्त किया तत्पश्चात सभी ताजिये कल (आज) अपने इमामबाड़ों पर रख जायेंगे। पर्व को लेकर लाला बाजार में मेला लगा रहा। घरेलू सामान के साथ-साथ महिलाओं की श्रृंगार संबंधित सामग्री एवं बच्चों के खिलौने तथा खाद्य पदार्थो की दुकानें सजी हुयी हैं। बाहर से आने वाली महिलाओं ने जहां इन दुकानों से खरीददारी की वहीं बच्चों ने मनपसंद खिलौने लिये। खाद्य पदार्थों का स्वाद भी लेते रहे। पूरा दिन भीड़ देखते ही बनी। मोहर्रम पर्व दस दिनों तक मनाया जाता है। जो चांद देखने के बाद शुरू हो जाता है। चांद की ग्यारहवीं तारीख को इस पर्व का समापन होता है। हर दिन अलग स्थान से अलग ताजिया उठाये जाते हैं। पांच तारीख से यह पर्व अपने शबाब पर पहुंचने लगता है क्योंकि पांचवी को अलम जुलूस में शहर भर के अलम शामिल होते हैं और छठवीं मोहर्रम को छहः ताजियों का मिलाप होता है। सातवीं को पलंग जुलूस उठता है। आठवीं को सभी ताजिया अपने-अपने इमामबड़े पर रखे होते हैं। गत दिवस आठवीं थी। इमामबाड़ों में पहुंचकर अकीदतमंदों ने फातिहा पढ़ा। ताजियों पर मन्नतें भी मानी जाती है और जिनकी मन्नते पूरी हो जाती है। वह चढ़ावा भी चढ़ाते हैं। चढ़ावा चढ़ाने का सिलसिला यूं तो आठवीं से ही शुरू हो जाता है। लेकिन नवीं को यह सिलसिला देखते ही बनता है क्योंकि नवीं से मुख्य ताजिया उठते हैं। जिसमें चांदू मियां का प्रसिद्ध ताजिया शामिल रहता है। गुरूवार को नवीं होने के कारण शहर के ही नहीं बल्कि जनपद के कोने-कोने एवं गैर जनपदों से भी अकीदतमंद ताजियों का दीदार करने के लिए आये। बड़ी संख्या मे चढ़ावा चढ़ाने वाले भी शामिल रहे। सुबह से फातिहा पढ़ने एवं चढ़ावा चढ़ाने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह देर रात तक जारी रहा। चांदू मियां का ताजिया सहित सभी ताजिया लगभग अर्द्धरात्रि को उठाये गये। जो अपने कदीमी रास्तों से घूमते हुए भोर के समय मुस्लिम इंटर कालेज पहुंचेंगे। जहां पर इनका कल (आज) सुबह लगभग नौ बजे मिलाप होगा। ताजियों के भ्रमण का सिलसिला आज भी दिनभर बदस्तूर जारी रहेगा। चांदू मियां को छोड़कर सभी ताजिया देर रात ठंडे कर दिये जाएंगे। चांदू मियां का ताजिया कल ठंडा होगा। छठवीं मोहर्रम से लाला बाजार मे घरेलू सामानों के साथ-साथ बच्चों के खिलौनों की दुकानें सजी है। साथ ही विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की भी दुकाने लगी है। मोहर्रम देखने वाले शहरी एवं बाहरी लोग खरीददारी के साथ-साथ खाद्य पदार्थों का भी आन्नद लेते हैं। लाला बाजार मे छठवीं से शुरू हुआ यह सिलसिला नवीं को उरूज पर रहा। जिले भर से आये लोगों मे महिलाएं और बच्चों की भीड़ यहां देखते ही बनी। सुबह से खरीददारी का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह देर रात तक चलता रहा। महिलाएं घरेलू सामान के साथ-साथ श्रृंगार सामग्री खरीदने में व्यस्त दिखीं तो बच्चे खिलौने आदि खरीदते रहे। वहीं लुचई, सब्जी एवं कवाब-समोसा आदि की दुकानों में इन खाद्य पदार्थों का स्वाद लेने वालों की लाइन लगी रही। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतेजाम किये गये हैं। ताजियों के साथ-साथ पुलिस बल चलता रहा। जुलूस का नेतृत्व ताजिया व अलम इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष चौधरी मोईन राइन, महासचिव वारिस उद्दीन, मीडिया प्रभारी कफील अहमद, इंतेजामकार फरीद खां, इस्माइल वारसी ने किया।

### शिया समुदाय ने किया आग पर मातम

**फतेहपुर।** इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम की नवीं पर शिया समुदाय की ओर से लाला बाजार स्थित मस्जिद के समीप मातम का एहतमाम किया गया। शिया समुदाय के युवा व बुजुर्गों ने मिलकर आग के अंगारों पर चलकर इमाम हुसैन को खेराज-ए-अकीदत पेश की या हुसैन की सदाओं से समूचा वातावरण गूंज उठा। मातम देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। आयोजन स्थल के आस-पास पैर रखने की भी जगह नहीं रही। सभी या हुसैन, या हुसैन की सदाएं लगाते रहे।

### आज लाला बाजार में होगा छूरी का मातम

**फतेहपुर।** मोहर्रम की दसवीं (आशूरा) के दिन इमाम हुसैन र.अ. ने अपने 72 साथियों के साथ कुर्बानी पेश की थी। जिनकी याद में मोहर्रम की एक तारीख से दस तारीख तक शिया समुदाय में मातम के साथ-साथ नौहा ख्वानी का सिलसिला चलता है। वहीं सुन्नी समुदाय में शहादतनामा का दौर जारी रहता है। कल (आज) 10 वीं मोहर्रम पर शिया समुदाय के लोग लाला बाजार स्थित मछली मार्केट के समीप छूरी का मातम करेंगे। साथ ही शिया समुदाय के ताजिए व अलम भी उठाए जाएंगे। जो मातम के बाद अपने निर्धारित मार्गों से भ्रमण करते हुए बिंदकी बस स्टाप स्थित कर्बला पहुंचेगे। जहां इमाम हुसैन की याद में नौहा ख्वानी के बीच ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

### इंस्टाग्राम पोस्ट से मिला सुसाइड अलर्ट, पुलिस की तत्परता से बची छात्र की जान

**माधौगढ़ (जालौन)।** सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक आत्मघाती वीडियो के बाद मिले तकनीकी अलर्ट ने जालौन में एक युवक की जान बचा ली। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और संवेदनशीलता के चलते महज सात मिनट के भीतर युवक तक पहुंचकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। मामला माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा का है। गांव निवासी 20 वर्षीय दीपेन्द्र गौतम, जो आईटीआई के छात्र हैं, पिछले कुछ समय से प्रेम-प्रसंग को लेकर मानसिक तनाव से गुजर रहे थे। तनाव के चलते उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आत्महत्या से संबंधित एक वीडियो पोस्ट कर दिया। वीडियो अपलोड होते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मेटा की ओर से पुलिस मुख्यालय को सुसाइडल अलर्ट भेजा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मुख्यालय ने माधौगढ़ पुलिस को सतर्क किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अभिलाष कुमार मिश्र के निर्देशन में पुलिस टीम तत्काल हरकत में आई और युवक के घर के लिए रवाना हो गई। कांस्टेबल मनीष शुक्ला तथा रिक्रूट कांस्टेबल गौरव कुमार सहित पुलिसकर्मी कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुंच गए। घर पहुंचने पर दीपेन्द्र अचेत अवस्था में मिले। पुलिस ने बिना देरी किए परिजनों की सहायता से उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंच जाने से उनकी जान बच गई, जबकि थोड़ी भी देरी स्थिति को गंभीर बना सकती थी। उपचार के बाद दीपेन्द्र की हालत सामान्य बताई जा रही है। इसके बाद पुलिस ने युवक और उसके परिजनों की काउंसलिंग भी कराई। युवक ने भविष्य में ऐसा कदम न उठाने का लिखित एवं मौखिक आश्वासन दिया है। परिजनों ने पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता की सराहना करते हुए पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

## जगम्मनपुर के ऐतिहासिक गांधी चबूतरा के पुनर्निर्माण की उठी मांग

- 15 अगस्त 1947 को जब दिल्ली के लाल किले पर तिरंगा फहराया गया, उसी समय इस गांधी चबूतरे पर भी ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता का उत्सव मनाया गया था



**जगम्मनपुर (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड रामपुरा के ग्राम जगम्मनपुर में स्थित लगभग 100 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक धरोहर गांधी चबूतरा के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद ग्रामीणों ने इसके पुनर्निर्माण की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह चबूतरा केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। गांव के भोलावन मंदिर के समीप स्थित गांधी चबूतरा का इतिहास स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा हुआ है। बुजुर्गों के अनुसार महात्मा गांधी के नेतृत्व में चल रहे आजादी के आंदोलन के दौरान इसी स्थान पर जगम्मनपुर एवं आसपास के गांवों के युवाओं ने तिरंगा फहराकर अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष का उद्घोष किया था। इस दौरान कई युवाओं को अंग्रेजी हुकूमत ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जिनमें स्वर्गीय कैलाश नारायण मिश्रा का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। देश की आजादी के बाद 15 अगस्त 1947 को जब दिल्ली के लाल किले पर तिरंगा फहराया गया, उसी समय इस गांधी चबूतरे पर भी ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता का उत्सव मनाया गया था। तब से लेकर आज तक प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त, 26 जनवरी और 2 अक्टूबर को यहां राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता रहा है। हालांकि मिट्टी के कटान, चबूतरे में आई दरारों और हाल की भारी वर्षा के कारण यह ऐतिहासिक संरचना पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब यहां राष्ट्रीय पर्वों पर कार्यक्रम आयोजित करना भी कठिन हो गया है। गांव के युवा हर्ष शर्मा, नीरज रावत,सौम्य पोरवाल, जीशान खान, पारस नामदेव, अंकित तिवारी और हर्ष लक्षकार सहित अन्य लोगों ने डीएम जालौन, उप जिलाधिकारी माधौगढ़ एवं खंड विकास अधिकारी रामपुरा से गांधी चबूतरा के शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग की है।

# हर खातेदार को मिलेगा उसका सही राजस्व अंश, जनपद में 1,123 गांवों में विशेष अभियान शुरू

- 4 जुलाई 2026 तक ग्रामवार बैठकों के माध्यम से होगा अंश निर्धारण एवं त्रुटि संशोधन
- डीएम ने आमजन से अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की
- राजस्व अभिलेख होंगे त्रुटिरहित, हर खातेदार को मिलेगा उसका वैधानिक अधिकार

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में खातेदारों एवं सह-खातेदारों के बचे हुए गाटों में अंश निर्धारण तथा त्रुटिपूर्ण अंश निर्धारण के संशोधन के लिए 22 जून से 4 जुलाई 2026 तक संचालित विशेष अभियान की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान किसानों एवं खातेदारों के राजस्व संबंधी अधिकारों से सीधे जुड़ा हुआ है। इसलिए प्रत्येक पात्र खातेदार का अंश निर्धारण एवं त्रुटिपूर्ण अंश निर्धारण का संशोधन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उप जिलाधिकारी अपने-अपने तहसील क्षेत्र में अभियान की नियमित समीक्षा करें तथा ग्राम स्तर पर आयोजित बैठकों का प्रभावी पर्यवेक्षण करें, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति अभियान के लाभ से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी उप जिलाधिकारियों द्वारा लेखपालों का राजस्व ग्रामवार रोस्टर तैयार किया गया है।




निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लेखपाल संबंधित ग्रामों में बैठक आयोजित कर खातेदारों एवं सह-खातेदारों की उपस्थिति में अंश निर्धारण तथा त्रुटिपूर्ण अंश निर्धारण संशोधन की कार्यवाही संपादित करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि बैठक आयोजित होने से पूर्व ग्रामवासियों को इसकी व्यापक सूचना दी जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर अपने अभिलेखों का सत्यापन करा सकें। उन्होंने अभियान की प्रभावी निगरानी हेतु अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किए जाने की जानकारी देते हुए निर्देश दिया कि अपर जिलाधिकारी (वित्त), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) तहसीलवार आयोजित ग्राम स्तरीय बैठकों का औचक निरीक्षण कर अभियान की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। साथ ही सभी राजस्व अधिकारी शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई मानकीकृत एसओपी के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद की सभी पांचों तहसीलों के कुल 1,123 राजस्व ग्रामों में यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने सभी खातेदारों, सह-खातेदारों एवं ग्रामवासियों से अपील की कि वे निर्धारित तिथि पर आयोजित ग्राम स्तरीय बैठकों में आवश्यक अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर अभियान में सक्रिय सहभागिता करें, ताकि राजस्व अभिलेखों में लंबित अंश निर्धारण एवं त्रुटियों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, समस्त उप जिलाधिकारी आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

समृद्धि न्यूज़ — राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — समृद्ध समाज का आधार

बाराबंकी/अमेठी/रायबरेली/सीतापुर

लखनऊ, शुक्रवार, 26 जून, 2026



# सहभागिता योजना के अन्तर्गत गौपालकों के भुगतान में लापरवाही पर होगी जवाबदेही तय : डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में ग्राम विकास, पंचायती राज, गोशालाओं व स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न
- गौशालाओं के प्रभावी संचालन, फैमिली आईडी निर्माण एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, गोशालाओं एवं जिला स्वच्छता समिति से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने महिला स्वयं सहायता समूहों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने, फैमिली आईडी निर्माण में तेजी लाने तथा प्रधानमंत्री आवास, एनआरएलएम एवं अन्य विकास योजनाओं की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्नपूर्णा भवनों के शेष फिनिशिंग कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कर संचालित करानेह के निर्देश भी दिए। गौशालाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि नामित नोडल अधिकारी संबंधित खंड विकास अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर निरीक्षण में पाई गई कमियों को दूर कराएं।

उन्होंने गौशालाओं में हरा चारा, साइलेज एवं भूसे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सहभागिता योजना के अंतर्गत गौपालकों को समय से भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। पंचायती राज विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने गांवों में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने, नालियों की नियमित सफाई, अधूरे शौचालयों का निर्माण पूर्ण कराने तथा पंचायत सहायकों का समय से मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पेंशन योजनाओं के आवेदनों का समयबद्ध सत्यापन कर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने को कहा।

बैठक में जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए राकेश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोचिंग संस्थानों व लाइब्रेरी की अग्नि सुरक्षा जांच में जुटा प्रशासन

**समृद्धि न्यूज़, रामनगर बाराबंकी।** राजधानी लखनऊ में कोचिंग सेंटर में हुए दुखद अग्निकांड के बाद प्रदेश भर में कोचिंग संस्थानों एवं लाइब्रेरी सेंटरों के सुरक्षा मानकों की जांच का अभियान चल रहा है।इसके बावजूद तहसील रामनगर क्षेत्र में जगह-जगह संचालित हो रहे कई कथित अवैध कोचिंग,कंप्यूटर एवं लाइब्रेरी सेंटरों पर इसका कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा है।नगर पंचायत रामनगर, बुढ़वल चौराहा, फतेहपुर मार्ग सहित विभिन्न स्थानों पर दर्जनों संस्थान बिना पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के संचालित होने की चर्चा है।जांच और निरीक्षण के नाम पर स्थिति लगभग शून्य बताई जा रही है।अधिकांश संस्थान संकरी दुकानों एवं बहुमंजिला भवनों में संचालित हो रहे हैं, जहां छात्रों के आने-जाने के लिए केवल एक ही रास्ता उपलब्ध है।

## प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर अवधेश श्रीवास्तव के सम्मान में उमड़ा जनसैलाब



**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी द्वारा पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव को प्रदेश मंत्री नियुक्त किए जाने पर रामसनेहीघाट क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्रीय नागरिकों का उनके आवास पर बधाई देने के लिए तांता लग गया। लोगों ने इसे संगठन द्वारा एक अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ता पर जताया गया विश्वास बताते हुए प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। अवधेश श्रीवास्तव दो बार भाजपा के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। उनके नेतृत्व में बाराबंकी जैसे समाजवादी पार्टी के मजबूत गढ़ माने जाने वाले जिले में भाजपा ने संगठनात्मक मजबूती हासिल की और विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों में उल्लेखनीय सफलता दर्ज की। विद्यार्थी परिषद से राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले श्रीवास्तव को जमीनी स्तर का नेता माना जाता है। उनकी कार्यकुशलता और संगठन क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें प्रदेश संगठन में नई जिम्मेदारी सौंपी है।

## बच्चों को खिला रहे रु. 2 वाला पारले-जी और विद्यालय से नदारत रहते हैं प्रधानाचार्य

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

अमावा विकासखंड क्षेत्र के पहरेमऊ गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य पर बच्चों और वहां के सहायक अध्यापक द्वारा गंभीर आरोप लगाते हुए कहा गया कि देर से आना जल्दी जाना प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह की कार्यशैली में शामिल है तथा वह जब भी आते हैं तो काफी देर से आते हैं और बहुत जल्दी चले जाते हैं । प्राथमिक विद्यालय पहरेमऊ के बच्चों ने बताया कि हम सभी को आज मिड डे मील में पारले जी बिस्किट दो रुपए वाला दिया गया है। प्रधानाचार्य के बारे में जानकारी करने पर बच्चों ने बताया कि देर से आते हैं और जल्दी चले जाते हैं कभी-कभी समय से आते हैं नहीं ज्यादातर देर से ही विद्यालय आते हैं और जल्दी चले जाते हैं इस विषय में जब सहायक अध्यापक वेद प्रकाश सिंह से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने बताया कि किसी कारणवश आज मिड डे मिल नहीं बना है जिसके कारण रु.2 वाला पारले बिस्कुट बच्चों को लंच में दिया गया है और प्रधानाचार्य जी देर से आते हैं और जल्दी चले जाते हैं ।वही सोचने वाली बात है कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार भ्रष्टाचारियों पर आफत बनकर बरसती है और मिड डे मील योजना के तहत संचालित भोजन न खिलाकर बच्चों को पारले जी बिस्किट खिलाया जा रहा है और प्रधानाचार्य का समय से न आना उनके रसूक और ऊंची पहुंच की गवाही दे रहा है।

## कृषि प्राविधिक सहायक पद पर चयनित हुए अश्विनी वर्मा, गांव में खुशी का माहौल



**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** विकासखंड बनीकोडर के ग्राम मऊ गोरपुर निवासी अश्विनी वर्मा का उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) द्वारा कृषि प्राविधिक सहायक पद पर चयन होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गुरुवार को पूर्व जिला सचिव कांग्रेस मनीष कुमार ने उनके आवास पहुंचकर माल्यार्पण किया, मिठाई खिलाकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अश्विनी वर्मा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा आधुनिक भारतीय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज भिटरिया से प्राप्त की। इसके बाद इंटरमीडिएट की शिक्षा रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज, बाराबंकी से तथा परास्नातक की पढ़ाई आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) से पूरी की। चयन से पूर्व वह राम अर्पित महाविद्यालय, गाजीपुर कोटवा सड़क में कृषि संकाय के प्रवक्ता के रूप में कार्यरत थे। अश्विनी वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों तथा राम अर्पित महाविद्यालय के प्रबंधक मनीष सिंह और निदेशक प्रांजल सिंह को दिया। उन्होंने कहा कि सभी के मार्गदर्शन, सहयोग और प्रेरणा से यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। इस अवसर पर रामगोपाल वर्मा, डॉ. विश्वास, रिकू वर्मा, जाकिर हुसैन, उपेंद्र वर्मा, आशीष वर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पीएम आवास की किस्त के नाम पर 20 हजार मांगने का आरोप
# लाभार्थी ने सभासद व उसके पिता के खिलाफ दी तहरीर, जांच शुरू

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।**



गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित अवैध वसूली का मामला सामने आया है। नगर पंचायत के ठठेरहा वार्ड की लाभार्थी पूनम ने वार्ड सभासद शिवा और उसके पिता विश्वनाथ पर आवास की अगली किस्त जारी कराने के नाम पर 20 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। रुपये न देने पर किस्त रुकवाने और अधबना मकान गिरवा देने की धमकी देने की भी शिकायत की गई है। गुरुवार को एसडीएम अनुराग सिंह को दिए शिकायती पत्र में पूनम ने बताया कि उसके आवास की दीवारें बन चुकी हैं, जबकि छत का निर्माण शेष है। आरोप है कि सभासद और उसके पिता लगातार 20 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं। विरोध करने पर उन्होंने खुद को प्रभावशाली बताते हुए शिकायत का कोई असर न होने की बात कही। पीड़िता ने दावा किया है कि रुपये मांगने और धमकी देने का ऑडियो भी उसके पास सुरक्षित है। प्रधानमंत्री आवास योजना में अवैध वसूली की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन पहली बार किसी लाभार्थी ने लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम अनुराग सिंह ने कोतवाली प्रभारी को जांच कर दोषी पाए जाने पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। कोतवाली प्रभारी दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। जांच में अन्य किसी व्यक्ति की संलिप्तता सामने आने पर उसके खिलाफ भी विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायत सही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाएगा।

## विद्युत परिवर्तकों के समीप कूड़ा-कचरा न डालें व आग न जलाएं: विद्युत विभाग

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** उपखंड अधिकारी (विद्युत) प्रथम, आनंद सिंह ने बताया कि आमजन द्वारा अनेक स्थानों पर विद्युत परिवर्तकों (ट्रांसफार्मरों) के निकट भारी मात्रा में कूड़ा-कचरा डाला जाता है। इसके अतिरिक्त कुछ लोगों द्वारा उक्त कूड़े एवं सूखे पत्तों में आग भी लगा दी जाती है, जिससे विद्युत परिवर्तकों में आग लगने की गंभीर आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि हाल ही में छाया चौराहा क्षेत्र में स्थापित विद्युत परिवर्तक के समीप डंप किए गए कूड़े में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा दी गई।

## खबरें एक नजर में

### घटना में प्रयुक्त लाठी, डंडा व फरसा के साथ पांच गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना कमरौली में वांछित 5 अभियुक्त सहजराम पुत्र मधऊ, पारसनाथ पुत्र सहजराम, विष्णु पुत्र सहजराम,.बालक लाल पुत्र सहजराम व लक्ष्मी पुत्री लल्लन निवासीगण ग्राम पूरे मोलना मजरे बरसण्डा थाना कमरौली को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 1 फरसा, 1 लाठी तथा 1 बाँस का डंडा बरामद हुआ है। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### चोरी की बैट्री व इन्वर्टर के साथ दो गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जिले में बढ़ते अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान में बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में गौरीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 2 अभियुक्त लकी सिंह उर्फ आदर्श सिंह पुत्र रज्जन सिंह उर्फ राजेश कुमार सिंह निवासी ग्राम गौहनिया मजरे बाजगढी थाना गौरीगंज व अभिषेक सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी पूरे विसेनन मजरे बाजगढी थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर हरदो गौसपुर रोड के पास झाडियों से चोरी की 1 बैट्री, 1 इन्वर्टर व घटना में प्रयुक्त 1 लोहे का राड बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनों लोगों ने मिलकर लोहे के राड से बालेन्द्र के जिम का ताला तोडकर बैट्री व इन्वर्टर चोरी कर लिये थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 30 जून को लगेगा रोजगार मेला

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया है कि आगामी 30 जून को आईटीआई गौरीगंज में प्रधानमंत्री अप्रेंटिस रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्देश्य आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में विजन इंडिया प्रा. लि., बावल, रेवाड़ी सहित प्रतिष्ठित कंपनी द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उक्त कंपनी के लिए आईटीआई उत्तीर्ण एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून को प्रातः 11:30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गौरीगंज परिसर में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री अप्रेंटिस रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकतें हैं।

## जिलाधिकारी ने सुनी जनता की शिकायतें



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# लंबित शादी अनुदान योजना को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में समाज कल्याण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, लंबित आवेदनों की स्थिति और पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शादी अनुदान योजना के तहत लंबित आवेदनों का तीन दिनों के भीतर सत्यापन कर उन्हें अग्रसारित किया जाए, ताकि पात्र परिवारों को समय से आर्थिक सहायता मिल सके। बैठक में



जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्य ने बताया कि योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की पुत्रियों के विवाह के लिए 20 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। आवेदन ऑनलाइन पोर्टल पर किया जाता है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 26-27 में कुल 565 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 245 आवेदन अग्रसारित किए जा चुके हैं, जबकि 300 आवेदन विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की भी समीक्षा करते हुए इनके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए।

# स्पीड लेजर गन से चेक कर ओवरस्पीड वाहनों का हुआ ई-चालान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। स्पीड लेजर गन की मदद से ओवरस्पीड चल रहे करीब 50 वाहनों के ई-चालान किए गए, जिनसे लगभग एक लाख रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। पुलिस का कहना है कि अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-330 पर रामगंज थाना क्षेत्र के कुंरग गांव के पास चलाया गया। यातायात प्रभारी शोभनाथ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्पीड लेजर गन के जरिए वाहनों की गति मापी और निर्धारित सीमा से अधिक गति से चल रहे वाहनों को चिन्हित कर उनके खिलाफ तत्काल ई-चालान की कार्रवाई की। अभियान के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा निर्धारित



गति सीमा के भीतर वाहन चलाने के लिए भी जागरूक किया। यातायात प्रभारी ने बताया कि ओवरस्पीडिंग सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण है और आधुनिक तकनीक के माध्यम से इस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। यातायात विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले के प्रमुख मार्गों और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय सम्प्रेषण गृह का किया निरीक्षण

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित पाल सिंह के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनिशा के राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आवासित बच्चों को उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि आवासित बच्चों को समय से दवा, खाना उनके दैनिक उपयोग की वस्तुओं को समय से उपलब्ध कराया जाए। सचिव द्वारा



इस अवसर पर बच्चों को बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर बच्चों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गई एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिविर व निरीक्षण के दौरान प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड श्रेया सोलंकी, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउंसिल जय सिंह यादव व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के सोहाईबाग निवासी शिवानी पत्नी अरुण कुमार 28 वर्ष जिसका घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे से लटकता शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार परिवारजनों ने शव को नीचे उतारकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस और मृतका के भाइयों के बीच तीखी नोंकझोक हुई। लगभग 6 माह पहले विवाह हुआ था। घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

## लखनऊ सिटी हॉस्पिटल में मरीज की मौत के मामले में जांच समिति गठित

- डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने दिए एक कार्यदिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश
- तीन सदस्यीय समिति करेगी जांच

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जनपद के नेपालापुर स्थित लखनऊ सिटी हॉस्पिटल में कथित चिकित्सकीय लापरवाही के चलते मरीज की मृत्यु के मामले को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने गंभीरता से लिया है। मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित समिति में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर जनार्दन तथा जिला महिला चिकित्सालय की डिप्टी जीएमओ डॉ. चित्रा सोनकर को सदस्य नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने समिति को अस्पताल परिसर एवं संबंधित अभिलेखों की स्थलीय और दस्तावेजीय जांच करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एक कार्यदिवस के भीतर स्पष्ट जांच आख्या प्रस्तुत करने को कहा गया है, ताकि मामले में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

प्रशासन की ओर से की गई इस कार्रवाई को मामले की निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बड़ी मलकियत के बैनामों की जिलाधिकारी ने की जांच

**पंजीकृत विलेखों के सत्यापन के लिए सुर्जीपारा, मासूपुर और उमरिया पहुंचे डीएम, पारदर्शिता व अभिलेखों की शुद्धता पर दिया जोर**

- तीन गांवों की संपत्तियों का किया स्थलीय निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जनपद में बड़ी मालियत के लेखपत्रों की जांच के क्रम में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने गुरुवार को तहसील सदर क्षेत्र के तीन गांवों में पंजीकृत संपत्तियों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित संपत्तियों की वास्तविक स्थिति, भूमि उपयोग तथा अभिलेखों में दर्ज विवरणों का सत्यापन कराया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने ग्राम सुर्जीपारा की पंजीकृत विलेख संख्या 4908/2026, ग्राम मासूपुर



की पंजीकृत विलेख संख्या 4495/2026 तथा ग्राम उमरिया की पंजीकृत विलेख संख्या 5008/2026 से संबंधित संपत्तियों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक महानिरीक्षक निबंधन, सीतापुर भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से संपत्तियों के पंजीकरण, मूल्यांकन तथा राजस्व अभिलेखों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि संपत्तियों के पंजीकरण एवं मूल्यांकन से जुड़े सभी कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं नियमानुसार संपादित किए जाएं। उन्होंने कहा कि अभिलेखों की शुद्धता सुनिश्चित की जाए तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता या विसंगति पाई जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी के इस निरीक्षण से राजस्व एवं निबंधन विभाग में सतर्कता बढ़ी है तथा बड़े मूल्य के संपत्ति पंजीकरणों की नियमित निगरानी पर बल दिया गया है।

## तेज रफ्तार बाइक की ट्रक से टक्कर एक की मौत दूसरा घायल

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के डलमऊ बाईपास में उस समय हड़कंप मच गया जब रोड किनारे खड़े खराब ट्रक में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर लड़ गई जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई और साथी गंभीर रूप से घायल हो गया जानकारी के अनुसार चालक सर्वेश मौर्या उम्र 40 वर्ष पुत्र भिखारी लाल निवासी गजियापुर सरेनी और आयुष मौर्या पुत्र विजय मौर्या 22 वर्ष जोकि एक बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे तभी दर्दनाक हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों लोगों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के दौरान चालक सर्वेश को मृत घोषित कर दिया वहीं साथी को रेफर कर दिया।

# कांग्रेस ने रामधन-चढ़ावा घोटाले जांच की उठाई मांग

▸ पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश अध्यक्ष अजय पाल के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी कन्नौज ने राम मंदिर निर्माण को लेकर एकत्र किए गए रामधन, दान और चढ़ावे में घोटाले और चोरी के आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया कि ऋस्स/क्ष्ठ्क की मिलीभगत से भक्तों द्वारा राम मंदिर निर्माण के लिए दिए गए धन, सोना-चांदी और अन्य कीमती वस्तुओं की चोरी की गई है और करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है। कांग्रेस ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी लोगों के खिलाफ स्न्द्धक्रदर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही चोरी/लूट और घोटाले में शामिल लोगों से धन वापस कराकर उन्हें दंडित करने की भी मांग की गई।

कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने कहा कि राम मंदिर आस्था का प्रतीक है और भक्तों ने अपनी मेहनत की कमाई से दान दिया था। अगर उस धन में घोटाला और चोरी हुई है तो यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के साथ धोखा है। इसकी ष्टक्चद्ध जांच होनी चाहिए। दोषी चाहे



जितना बड़ा पद पर हो, उसे बख्शा न जाए और जनता का पैसा वापस कराया जाए। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह मामला धार्मिक आस्था से जुड़ा है इसलिए इसकी जांच सर्वोच्च प्राथमिकता पर होनी चाहिए। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर जनता का विश्वास बहाल किया जाए।

कन्नौज के जिला अध्यक्ष मो शाकिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेस जनों द्वारा महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के द्वारा दिया गया इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्र, ृद्धष्टष्ट सदस्य राजेश द्विवेदी जी, पूर्व जोनल प्रवक्ता विवेक नारायण मिश्र जिला उपाध्यक्ष एहसानुल हक़, पुष्पेन्द्र पांडेय, सर्वेश यादव, महेश पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष इमरान अली, लियाक़त अली, आकाश कटियार, जितेंद्र सिंह, रमाकांत कटियार, मेराज सिद्दीकी, आदिल अंसारी, पंकज गुप्ता, आमिर अंसारी, कलीम खान,वीनू तिवारी, अजय मिस्र, राशिद, उज़्ज़ाम अहमद, विनय कुमार, आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## अखिलेश सिंह बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**छिबरामऊ, कन्नौज।** राष्ट्रीय कार्यालय पर हुई भारतीय समाज सशक्तिकरण संगठन की बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने अखिलेश सिंह निवासी मोहल्ला गनेश चौधरी छिबरामऊ को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रमुख सचिव कुलदीप सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष मनीष गुप्ता एवं संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सब्जी मंडी में अवैध ठेलियों से लग रहे जाम से राहगीर परेशान



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर की सब्जी मंडी के पास रोजाना लगने वाला जाम लोगों के लिए बड़ी समस्या बनता जा रहा है। मुख्य सड़क पर अवैध रूप से खड़ी होने वाली ठेलियों के कारण यातायात बाधित रहता है और शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सब्जी मंडी थकोतवाली के बेहद नजदीक होने के बावजूद अवैध अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। राहगीरों और व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस की नियमित गश्त के बावजूद सड़क पर ठेलियां लगाने वालों को नहीं हटाया जाता, जिससे जाम की समस्या लगातार बढ़ रही है। कई बार एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। नगर के बुद्धिजीवियों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि ठेली दुकानदारों के लिए निर्धारित स्थान तय किया जाए, सड़क किनारे अतिक्रमण हटाया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर जनता को जाम की समस्या से राहत दिलाई जाए।

# सफाई कर्मचारी शोषण मुक्त नई यात्रा आज से शुरू

**गुरसहायगंज कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों के अधिकारों और ठेका प्रथा को खत्म करने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारी शोषण मुक्त नया यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बबलू चौधरी टाइगर वाल्मीकि के नेतृत्व में यह यात्रा 25 जून 2026 से शुरू होगी।

यात्रा का उद्देश्यः यात्रा का मुख्य उद्देश्य 20 जुलाई को प्रदेश स्तर के सफाई कर्मचारी भाइयों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को चेतावनी मांग पत्र देना है। महासंघ की मांग है कि सफाई कर्मचारियों से ठेका प्रथा खत्म की जाए और उन्हें स्थायी रोजगार व सम्मानजनक वेतन मिले। जिला अध्यक्ष राजा सिंह बाल्मीकि ने कहा कि सफाई कर्मचारी दशकों से



ठेकेदारी प्रथा के शोषण का शिकार हो रहे हैं। न सम्मान, न सुरक्षा, न पक्की नौकरी। 20 जुलाई को मुख्यमंत्री को सौंपे जाने वाले मांग पत्र में हम मांग करेंगे कि सभी सफाई कर्मचारियों को सीधे नगर निकायों में संविदा पर रखा जाए। अब आर-पार की लड़ाई होगी। अगर मांगे नहीं मानी गईं तो महासंघ बड़ा आंदोलन करेगा। यात्रा कार्यक्रमः 1. 25 जून 2026- सुल्तानपुर - यात्रा प्रारंभ 2. 26 जून 2026 कन्नौज - यात्रा पहुंच 3. 27 जून 2026 फर्रूखाबाद - यात्रा पहुंच 4. 28 जून 2026 बिजनौर - यात्रा पहुंच 5. 01 जुलाई 2026 झांसी - यात्रा पहुंच महासंघ ने वाल्मीकि समाज और सफाई कर्मचारी भाइयों से इस आंदोलन में आर्थिक सहयोग करने की अपील की है। कहा गया है कि आपका छोटा सा सहयोग इस बड़े आंदोलन को सफल बना सकता है। आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए यूपीआई आईडी बबलू चौधरी 6096 ओकएचडीएफसीबैंक पर सहयोग लिया जा रहा है।

महासंघ का नारा संगठित हो संघर्ष करो अधिकार लो और जय सफाई कर्मचारी जय संविधान जय भीम के साथ यात्रा आगे बढ़ेगी। अधिक जानकारी के लिए 8303301631 पर संपर्क किया जा सकता है।

## देहरादून में पद्मश्री जसपाल राणा को दी श्रद्धांजलि

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** भाजपा युवा मोर्चा कन्नौज के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज, अर्जुन अवॉर्ड एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित पद्मश्री जसपाल राणा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने देहरादून स्थित उनके पैतृक आवास पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि पद्मश्री जसपाल राणा ने भारतीय निशानेबाजी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। खेल जगत में उनकी उपलब्धियां सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# निगोह खास की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की लिखी नई इबारत

▸ झाड़ू-वाइपर बनाकर खड़ा किया कारोबार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड क्षेत्र के निगोह खास गांव की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। 'भोले बाबा महिला स्वयं सहायता समूह' से जुड़ी महिलाओं ने सीमित संसाधनों और छोटी पूंजी से शुरू किए गए कार्य को आज लाखों रुपये के



कारोबार में बदल दिया है। समूह का गठन 10 सितंबर 2020 को हुआ था, जिसमें सरोज देवी, पूनम, कलावती, पुष्पा, शीला, नन्हीं, कुसमा, सरिता, धनदेवी, रचना और कमला सहित कई महिलाएं शामिल हैं। समूह ने शुरुआत में झाड़ू निर्माण का कार्य शुरू किया था। उनकी मेहनत, गुणवत्ता और उत्पादों की बढ़ती मांग के चलते आज उनके झाड़ू स्थानीय बाजार के साथ-साथ मैनपुरी, फर्रुखाबाद और आसपास के जनपदों तक पहुंच रहे हैं। बढ़ती मांग को देखते हुए समूह ने अब वाइपर निर्माण भी शुरू कर दिया है। समूह की सदस्याओं का कहना है कि यह सामूहिक प्रयास महिलाओं के लिए आय का मजबूत स्रोत बन चुका है। उनकी सफलता ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

# बीएसएफ जवान की अंतिम यात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक, श्रद्धांजलि अर्पित कर दी अंतिम विदाई



**गुरसहायगंज कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

छिबरामऊ क्षेत्र के गांव नौगाईं के 52 वर्षीय बीएसएफ जवान विनीत दुबे का पार्थिक शरीर अंतिम यात्रा के साथ गुरुवार को पैतृक गांव लाया गया। बीएसएफ की 71वीं बटालियन में तैनात विनीत दुबे बंगाल के मुर्शिदाबाद क्षेत्र में नदी किनारे रात्रि ड्यूटी के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से शहीद हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी नौगाईं पहुंचे। उन्होंने शहीद विनीत दुबे के अंतिम दर्शन किए और अंतिम यात्रा में शामिल होकर उनके पार्थिक शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि शहीद बीएसएफ जवान विनीत दुबे के इस बलिदान को कभी भूल नहीं पाएगा। उनकी शहादत हम सभी के लिए प्रेरणा है।

शहीद के परिवार के साथ पूरा समाज खड़ा है। अंतिम यात्रा और श्रद्धांजलि सभा में तिर्वा विधानसभा से सपा प्रत्याशी अनिल पाल, पिंटू यादव, शिल्पी यादव, मुजफ्फर खान शान मोहम्मद शाहनवाज सिद्दीकी मोनू यादव विकास गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने शहीद को नमन कर उनके परिवार को सांत्वना दी।

# पोषक वाटिका से परिवार को मिलती है पोषण सुरक्षा : डॉ. चंद्रकला

**खरीफ गृह वाटिका प्रबंधन एवं बीज वितरण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी द्वारा गुरुवार को खरीफ गृह वाटिका प्रबंधन एवं बीज वितरण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कृषक महिलाओं को गृह वाटिका के महत्व तथा पोषण सुरक्षा में सब्जियों की भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला यादव ने कहा कि सब्जियां संतुलित आहार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनमें विटामिन, खनिज, प्रोटीन एवं अन्य आवश्यक पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में अधिकांश लोग बाजार से सब्जियां खरीदते हैं, लेकिन कई बार वहां उपलब्ध सब्जियां पुरानी, रसायनयुक्त और महंगी होती हैं, जिससे स्वास्थ्य और घरेलू बजट दोनों प्रभावित होते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि पोषक वाटिका के माध्यम से परिवार को वर्षभर ताजी, पौष्टिक और रसायन मुक्त सब्जियां आसानी से उपलब्ध हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि घर के आंगन, आसपास की खाली भूमि या खेत के उस हिस्से में, जहां सिंचाई की सुविधा हो, गृह वाटिका विकसित की जा सकती है। इसमें विभिन्न मौसमों के अनुसार फल एवं सब्जियों का उत्पादन कर परिवार की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि पोषक वाटिका से परिवार को वर्षभर ताजी सब्जियां मिलती हैं, बाजार पर निर्भरता कम होती है, समय की बचत होती है और घरेलू खर्च में भी कमी आती है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अरविंद कुमार ने गृह वाटिका में सब्जियों के उत्पादन के लिए संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की जानकारी दी।

उन्होंने बेहतर उत्पादन के लिए उर्वरक प्रबंधन और फसल देखभाल के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम में करीब 25 कृषक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को खरीफ मौसम की सब्जियों के बीज वितरित किए गए।

# विद्यार्थियों को मिला स्वस्थ जीवन का संदेश

**तिर्वा/कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य प्रबोधन शिविर

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा में गुरुवार को आरोग्य भारती, कन्नौज के तत्वावधान में विद्यालय स्वास्थ्य प्रबोधन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में आरोग्य भारती के अखिल भारतीय संगठन सचिव अशोक कुमार वाष्णेय ने विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर आरोग्य भारती के प्रांत प्रमुख रमाकांत तथा संयोजक राकेश भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन के साथ हुआ। विद्यालय के प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी एवं प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने अतिथियों का अंगवस्त्र और देव प्रतिमा भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। अपने संबोधन में अशोक कुमार वाष्णेय ने कहा कि स्वस्थ शरीर जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योग, व्यायाम और संतुलित दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ध्यान, सकारात्मक चिंतन और अनुशासित जीवन व्यक्ति को सफलता की ओर अग्रसर करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य अतिथि ने सरल एवं प्रेरक ढंग से उत्तर दिया। अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से स्वास्थ्य संबंधी सीख को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, कन्नौज

पत्रांक- 1292/के.जे./क.अनु./2026-27 दिनांक- 25.06.2026

## उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (1) ख के अन्तर्गत नाम परिवर्तन/नामांकन की सूचना

एतद द्वारा सभी हित्तबद्ध भवन स्वामियों/हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है, कि कालम संख्या 02, 03, 04, 05, 06 पर अंकित विवरणपर यदि किसी भवन स्वामी / किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के दिनांक से तीस दिन (30 दिन) के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति नगर पालिका परिषद कन्नौज के कार्यालय में प्राप्त करा दे निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा नाम परिवर्तन/नामांकन को अंतिम रूप प्रदान करते हुए प्रस्तावित नाम को कर निर्धारण रजिस्टर में अंकित कर दिया जाएगा जिसके लिए नगर पालिका उत्तरदायी नही होगी। यह नाम परिवर्तन /नामांकन के चल गृहकर, जलकर की अदायगी पर ही प्रभावी होगा इससे किसी सम्पत्ति का स्वामित्त घोषित नहीं होगा।

| क्र. सं. | भवन सं. | मोहल्ले का नाम जिसमें स्थित सम्पत्ति का नाम परिवर्तन/नामांकन प्रस्तावित है | विद्यमान भवनस्वामी/विक्रेता का नाम | प्रस्तावित नाम आवेदक का नाम जो भवन/भूखण्ड पर दर्ज किया जायेगा। | गृहकर, जलकर के लिए मकान/भूखण्ड पर स्वामित्व परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | नया प्लाट | गदनपुर बड्डू | श्री अविजितराज मिश्रा पुत्र श्री अजय कुमार मिश्रा (नि.मो. रानीचाह कन्नौज) | श्रीमती निशा पत्नी श्री रामबाबू सैनी (नि.मो. रानीचाह कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 2. | 70 | सरायमीरा आं. | श्रीमती माधुरी देवी पत्नी श्री विनोद श्रीवास्तव (नि0मो0 सरायमीरा कन्नौज) | श्री दुग्रेश नन्दन श्रीवास्तव व श्री सर्वेश नन्दन श्रीवास्तव पुत्रगण स्व. श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव व श्रीमती सुभामिनी पुत्री स्व. श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव पत्नी श्री संदीप कुमार (नि.मो. डांक बंगला सरायमीरा कन्नौज) | मृत्यु प्रमाण पत्र व वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 3. | नया प्लाट | गदनपुर बड्डू | श्री पुष्कर मिश्रा पुत्र श्री शिव प्रसाद मिश्रा (नि.मो. होली कन्नौज) | श्री श्याम जी व अनुराग मिश्रा पुत्रगण श्री शिवशंकर मिश्र (नि. ग्राम उहलेपुर बांगर पो. पाइन्दाबाद तह. व जि. कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 4. | नया प्लाट | कन्दरौली बांगर | श्री श्याम सुन्दर व लाल सिंह व श्री मान सिंह पुत्रगण श्री रामसहाय (नि.मो. पकरिया टोला कन्नौज) | श्रीमती चमन बानो पत्नी श्री शरीफुल हसन (नि.मो. हाजीगंज कलों कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 5. | 109 | बजरिया शेखाना | श्रीमती नूर जहां पत्नी श्री नसीम उर्फ लालू (नि.मो. बजरिया शेखाना कन्नौज) | श्रीमती खुशनुमा बेगम पुत्री स्व. श्री नसीम उर्फ लालू पत्नी श्री अफसर शेख (नि.मो. बजरिया शेखाना कन्नौज) | पंजीकृत वसीयत व मृत्यु प्रमाण पत्र व वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 7. | 13 बी | युसुफपुर भगवान | श्री अचल कुमार गुप्ता पुत्र श्री महेश्वरी प्रसाद गुप्ता (नि. बड़ा बाजार कन्नौज) | श्रीमती मीना गुप्ता पत्नी स्व.श्री अचल कुमार गुप्ता व श्री यश गुप्ता पुत्र स्व. श्री अचल कुमार गुप्ता (नि.मो. बड़ा बाजार कन्नौज) | वारिसान व मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 8. | नया प्लाट | कन्दरौली बांगर | श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री राम प्रकाश सागर (नि.म.न.सी. शारदा एन्सलेव नई सैनिक नगर रायबरेली रोड लखनऊ) | श्रीमती लजीना पत्नी श्री मुफीद (नि.मो. हाजीगंज कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 9. | 31 ए | जटपुरा | श्री रघुवीर पुत्र स्व.श्री कालिका प्रसाद (नि. ग्राम गूरा, पो. गुरैया बुजुर्ग तह. जि. कन्नौज) | श्री बकील व नदीम पुत्रगण श्री मोहम्मद खलील (नि.मो. जटपुरा कन्नौज) | पंजीकृत वसीयत व मृत्यु प्रमाण पत्र व वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 10. | नया प्लाट | उमरपुर कीरत | श्रीमती चुन्नी बानो पत्नी श्री कल्लू उर्फ जमील अहमद (नि.मो. मियां टोला हाजीगंज कलों कन्नौज) | श्री सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा पुत्र श्री ओम प्रकाश कुशवाहा (नि.मो. अराराबारी कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 11. | 125 का आं.भाग | ग्वाल मैदान | श्रीमती मधू शुक्ला पत्नी स्व. श्री कुमार शुक्ला(नि.मो.ग्वाल कन्नौज) | श्री नितिन शुक्ला, सचिन शुक्ला पुत्रगण स्व. श्री मनोज कुमार शुक्ला (नि.मो. ग्वाल मैदान कन्नौज) | पंजीकृत दानपत्र बैनामा के आधार पर |
| 12. | 125 का | ग्वाल मैदान | श्री मयंक किशोर शुक्ला पुत्र श्री जीवन शुक्ला(नि.मो.जे734 विश्व बैंक कालोनी | श्रीमती मधू शुक्ला पत्नी स्व. श्री मनोज शुक्ला (नि.मो. ग्वाल मैदान कन्नौज) | पंजीकृत दानपत्र बैनामा के आधार पर |
| 13. | 61.80 | छिपट्टी | श्री मंगल सिंह पुत्र स्व. श्री बाबूराम राजपूत (नि.मो. छिपट्टी कन्नौज) | श्री राजेन्द्र सिंह, बृजमोहन, श्री कमलेश कुमार, श्री रंजीत सिंह पुत्रगण स्व. श्री मंगल सिंह (नि.मो. छिपट्टी कन्नौज) | वारिसान व मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर। |
| 14. | नया प्लाट | कन्दरौली बांगर | श्रीमती शाहाना परवीन पत्नी श्री मो. सलीम (नि.मो. हाजीगंज खुर्द कन्नौज) | श्री हसीना पत्नी श्री यामीन (नि.मो. बीबीचिमनी कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 15. | नया प्लाट | कन्दरौली बांगर | श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री राम प्रकाश सागर म.न. शारदा एन्सलेव नई सैनिक नगर रायबरेली रोड लखनऊ) | श्री हसनैन पुत्र श्री बाबू (नि.मो. मीराटोला कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 16. | नया प्लाट | ताजपुर नौकास्त | श्री समीर अहमद व मो. आमिर अहमद पुत्रगण मो. तनवीर अहमद (नि.मो. सफदरगंज कन्नौज) | श्रीमती नजरीन पत्नी श्री मो. रफीक (नि.मो. काशीराम कालोनी अकबरपुर सरायघाघ कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 17. | 163 | शेखपुरा | श्री रविचन्द्र पुत्र स्व. श्री मुंशीलाल नि. म.न. 169 गली न. 8-ए मो. शान्ति नगर चन्द्रगण व श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व.श्री रामनरेश (नि.मो. कनसल एस.एस. नगर मोहाली पंजाब) | श्रीमती हूर वेगम पत्नी श्री शकेव अहमद (नि.ग्राम व पो. इब्राहीमपुर बांगर तह. व जि. कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 18. | 87,2 | रानीचाह व होली | श्री ठाकुर जी महाराज सर्वराकार सदन गोपाल तिवारी आदि (नि.मो. रानीचाह कन्नौज) | श्री मदन गोपाल तिवारी पुत्र स्व. श्री हरिश्चन्द्र तिवारी व श्री गौरव तिवारी व सौरम तिवारी पुत्रगण श्री मदनगोपाल तिवारी व श्री सदन गोपाल तिवारी पुत्र स्व. श्री हरिश्चन्द्र तिवारी (नि.मो. रानीचाह कन्नौज) | न्यायालय सिविल जज सी.डि. के आधार पर। |
| 19. | नया प्लाट | कन्दरौली बांगर | श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री राम प्रकाश सागर (नि.म.न.सी. शारदा एन्सलेव नई सैनिक नगर रायबरेली रोड लखनऊ) | श्री सलमा बेगम पत्नी श्री मोहम्मद मुईन (नि.मो. हाजीगंज कलों कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |
| 20. | नया प्लाट | सरायमीरा | श्रीमती विजय लक्ष्मी पत्नी श्री घनश्याम (नि.मो. बगिया फजल इमाम कन्नौज) | श्री शिव कुमार कटियार पुत्र श्री रामाधीन कटियार (नि.मो. सरायमीरा कन्नौज) | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर। |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कन्नौज**

# प्रेमिका के लिए टावर पर चढ़ा युवक, कई घंटे चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

इश्क का नशा जब सिर चढ़कर बोले तो इंसान क्या-क्या नहीं कर गुजरता! इसका नजारा सुबह कायमगंज के पुल गालिब क्षेत्र में दिखा। जब उत्तराखंड का एक आशिक 200 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर जा चढ़ गया। 6 घंटे तक चले इस फिल्मी ड्रामे ने फर्रुखाबाद-कायमगंज रोड जाम कर दी और पुलिस-प्रशासन के पसीने छुड़ा दिए। टावर पर चढ़ा युवक उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के थाना डोरी हार क्षेत्र निवासी चंदन शेखावत उम्र 30 वर्षीय पुत्र मोहन राम है। चंदन मुंबई के बांद्रा में साउथ इंडियन कुक का काम करता है। मंगलवार रात मुंबई से चलकर सीधा कायमगंज पहुंचा और सुबह 5 बजे टावर पर चढ़ गया। गजब तो ये कि टावर पर चढ़ने के बाद चंदन ने खुद ही डायल-112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी कि मैं टावर पर चढ़ गया हूं, मेरी प्रेमिका से बात कराओ। सूचना पर कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला, फायर ब्रिगेड और फोर्स लेकर दौड़े।

**6 घंटे मान-मनौव्वल से उतरा नीचे**

## चार बच्चों की मां से इश्क, गाजियाबाद भागी प्रेमिका



युवक को ले जाती पुलिस

चंदन ने पुलिस को बताया कि वह पहले कायमगंज में एक सर्राफा व्यापारी के यहां काम करता था। वहीं खाना बनाने आने वाली एक महिला से उसे प्रेम हो गया। महिला 4 बच्चों की मां है। कुछ समय दोनों साथ भी रहे, लेकिन बाद में महिला उसे छोड़कर पति के साथ गाजियाबाद चली गई। इसी गम में चंदन टावर पर चढ़ा। मोबाइल पर पुलिस से बात करते हुए चंदन जिद पर अड़ा रहा। जब तक मेरी महिला से बात नहीं कराई जाएगी, नीचे नहीं उतरूंगा। टावर के ऊपर से वह प्रेमिका की फोटो भी फेंक रहा था। हाई-वोल्टेज ड्रामे की खबर फैलते ही पुल गालिब पर हजारों की भीड़ जुट गई। लोग वीडियो बनाने में व्यस्त रहे। फर्रुखाबाद-कायमगंज मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया। पुलिस को ट्रैफिक संभालने और भीड़ हटाने में कडी मशक्कत करनी पड़ी। करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने चंदन को समझा-बुझाकर नीचे उतारा। अधिकारियों ने उसे महिला से संपर्क कराने का आश्वासन दिया है। नीचे उतरते ही पुलिस ने राहत की सांस ली। 200 फीट ऊंचे टावर पर 6 घंटे का इश्क वाला ड्रामा पूरे दिन कायमगंज में चर्चा का विषय बना रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवक की काउंसलिंग कराई जा रही है। कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने कहा प्रेम-प्रसंग में इस तरह जान जोखिम में डालना गलत है। युवाओं से अपील है कि कोई भी समस्या हो, कानून का सहारा लें, जान खतरे में न डालें।

# स्वागतिका घोष ने ड्रग इंस्पेक्टर का कार्यभार किया ग्रहण

**नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर कसा जायेगा शिकंजा, होगी छापेमारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हरदोई से स्थानांतरित होकर आयी स्वागतिका घोष ने गुरुवार को फर्रुखाबाद के ड्रग इंस्पेक्टर का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पूर्वान्ह खाद्य एवं औषधि विभाग कार्यालय पहुंचकर उन्होंने जनपद की नई औषधि निरीक्षिका के पद पर चार्ज लिया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात समृद्धि न्यूज से वार्ता करते हुए नवांगतुक औषधि निरीक्षक स्वागतिका घोष ने बताया कि दवा दुकानों का संचालन शासन के निर्देशानुसार निर्धारित मानको के अनुरुप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारकोटिक्स दवाओं की बिक्री का पूरा लेखा-जोखा सभी दवा व्यापारी अलग से रखे। जिसकी दवा दुकानों के निरीक्षण के समय जांच की जायेगी। ड्रग इंस्पेक्टर घोष ने दवा के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के भी संकेत दिये। उन्होंने कहा कि अवैध दवा के व्यापार की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ छापेमारी की जायेगी। नशीली दवाओं के संबंध में पूछे गये सवाल के जबाव में औषधि निरीक्षिका ने बताया कि नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर शिकंजा कसा जायेगा। उन्होंने दवा व्यापारियों को निर्देशित किया कि शासन के निर्धारित मानको के अनुरुप दवा दुकानों का संचालन किया जायेगा।



कार्यभार ग्रहण के दौरान जानकारी देती ड्रग इंस्पेक्टर

## खेत की मेड़ पर कंटीले तार लगाने पर चले लाठी-डंडे, छह घायल



महिला का उपचार करते चिकित्सक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गाँव बहलोलपुर गांव में बुधवार देर शाम मामूली बात पर खूनी संघर्ष हो गया। खेत की मेड़ पर कंटीले तार लगाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। कहासुनी गाली-गलौज में बदली और फिर लाठी-डंडे चलने लगे। इस खूनी मारपीट में महिलाओं समेत करीब 6 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बहलोलपुर निवासी वृद्धा माया देवी के घर के सामने गांव के ही एक व्यक्ति का खेत है। बुधवार शाम वह व्यक्ति अपने खेत की सीमा पर कंटीले तार लगा रहा था। माया देवी ने तार लगाने का विरोध किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने वृद्धा माया देवी के साथ मारपीट शुरू कर दी। मां माया देवी के साथ मारपीट की खबर सुनते ही बेटा सूरज, पुत्रवधू शकुंतला देवी और नातिन नन्ही देवी लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। फिर क्या था, दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और हाथापाई हुई। खेत की मेड़ मिनटों में जंग का मैदान बन गई इस खूनी संघर्ष में एक पक्ष से शकुंतला देवी, सूरज और नन्ही देवी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष के भी तीन लोगों को चोटें आईं। सूचना पर पहुंची कंपिल पुलिस ने सभी घायलों को उपचार व मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज भेजा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को काबू किया। कंपिल थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दोनों पक्षों से पूछताछ जारी है।

# पास्को एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पास्को एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना कमालगंज उपनिरीक्षक रामसहाय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 दिसम्बर 2025 को वादी द्वारा दिये गये लिखित प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि अभियुक्त राजेश पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत राजेश कश्यप पुत्र सोवरन सिंह निवासी नगला कमल थाना भोगांव जनपद मैनपुरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचना के क्रम में अपहृता/पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने उपरोक्त में धारा 87/65(1) बीएनएस व पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गई थी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पास्को एक्ट में वांछित आरोपी राजेश कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। राजेश कश्यप उपरोक्त ने पूछताछ करने पर जुर्म से इकबाल किया।

# ई-पंजीयन व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**सरकार को दी आंदोलन की दी चेतावनी**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-पंजीयन ऑनलाइन रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में गुरुवार को अमृतपुर तहसील परिसर में अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों एवं स्टाम्प विक्रेताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नई व्यवस्था को वापस लेने की मांग की तथा राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसील प्रशासन को सौंपा।

विरोध प्रदर्शन अधिवक्ता संघ के तहसील अध्यक्ष विनोद प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।



विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्तागण

इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-पंजीयन व्यवस्था के तहत दस्तावेजों के पंजीकरण की प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से संचालित करने की तैयारी की जा रही है, जिससे तहसीलों में वर्षों से कार्यरत बैनामा लेखक, दस्तावेज लेखक, स्टाम्प विक्रेता एवं उनसे जुड़े हजारों परिवारों के समक्ष रोजगार का संकट उत्पन्न हो जाएगा। अधिवक्ताओं का कहना था कि नई व्यवस्था लागू होने से पारंपरिक बैनामा लेखन प्रणाली प्रभावित होगी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को तकनीकी जटिलताओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार निबंधन विभाग के कार्यो को निजी हाथों में सौंपने की दिशा में कदम बढ़ा रही है, जो जनहित और रोजगार दोनों के लिए नुकसानदायक साबित होगा। अधिवक्ता प्रभाकर त्रिवेदी ने कहा कि यदि ई-पंजीयन व्यवस्था को वापस नहीं लिया गया तो अधिवक्ता और बैनामा लेखक पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन के दौरान ब्रह्मदत्त शुक्ला, अशोक सक्सेना, गजेंद्र सिंह रोशन, गोपाल अवस्थी, अनुराग सिंह, सेठी शुक्ला, शेष कुमार अवस्थी, रामनरेश मिश्रा, पीयूष शुक्ला, आलोक अग्निहोत्री, मुकेश शर्मा, राकेश कुमार बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# खनन माफिया ने पत्रकार पर जानलेवा हमले का किया प्रयास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाचार कवरेज के दौरान खनन माफियाओं ने पत्रकार के साथ अभद्रता कर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी। इस संदर्भ में थाने में मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार हमारे समाचार पत्र के क्षेत्रीय संवाददाता विवेक कुमार गौतम निवासी गुगौरा थाना कमालगंज जो रोज की तरह गुरुवार को भी क्षेत्र में समाचार के लिए निकले थे। तभी पता चला कि गुपलापुर में अवैध तरीके से मिट्टी का खनन हो रहा है। कवरेज करने के दौरान वहां मौजूद खनन माफिया गोलू व अनिरुद्ध पुत्रगण प्रदुम्बन दीक्षित निवासी सिरौंज थाना जहानगंज नाम पूछने लगे। संवाददाता ने अपना नाम बताया तो जाति सूचक गालियां देने लगे। मना करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे।

इस दौरान संबंधित अधिकारी को सूचना देने का प्रयास किया तो दबंगों ने मोबाइल छीन लिया और क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान गोलू व अनिरुद्ध व उसके सात-आठ अन्य सहयोगी भी आ गये और जान से मारने की नियत से खनन में प्रयोग किया जा रहा फावड़ा लेकर हमला करने को दौड़े। किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग निकला। इस दौरान दबंगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए कहा कि तुझे जान से मार देंगे और इसी खनन में जेसीबी से गड्ढा करके दबा देंगे, और तेरा पता नहीं चलेगा। पीड़ित ने इस संदर्भ में थाने में तहरीर देकर दबंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जानमाल सुरक्षा की गुहार लगायी है। वहीं बताते चले कि खनन करने वाले दबंगों का कहना है कि मेरे पास परमीशन है। जानकारी के अनुसार मिट्टी को बाजार में बिक्री के लिए शासन व जिला प्रशासन किसी प्रकार की खनन करने की अनुमति नहीं देता है। उसके बावजूद यह लोग मिट्टी खनन कर बिक्री कर रहे है। मौके से 100 घन मीटर से ज्यादा का खनन हो चुका है। जिसके बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है। अगर इसकी पैमाइश करायी जाये तो सच्चाई सामने आयेगी। यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई खनन माफिया पुलिस व अन्य लोगों पर हमला कर चुके है। वहीं इस संदर्भ में एसडीएम सदर ने बताया कि मामले की जांच करायेंगे, यदि अवैध खनन किया जा रहा है तो कार्यवाही की जायेगी।

## कार ने बाइक में मारी टक्कर, दंपत्ति सहित तीन घायल



अस्पताल में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** देर रात तेज रफ्तार कार ने कायमगंज-अलीगंज मार्ग पर रेलवे की पश्चिमी क्रॉसिंग के पास सामने से बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दंपत्ति व 12 साल का मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव नरैनामऊ निवासी सुनील कुमार उर्फ बबलू अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी और 12 वर्षीय पुत्र उमंग के साथ बाइक से कंपिल थाना क्षेत्र के मेदपुर गांव में एक दावत में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वे रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर जा गिरे और लहूलुहान हो गए। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लाया गया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद 12 वर्षीय उमंग की हालत नाजुक देखते हुए उसे डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। घायल सुनील कुमार ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक गाड़ी लेकर भागने लगा, लेकिन घटनास्थल से करीब 100 मीटर आगे जाकर कार का पहिया पंचर हो गया। चालक कार को लावारिस हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी गई है। फरार कार चालक की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी घूम रहे खुलेआम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम दूडियापुर में मारपीट की घटना ने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मामले में जानलेवा हमले जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के कई दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, जिससे पीड़ित परिवार दहशत में है और पुलिस की सुस्ती को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश है।

ग्राम दूडियापुर निवासी पीड़ित आलोक कुमार पुत्र रामरक्षपाल ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि 11 जून की रात करीब 9:30 बजे गांव के ही नामजद दबंग सत्यवीर, सत्यम, सुखवीर, विनोद और रूपेश अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ उसके घर पर आ धमके। लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर आलोक पर लाठी-डंडों व लोहे की नुकीली रॉड से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए आलोक के भाई आदेश कुमार को भी बेरहमी से पीटा गया। जान बचाने के लिए जब दोनों भाई घर के अंदर भागे, तो आरोपी घर में घुस गए। बेटों को बचाने आई वृद्ध माँ कांती देवी के सिर पर लोहे की रॉड से जोरदार वार किया गया। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ीं।

घायल महिला की हालत इतनी नाजुक थी कि उन्हें सीएचसी नवाबगंज से लोहिया अस्पताल और फिर वहां से सीधे मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर करना पड़ा। पीड़ित का आरोप है कि घटना की रात ही डायल-112 और थाना पुलिस को सूचना दी गई थी। लिखित तहरीर देने के बावजूद नवाबगंज पुलिस मामले को टालती रही। हार मानकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का दरवाजा खटखटाया। एसपी के आदेश पर हुई जांच के बाद आखिरकार घटना के 11 दिन बाद यानी 22 जून को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 191(3), 333, 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमा दर्ज हुए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर तीखी चर्चा है कि एक महिला की हालत गंभीर होने और इतनी कड़ी धाराएं लगने के बावजूद पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### बीएमएम अपनी कार्यशैली में लाएं सुधार, अन्यथा होगी टर्मिनेशन की कार्यवाही: जिलाधिकारी



बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉक्टर अंकुर लाठर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला आजीविका मिशन क्रियान्वयन एवं अनुसरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विभागीय कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता पूर्वक करें, जिससे आम जनमानस को सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ प्राप्त हो सके। बैठक में उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने बताया कि बीएमएम त्रिवेंद्र गंगवार, वीरेंद्र कुशवाहा, वजैर अहमद, देवेंद्र सिंह एवं बृजेश प्रजापति द्वारा अपने दायित्व में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है, इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित कार्मिकों को चेतावनी देते हुए उपायुक्त आजीविका मिशन को निर्देश दिए कि चेतावनी के बाद भी उक्त कार्मिकों की कार्यशैली में सुधार न होने पर संबंधित के टर्मिनेशन की कार्यवाही हेतु शासन से पत्राचार प्रस्तावित करें। डीएम ने कहा कि फैमिली आईडी के लक्ष्य को समस्त बीएमएम शत प्रतिशत रूप से पूर्ण करें, व्यवसाय अनुरूप लखपति दीदियों की रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराएं। उन्होंने उपायुक्त आजीविका मिशन को निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट में प्रेरणा कैंटीन एवं विकासखंडों में साधारण कैंटीन की स्थापना हेतु कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उपनिदेशक कृषि अरविंद मोहन, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनोद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षा विभाग ने की क्रास चेकिंग, कई शिक्षक मिले अनुपस्थित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा विभाग में हुई क्रास चेकिंग से विभाग में हड़कंप मच गया। कई विद्यालय के शिक्षक अनुपस्थित मिले। विकासखंड क्षेत्र के समस्त विद्यालय में उच्च अधिकारियों के निर्देशन में क्रास चेकिंग कराई गई। जिसमें नवाबगंज के खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा को विकासखंड मोहम्मदाबाद चेकिंग के लिए भेजा गया। वहीं मोहम्मदाबाद के खंड शिक्षा अधिकारी भारती शाक्य, नवाबगंज विकासखंड के कई विद्यालयों में चेकिंग की। जिसमें चेकिंग के दौरान विद्यालय के शिक्षकों में खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। कई विद्यालय में एक दर्जन से अधिक शिक्षक अनुपस्थित पाये गये। जिसकी रिपोर्ट मोहम्मदाबाद खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने कार्यालय में तैयार करवाई। उन्होंने बताया की सारी रिपोर्ट गोपनीय थी, जो बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेज दी गई है, जिस पर अब कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।

### गमगीन माहौल में निकाला गया मुहर्रम आशूरा का जुलूस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुहर्रम आशूरा का जुलूस हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की शहादत की याद में अकीदत और गमगीन माहौल के साथ निकाला गया। अलमे हजरते अब्बास और गहवारह अली असगर बरामद हुआ। जुलूस मुख्य मार्गो से होता हुआ कर्बला तक पहुंचा और परंपराओं की मुख्य बातेंरूताबूत और अलमरू इस मौके पर शहर के विभिन्न हिस्सों मातम और मजलिस अजादार श्रद्धालु काले कपड़े पहनकर जुलूस में शामिल होते हैं। सीनाजनी मातम करते हैं और या हुसैन की सदाएं करते हैं। 10 मुहर्रम के दिन ताजिया को पूरे गमगीन माहौल में कर्बला ले जाया जाता है और सुपुर्द-ए-खाक किया जाता है। मुख्य शहर घूमना चौक पक्कापुल रकाबगंज होते हुए कर्बला पहुंचता है। जिसमें आल इंडिया शिया मुस्लिम महा सभा के जिलाध्यक्ष सैय्यद अम्मार अली जैदी, आफताब हुसैन, नफीस हुसैन, मुंनवर हुसैन, मुन्तजिर हुसैन जैदी, मसरत अली जैदी, रहबर आब्दी अली, यावर जैदी, जावेद हुसैन, इंतजार हुसै, मोहसिन काजमी, मुदास्सर काजमी, हुसैन अली जैदी अली, मोहम्मद शोएब जैदी, सैफहुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

### रंजिशन दबंगों ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम चाँदपुर निवासी मुन्नी देवी पत्नी ओमकार का पुत्र प्रतीक गाँव भंगौरा से बुधवार को कोल्ड ड्रिंक लेने गया था, तभी गाँव चांदपुर के ही कुछ युवकों ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रतीक से कुछ कहा सुनी हो गई। जिसको लेकर युवकों और प्रतीक में गाली-गलौज होने लगा‍ जिसका विरोध प्रतीक ने किया तो युवकों ने प्रतीक से जाति सूचक गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिसपर प्रतीक ने घर आकर अपनी मां मुन्नी देवी को घटना की जानकारी दीद्ध जिसपर मुन्नी देवी ने गाँव के ही दो युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

# डीजीजीआई की टीम ने संघ छाप गोदाम से लेकर मुनीम के घर तक खंगाले दस्तावेज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तंबाकू के काले कारोबार पर डीजीजीआई की छापेमारी से व्यापारी हलकों में दहशत फैल गई। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने 12 गाड़ियों के काफिले के साथ कायमगंज में एक साथ कई ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर दी। घंटों चली इस रेड ने तंबाकू सिंडिकेट की नींद उड़ा दी।

सुबह करीब 6 बजे डीजीजीआई की अलग-अलग टीमें एक दर्जन गाड़ियों के काफिले के साथ कायमगंज पहुंचीं। कार्रवाई इतनी तेज और समन्वित थी कि तीन प्रमुख तंबाकू कारोबारियों, दो मुनीमों और एक गोदाम को एक साथ घेर लिया गया। किसी को फोन करने या कागज इधर-उधर करने का मौका तक नहीं मिला। जांच का सबसे बड़ा फोकस शमशाबाद-फैजाबाद रोड स्थित संघ छाप तंबाकू के गोदाम पर रहा। टीम ने यहां कई घंटे तक स्टॉक और दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की। फर्म के संचालक कृष्ण गोपाल रस्तोगी के मोहल्ला मूलचंद स्थित आवास पर भी टीम ने दबिश दी। घर में मिले दस्तावेजों को गोदाम के रिकॉर्ड से मिलाकर सत्यापन किया गया। कृष्ण गोपाल के मुनीम अखिलेश मिश्रा और संजू शाक्य के आवासों पर भी पहुंचकर लेखा-जोखा और वित्तीय दस्तावेजों की जांच की गई। छापेमारी के दौरान टीमों ने सबसे पहले सभी परिसरों के मुख्य द्वार बंद करा दिए और बाहरी लोगों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी। इसके बाद अंदर मौजूद स्टॉक, खरीद-बिक्री के अभिलेख, टैक्स रिकॉर्ड और डिजिटल/लेखांकन रिकॉर्ड से मौके पर ही स्टॉक का मिलान शुरू किया गया। अधिकारियों का मकसद एक ही था, एक भी अनियमितता या अंतर न बच पाए। एक साथ कई प्रतिष्ठानों, गोदामों और आवासों पर हुई इस संयुक्त कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र के व्यापारिक माहौल में हड़कंप मचा दिया है। तंबाकू कारोबार से जुड़े अन्य व्यापारियों में भी खलबली मची है।



छापेमारी करने जाती टीम

# सभी मरीजों को स्वस्थ बनाना मेरी प्राथमिकता: डॉ. नमिता दास



डॉ. नमिता दास

**धरती के भगवान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मरीजों को जीवनदान देने वाले चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। 1 जुलाई को होने वाले डाक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नमिता दास ने बताया कि मेरे प्रेरणा श्रोत सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर पिता विजय निगम है। उनकी प्रेरणा से मैं निरंतर आगे बढ़ी और हर कार्य किया। मेरी मां अर्चना निगम जो की गृहणी है, उन्होंने मेरी पढ़ाई से लेकर उच्च शिक्षा तक सभी में सहयोग किया। मैंने अपने जीवन में पढ़ाई को वरीयता दी और अपनी हावी में रीडिंग व बुक पढ़ना ढाल लिया। परिणाम स्वरुप एक कुशल चिकित्सक बनने में सफलता मिली। हाईस्कूल कार्मेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्वालियर से किया। इंटर मीडिएट की परीक्षा इसी स्कूल से उत्तीर्ण की। ग्रेजुएशन 2004 से 2009 तक एम.बी.बी.एस. फरीदकोट स्थित गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज पंजाब से किया। एमडी 2014 में पूर्ण किया और गायनेकोलॉजिस्ट की डिग्री सरकारी मेडिकल कालेज अमृतसर से प्राप्त की। 2024 में अल्ट्रासाउंड का डिप्लोमा कोर्स पी.जी.डी.सी.दिल्ली से प्राप्त की। 2026 में बांझपन का एआईसीटीई आरईएफ मेडिसिटी (हिस्टरेस्कोपी) दिल्ली से प्राप्त की। 2011 में फतेहगढ़ निवासी डॉ. अंकित दास के साथ विवाह हुआ। 2014 में मेजर एसडी सिंह मेडिकल कालेज बघार पर असिस्टेंट प्रोफेसर के रुप में एम.बी.बी.एस के फाइनल के छात्रों को 2017 तक पढ़ाया। 2017 में डॉ. राममनोहर लोहिया चिकित्सालय आवास विकास में कार्य किया। लोहिया अस्पताल में अपनी सेवायें देते हुए महिलाओं में वाझपन, प्रगेंसी, नार्मल डिलिवरी व सर्जरी को बाखूबी निभाते हुए कार्य किया। कई ऐसी महिलायें जिन्हे बच्चा नहीं हो रहा था, या खंडित हो जाता था। उन महिलाओं का सफल इलाज कर बच्चे का सुख प्राप्त कराने में इलाज किया। 2023 में मैं अपने पति डॉ. अंकित दास के साथ फतेहगढ़ स्थित दास नर्सिंग होम में अपनी सेवायें देने लगी।



महिला का चेकअप करती डॉ. नमिता दास

मेरे ससुर डॉ. विजय मोहन दास ने भी ससुराल में मेरा सहयोग किया। दास नर्सिंग होम में स्त्री रोग संबंधित सभी बीमारियों का इलाज करती हूं। मैंने कई शोध पेपर भी पब्लिकेशन किये है। वर्तमान में 6 डाक्टर और 40 लोगों का स्टाफ है। जिसमें डॉ.प्रताप सिंह चौहान हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रशन्ना राव आई स्पेशलिस्ट, डॉ. मधुकर यूरो सर्जन, डॉ. चांदनी, मोहन दास डेंटल सर्जन व मेरे पति डॉ. अंकित दास सर्जन के साथ मिल-जुलकर सभी लोग कार्य करते है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड एक्स-रे, लैब, इमरजेंसी, नॉर्मल डिलिवरी, ऑपरेशन थिएटर, आर्टिफिशियल गर्भ धारक, आईसीयू, एनआईसीयू की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल में आयुष्मान कार्ड भी सुविधा उपलब्ध है। कोई भी गरीब व असहाय मरीज है तो उसका भी इलाज होता है। पैसे के अभाव में इलाज अधूरा नहीं छोड़ा जाता है। हर संभव की मदद की जाती है। सेवा ही परम धर्म है। जिसके लिए प्रत्येक मरीज को पूर्ण सेवायें देकर लाभ देना मेरा उद्देश्य है। सभी लोग प्रकृति से प्रेम करें और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाये। स्वच्छता पर ध्यान रखे।

# भरत तिवारी एनकाउंटर के विरोध में उमड़ा जनसैलाब


प्रदर्शन के दौरान मौजूद लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बिहार राज्य के आरा जिले में बिलौटी गांव में भरत भूषण तिवारी की पुलिस के द्वारा जो हत्या की गई इसको लेकर बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोगों ने रोडवेज बस अड्डे के पास में सेल्फी पॉइंट से बड़ी संख्या में मोटरसाइकिलों एवं चार पहिया वाहनों के साथ में कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। प्रदर्शन में शामिल लोग भरत तिवारी अमर रहे, भरत के हत्यारों को फांसी दो, जब तक सूरज चांद रहेगा भरत तिवारी का नाम रहेगा, भारत माता की जय नारे लगाते हुए हाथों में भरत तिवारी की फोटो लगे हुए साथ चल रहे थे। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि भरत तिवारी एक सच्चे समाज सेवक थे और समाज के लिए उन्होंने अपने प्राणों की भी परवाह न की वह जानते थे कि लोग षड्यंत्र के तहत उनको मरवाना चाहते हैं, इसके बाद भी वह वीर योद्धा समाज के लिए लड़ते-लड़ते अपने प्राणों को हंसते-हंसते निछावर कर गया। जिन पुलिस कर्मियों ने उसकी हत्या की है दोषी सिर्फ वह नहीं है दोषी वह है मुख्य जिसने भरत तिवारी की हत्या करने के लिए पुलिस को आदेशित किया। उसे व्यक्ति के विरोध 302 का मुकदमा काम करके जेल भेजा जाए। जब तक ऐसा नहीं होगा, तब तक हम लोग चुप बैठने वाले नहीं हैं। सारा देश आज भरत तिवारी के साथ है और भरत तिवारी के साथ न्याय करवा कर रहेंगे चाहे कुछ भी इसकी कीमत चुकानी पड़े। करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह राठौर ने कहा कि भरत तिवारी सच्चे समाजसेवी थे। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला महामंत्री कोमल पांडे ने कहा की भरत तिवारी के गांव का नाम बदलकर भारत नगर या भरतपुर किया जाए। पूर्व प्रधान हेमंत शाक्य ने कहा कि जो लोग भरत तिवारी मामले में भी जातिवाद का एंगल तलाश रहे हैं, उनको चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। किसान नेता गुड्डू राजपूत ने कहा भरत तिवारी जैसा व्यक्तित्व कभी-कभी समाज में आता है और जो लोग इसको जातिवाद के हिसाब से देखते हैं वह समाज के दुश्मन है। इस मौके पर स्वामी उमेश आनंद भारती, अनूप तिवारी, निशित दुबे उर्फ नीशू, रामवीर शुक्ल, अनूप प्रधान, रामबरन शाक्य, पिंटू दुबे, सनी बाथम, अनिल द्विवेदी, रजत वर्मा, केके द्विवेदी बंटू, हरिओम दुबे, डॉ. नावेद अंसारी, अभिषेक दुबे, विपिन अवस्थी, विष्णु मिश्रा, राजन दीक्षित, आकाश चतुर्वेदी, ओमनिवास पाठक, श्यामेंद्र दुबे नीरज, विपिन तिवारी, मनोज अग्निहोत्री, अनंत राम श्रीवास्तव, राहुल तोमर, श्याम सुंदर शर्मा, अमन गुप्ता, सुधीर यादव प्रधान, कुलदीप अवस्थी राणा, महेंद्र शाक्य, मोहित अवस्थी, राजीव वर्मा, अशोक शाक्य, जाकिर खान, बाबू अग्निहोत्री, राजीव पाल, नितिन यादव, धीरेंद्र राठौर, अभिषेक सिंह राठौर, अनुज तिवारी, प्रशांत मिश्रा, आयुष सक्सेना, मुकेश दीक्षित, श्यामू शुक्ला, प्रेम प्रकाश मिश्रा, साहिल, अरुण चतुर्वेदी, विजय कुमार, अजय मिश्रा, संजय चतुर्वेदी, शाहरुख खान आदि लोग लोग उपस्थित रहे।

# ई-रजिस्ट्री के विरोध में अधिवक्ता व दस्तावेज लेखकों ने की हड़ताल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


हड़ताल पर बैठे अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक

राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश ई-रजिस्ट्री बैनामे के विरोध में जनपद के करीब 500 से अधिक अधिवक्ताओं द्वारा हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया गया। जिससे एक दिन में लगभग तीन करोड़ की राजस्व हानि हुई है। ई रजिस्ट्री बैनामे प्रणाली प्रक्रिया शीघ्र लागू होने की संभावना के विरोध में तहसील सदर व तहसील कायमगंज तथा तहसील अमृतपुर के 500 से अधिक वकीलों, कातिबो तथा स्टांप बेन्डरों द्वारा गुरुवार को कामकाज से विरत रहकर पूर्णतः धरना प्रदर्शन हड़ताल रखने से करीब 2 से 3 करोड़ राजस्व हानि होने का अनुमान लगाया गया। तहसील सदर बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव विकास सक्सेना ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित ई रजिस्ट्री बैनामा आदि प्रणाली प्रक्रिया के शीघ्र लागू होने की संभावनाओं को लेकर अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों तथा स्टांप बेन्डरो ने अपने-अपने कार्यों से विरत रहकर हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में क्रय विक्रय करने के लिए आने वाले क्रेता विक्रेता निराश होकर अपने-अपने घरों को वापस लौट गए। जिससे राजस्व का नुकसान हुआ है। जनपद की तीनों तहसीलों में हड़ताल जारी है। यह हड़ताल अनिश्चितकालीन के लिए शुरु हो गयी है। इस मौके पर तहसील सदर बार एसोसिएशन के सचिव अतुल मिश्रा, उमाशंकर कटियार, अतुल शाक्य, दिलीप कुमार सक्सेना, संजय कटियार, दस्तावेज लेखक संघ के विनोद कुमार सक्सेना, मनोज त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने संयुक्त रुप से किया बलवा ड्रिल का अभ्यास


बलवा ड्रिल का अभ्यास के दौरान मौजूद एसपी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में सिटी सर्किल के कोतवाली फतेहगढ़, कोतवाली फर्रुखाबाद, थाना कादरी गेट व थाना मऊदरवाजा पुलिस की संयुक्त बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। बलवा ड्रिल के दौरान पुलिस बल को दंगा/बलवा जैसी परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली रणनीति, भीड़ नियंत्रण, उपद्रवियों को नियंत्रित करने, सुरक्षा उपकरणों के प्रभावी उपयोग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अभ्यास के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप विभिन्न ड्रिलों का प्रदर्शन किया गया तथा बलवा की स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को सतर्कता, अनुशासन एवं तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बलवा नियंत्रण उपकरणों एवं संसाधनों का निरीक्षण कर उनकी कार्यशीलता भी परखी गई।

## ई-रजिस्ट्री के विरोध में अधिवक्ताओं ने की कलम बंद हड़ताल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।


विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्तागण

सरकार की ई-रजिस्ट्री और निबंधन व्यवस्था के खिलाफ कायमगंज तहसील में वकीलों ने मोर्चा खोल दिया है। रेवेन्यू बार एसोसिएशन, दस्तावेज लेखक और स्टाम्प वेंडरों ने संयुक्त रूप से पूर्ण कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया। सरकार को चेतावनी दी गई है कि जब तक पुरानी व्यवस्था बहाल नहीं होगी, तब तक तहसील में एक भी बैनामा नहीं लिखा जाएगा और स्टाम्प भी नहीं बिकेगा।

रेवेन्यू बार एसोसिएशन तहसील कायमगंज ने बताया कि सरकार द्वारा लागू की गई ई-रजिस्ट्री व निबंधन विभाग की नई व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों और स्टाम्प वेंडरों ने सभी कार्य ठप कर दिए हैं। सरकार से मांग की गई है कि उक्त ई-रजिस्ट्री का आदेश तत्काल वापस लिया जाए। जब तक सरकार यह व्यवस्था वापस नहीं लेती, तब तक समस्त अधिवक्ता, बैनामा लेखक और स्टाम्प विक्रेता पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार करेंगे।

बैनामा लेखन और स्टाम्प विक्रय का कार्य पूरी तरह बंद रहेगा। अध्यक्ष एडवोकेट विश्वेश्वर दयाल यादव और महासचिव एडवोकेट अवनीश कुमार गंगवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में शिवभाल वर्मा, संदीप गंगवार, लब्बाराम, मनोज तिवारी सहित समस्त अधिवक्तागण, बैनामा लेखक और स्टाम्प वेंडर मौजूद रहे। वकीलों और स्टाम्प वेंडरों की इस हड़ताल से तहसील में बैनामा, वसीयत, इकरारनामा जैसे दस्तावेजों का काम पूरी तरह ठप हो जाएगा। इस दौरान विशेश्वर दयाल यादव, अवनीश कुमार गंगवार, कैलाश चन्द्र आर्य, माधव शुक्ला, नीरज कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## अधीक्षण अभियान व अधिशासी अभियंता ग्रामीण/कायमगंज पर कार्यवाही

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उप्र एवं प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में सांसद मुकेशद राजपूत द्वारा विद्युत विभाग में नियुक्त नियमित/ संविदा/ आउटसोर्स कर्मचारियों के स्थानांतरण एवं समायोजन में नियमों के उल्लंघन की शिकायत के परीक्षण हेतु जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 04 सदस्यीय जांच समिति गठित की गई।

जांच समिति द्वारा प्रस्तुत आख्या तथा उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षण में पाया गया कि कर्मचारियों के स्थानांतरण, प्रतिस्थापन एवं समायोजन की प्रक्रिया निर्धारित मानकों एवं स्थापित प्रक्रियाओं के अनुरूप नहीं अपनाई गई। संबंधित अधिकारियों द्वारा पर्याप्त अभिलेखीय साक्ष्य एवं स्पष्ट विवरण उपलब्ध नहीं कराए गए तथा प्रशासनिक कार्यों में अपेक्षित पारदर्शिता एवं नियमबद्धता का पालन नहीं किया गया, जिससे अनियमितताओं की स्थिति उत्पन्न हुई। जिला प्रशासन द्वारा विद्युत विभाग में संविदा/ आउटसोर्स कर्मचारियों के स्थानांतरण, प्रतिस्थापन एवं समायोजन में अनियमितताओं के संबंध में की गई जांच में उपलब्ध साक्ष्यों एवं जांच समिति की आख्या के आधार पर दोषी पाए गए अधिकारियों तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल फर्रुखाबाद अजय कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ग्रामीण सुशील कुमार तथा अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड कायमगंज शिव शंकर के विरुद्ध प्रबंध निदेशक, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को नियमानुसार विभागीय कार्यवाही हेतु संस्तुति पत्र प्रेषित किया गया है।

## संचारी रोग के प्रति लोगों को किया गया जागरुक

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत कार्यालय में गुरुवार को संचारी रोग अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार, निमेश चंद एक्स-रे और श्याम किशोर आरवीएस ने उपस्थित लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार ने सफाई नायकों को निर्देश दिए कि नगर में कहीं भी जलभराव की स्थिति न बनने पाए। उन्होंने जलभराव वाले संभावित स्थानों पर एंटी-लार्वा का छिड़काव सुनिश्चित करने को भी कहा। प्रमोद कुमार ने नगरवासियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में जलभराव न होने दें। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने और संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने में सहयोग का आग्रह किया। इस बैठक में अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार के साथ कार्यालय सहायक अंबुज भारद्वाज, सफाई नायक अंकित राजपूत, सूर्यकांत गंगवार, निखिल गंगवार, मोहित भारद्वाज, अजित शर्मा और एकांत सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पंजाब एंड सिंध बैंक ने मनाया 119वां स्थापना दिवस

### जनहित में समर्पित किया वाटर कूलर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

बैंकिंग क्षेत्र में विश्वसनीयता और जन-सेवा की अनूठी मिसाल पेश करने वाले पंजाब एंड सिंध बैंक ने अपना 119वां गौरवशाली स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया। इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाते हुए बैंक की फर्रुखाबाद शाखा ने सामाजिक सरोकार की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया। भीषण गर्मी को देखते हुए बैंक द्वारा स्थानीय शीतला माता मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और आम जनमानस की सुविधा के लिए एक आधुनिक वाटर कूलर स्थापित कर समाज को समर्पित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जदौन ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शीतला माता मंदिर समिति के अध्यक्ष सचिन कटियार और सेवानिवृत्त आर्मी पर्सनल जितेंद्र भी मौजूद रहे। अतिथियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर वाटर कूलर का विधिवत उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर जदौन ने बैंक के जनहितैषी कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि व्यावसायिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाना ही एक उत्कृष्ट संस्थान की असली पहचान है। मंदिर समिति के अध्यक्ष सचिन कटियार ने भी इस भीषण गर्मी में राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था करने के लिए बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

**119 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा और ग्राहकों का भरोसा**


बढ़पुर मंदिर में वाटर कूलर लगवाते बैंक कर्मी

कार्यक्रम की शुरुआत में पंजाब एंड सिंध बैंक, फर्रुखाबाद के शाखा प्रबंधक संदीप यादव ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। शाखा प्रबंधक ने कहा पंजाब एंड सिंध बैंक पिछले 119 वर्षों से देश की आर्थिक उन्नति और नागरिकों की समृद्धि का भागीदार रहा है। स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर बैंक ने अपने मौजूदा और नए ग्राहकों को बड़ी सौगात देते हुए कई आकर्षक योजनाओं की घोषणा की है। शाखा प्रबंधक संदीप यादव ने बताया कि बैंक द्वारा विभिन्न ऋण और जमा योजनाओं पर विशेष और बेहद प्रतिस्पर्धी ब्याज दरें पेश की जा रही हैं।

## नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के आवेदन 10 जुलाई तक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी योगेश पाण्डेय ने अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित करते हुये कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किये जाने हेतु 16 जून से 10 जुलाई तक की तिथि निर्धारित है। कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये प्रशिक्षार्थी की 102 इण्टरमीडिएट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेबसाइट पर किये जायेगे। आवेदन पत्र भरकर आवेदन की 02 प्रतियां समस्त संलग्नकों सहित कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी में जमा करना अनिवार्य है। उन्होने बताया कि योजना से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कक्ष संख्या 12 विकास भवन फतेहगढ़ या मोबाइल नं0 8545864474 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# पीएम मातृ वंदना योजना में लापरवाह पांच लोगों को नोटिस जारी

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।


बैठक में मौजूद अधिकारीगण

बाल विकास परियोजना कार्यालय ने सरकारी योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के कार्यों में अप्रैल माह से लापरवाही बरतने और काम ठप रखने के आरोप में पांच लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही, ब्लॉक क्षेत्र में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के संशोधित मानकों के तहत बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए नई रेसिपी के पोषाहार का वितरण गुरुवार से शुरू हो गया है।

बाल विकास परियोजना अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने बताया कि अप्रैल महीने से अब तक प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का काम न करने और लापरवाही बरतने के आरोप में पांच लोगों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। नोटिस पाने वालों में गायत्री देवी ग्राम हुसैनपुर, कुसमा ग्राम कुतबुद्दीनपुर, किटिस कुमारी ग्राम बिजौरी, कुसमा ग्राम वीरपुर और रोशनी ग्राम फतेहपुर परोली शामिल हैं। सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह ने स्पष्ट किया कि विभागीय कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर काम पूरा न करने वालों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ब्लॉक क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से अब लाभार्थियों को तैयार की गई नई रेसिपी का टेक होम राशन वितरित किया जा रहा है। सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह ने नई रेसिपी, ब्रांड और मात्रा की विस्तृत सूची जारी की है। इस सूची के अनुसार, 6 माह से 1 वर्ष के बच्चों को आटा बेसन हलवा मीठा शिशु अमृत के रूप में मिलेगा। 1 वर्ष से 3 वर्ष के बच्चों के लिए आटा बेसन हलवा मीठा शिशु आहार होगा। 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को आटा बेसन बर्फी मीठा बाल पुष्टिकर और दलिया मूंग सोया खिचड़ी नमकीन बाल पुष्टिकर के तहत दी जाएगी।

कुपोषित बच्चों के लिए विशेष आहार निर्धारित किया गया है। 6 माह से 1 वर्ष के कुपोषित बच्चों को ऊर्जा युक्त हलवा मीठा आरोग्य पोषण, 1 वर्ष से 3 वर्ष के कुपोषित बच्चों को ऊर्जा युक्त हलवा मीठा बाल संजीवनी और 3 वर्ष से 6 वर्ष के कुपोषित बच्चों को ऊर्जा युक्त हलवा मीठा सक्षम पोषण तथा ऊर्जा युक्त दलिया नमकीन सक्षम पोषण मिलेगा। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए आटा बेसन सोया बर्फी मीठा संपूर्ण मातृ आहार और दलिया मूंग दाल खिचड़ी नमकीन संपूर्ण मातृ आहार का प्रावधान है। सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि वे शासन की मंशा के अनुरूप पूरी पारदर्शिता के साथ इस नए पोषाहार का वितरण सुनिश्चित करें। इसका उद्देश्य बच्चों और महिलाओं को कुपोषण से मुक्त करना है।

## भीषण गर्मी में फिर खुले स्कूल, छात्र उपस्थिति रही कम


निरीक्षण करते एडीओ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर का एडीओ पंचायत ने औचक निरीक्षण किया। वहीं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि नबाब सिंह वर्मा एवं सूर्य कुमार वर्मा ने भी स्कूल भ्रमण कर छात्रों की कम उपस्थिति पर भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन को स्कूलों का समय पूर्व की भांति प्रातः 7 बजे से 11:30 बजे तक करने का सुझाव दिया। स्कूल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे एडीओ अनुराग सक्सेना ने शौचालय, किचन एवं कक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। कार्यालय पहुंचकर प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल से कंपोजिट ग्रांट, एमडीएम आदि की जानकारी ली। नल मिस्त्री द्वारा पाइप लाइन, टोंटी, रसोईघर तक नई पाइप लाइन डालकर वाटर सप्लाई चालू की। सुरेश द्वारा स्कूल परिसर की सफाई की जा रही थी।

## डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की जिला कमेटी का गठन

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।



स्वागत के दौरान मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

**इं. दलबीर सिंह बने जिलाध्यक्ष**

डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के जनपद कमेटी का गठन हुआ। बैठक अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अवर अभियन्ता कक्ष में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता इं. दलबीर सिंह ने की। बैठक में विभागीय निर्माण कार्यों एवं गुणवत्ता पर विस्तृत चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि इं. आर.पी. सोनकर, प्रान्तीय महासचिव ने संगठन के दायित्वों, कर्तव्यों एवं विभागीय निर्माण कार्यों पर विशेष प्रकाश डाला। चुनाव अधिकारी मण्डल अध्यक्ष कानपुर इं. रूप सिंह ने भाग लिया। जनपद कार्यकारिणी का गठन प्रान्तीय महासचिव इं.आर.पी. सोनकर एवं संगठन सचिव मध्य पूर्व इं. राजीव गोयल की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें जिलाध्यक्ष इं. दलवीर सिंह को निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष इं. वेदप्रकाश सक्सेना बने। सचिव की जिम्मेदारी इं. बृज मोहन को मिली। संयुक्त सचिव इं. इबारक अली को बनाया गया। वित्त सचिव इं. विशाल गंगवार बने। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर शपथ ग्रहण करायी गई। बैठक में इं. देवेन्द्र सिंह, इं. अजीत कुमार, इं. नागेन्द्र नारायण पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# इमरजेंसी लोकतंत्र का काला अध्याय: सांसद मुकेश राजपूत

### भाजपा कार्यालय पर लोकतंत्र सेनानियों को किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद मुकेश राजपूत

गुरुवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर आपातकाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा एवं विधायक सुशील शाक्य ने लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया एवं आपातकाल से जुड़े हुए विषयों पर संबोधन दिया।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा 25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय है। जब इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने पूरे भारत पर इमरजेंसी लगाकर प्रेस पर सेंसरशिप लगाई गई। इसके साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी जैसे तत्कालीन जनसंघ नेताओं और प्रमुख विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया। सत्तालोलुप नेताओं की लालसा ने देश के लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया। पूरे विश्व में भारत के लोकतांत्रिक इतिहास को कलंकित कर दिया गया। विधायक सुशील शाक्य ने कहा कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर भारत के स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र को कलंकित करने का कार्य किया। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके स्वच्छ और ईमानदार लोगों को जेल में डाल दिया। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कांग्रेस की आपातकाल ने लोकतंत्र में आस्था रखने वाली हर आवाज को दबा दिया। संचालन जिला महामंत्री अमरदीप दीक्षित ने किया। लोकतंत्र सेनानी विजय सिंह वर्मा, जगदीश पांडे, सतीश चंद्र कटियार, राधेश्याम राजपूत, कैलाश चंद्र गंगवार को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गोपाल राठौर, डॉ. बीके गंगवार, जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, जितेंद्र सिंह, अनुराग दुबे, रश्मि दुबे, अभिषेक बाथम, संदेश राजपूत, श्वेता दुबे, प्रतिभा राजपूत, शिवमोहन सिंह, अभिषेक बाजपेई, मनोज गंगवार, संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, संदीप शाक्य, अनुराग सिंह, हसनैन खान, अजीत पांडे, नीरज अवस्थी, रामकिशोर दीक्षित, संजय सिंह, सुशील राजपूत, रजनीश मिश्रा, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने गुरुवार को जिला आईटी विभाग में रक्षपाल सिंह कुशवाहा को जिला सह संयोजक नियुक्त किया है।

## हजरत अब्बास की दरगाह पर ताबूत अलम हुआ बरामद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। 8 मोहर्रम गाजी अब्बास से मनसुब है जिसमे हजरत अब्बास की दरगाह पर ताबूत और अलम बरामद हुआ। उसके उसमे अंजुमने शमशिरे हैदरी के नौहे खान मेहराज आब्दी पुर दर्द नौहा पढ़ा। सकीना कैद में रहती है अश्बार चचा, गरीब चुनती है दामन से अपने खार चचा, उसके बाद शोएब जैदी नें पढ़ा, दिन ढल गया शाम आ गईं अब्बास अब्बास न लौटे। मजलिस को सदाकत हुसैन सेथली नें खिताब किया। जिसमें आल इंडिया शिया मुस्लिम महा सभा के जिलाध्यक्ष सैय्यद अम्मार अली जैदी, आफताब हुसैन, नफीस हुसैन, मुंनवर हुसैन, मुन्तजिर हुसैन जैदी, मसरत अली जैदी, रहबर आब्दी अली यावर जैदी, जावेद हुसैन, इंतजार हुसैन, मोहसिन काजमी, मुदास्सर काजमी, हुसैन अली जैदी, अली मोहम्मद, शोएब जैदी, सैफ हुसैन आदि लोग मौजुद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रूखाबाद-फतेहगढ़**

पत्रांक 448/1-30/2026-27 दिनांक- 25.06.2026

**विज्ञप्ति प्रकाशन**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कार्यालय नगर पालिका परिषद, फर्रूखाबाद की सीमान्तर्गत 23 नवम्बर, 2025 द्वारा जारी गजट में उल्लिखित सं0 948/ ओ.एस./2025-26- उत्तर प्रदेश पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 की सूची 1 (ज) की उपधारा "ख" एवं "ग" के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए "लोक सुरक्षा और सुविधा" के दृष्टिगत यातायात के विनियमन एवं पालिका के राजस्व वृद्धि हेतु नगर पालिका परिषद, फर्रूखाबाद सीमान्तर्गत "बस/ट्रक/टैक्सी/अन्य वाहनों हेतु पार्किंग शुल्क उपविधि-2025" बनायी गयी है। जिसका क्रियान्वयन गजट में प्रकाशित सूची के अनुसार किया जाना है। निम्नवत है।

| क्र.सं. | वाहनों के प्रकार | अधिकत्तम दरें |
|---|---|---|
| 1. | कार (एक से आठ घण्टे तक) | 100.00 |
| 2. | मोटरसाईकिल (एक से आठ घण्टे तक) | 20.00 |

उपरोक्त लालसराय पानी की टंकी सरकारी पार्किंग हेतु कुल जगह 32.00 X 22.60 मी0 में पार्किंग तैयार है, जिसकी बस/ट्रक/टैक्सी/अन्य वाहनो हेतु पार्किंग शुल्क उपविधि-2025 के अनुसार वाहनों (कार, मोटर साईकिल) के स्वामी निर्धारित शुल्क जमा करते हुये हुये निर्धारित समय के लिये अपना वाहन खड़ा कर सकते है व पार्किंग की सुविधा प्राप्त कर सकतें है।

उक्त कार्य नगर पालिका परिषद, फर्रूखाबाद आउटसोर्स कर ठेकेदारी प्रथा से वित्तीय वर्ष 2026-27 की शेष अवधि के लिए संचालित करना चाहाती है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म दिनांक 08.07.2026 को निविदा देने हेतु प्रकाशन की तिथि से निविदा प्रपत्र दिनांक 07.07.2026 तक क्रय निर्धारित तिथि दिनांक 08.07.2026 को समय 4:00 बजे तक निकाय कार्यालय मे रखें निविदा बाक्स मे निविदा डाल सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 09.07.2026 को ठेकेदार/फर्म/व्यक्तियों के समक्ष अपरान्हः 11-00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को सुरक्षित रहेगा। निविदा की नियम/शर्ते बस/ट्रक/टैक्सी/अन्य वाहनो हेतु पार्किंग शुल्क उपविधि-2025 के अनुसार होंगी जो किसी भी कार्यालय दिवस मे उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा मूल्य+ जी.एस.टी. | धरोहर राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लालसराय पानी की टंकी सरकारी पार्किंग हेतु कुल जगह 32.00 X 22.60 मी0 में वाहनों (कार, मोटर साईकिल) पार्किंग की सुविधा हेतु। | 500 | 5000.00 | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, फर्रूखाबाद।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, फर्रूखाबाद।

# गर्भवती महिला से मारपीट व गर्भपात का आरोप: केस दर्ज, दो माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं

## पीड़ित पक्ष ने कुकरा चौकी पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र की कुकरा चौकी से जुड़े गर्भवती महिला के साथ कथित मारपीट और गर्भस्थ शिशु की मौत के मामले में कार्रवाई को लेकर पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन के समक्ष गंभीर सवाल खड़े किए हैं। 25 जून को पीड़िता के पिता जय नारायण क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे और सीओ महक शर्मा को शपथपत्र सौंपकर मामले में प्रभावी कार्रवाई की मांग की। शिकायतकर्ता का आरोप है कि गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद करीब दो माह बाद भी किसी भी नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है।



जानकारी के अनुसार, थाना मैलानी में 29 अप्रैल 2026 को मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे में अमरजीत, लक्ष्मी और मंजीत को नामजद किया गया है। एफआईआर के अनुसार घटना 26 अप्रैल 2026 की है, जिसमें गर्भवती महिला के साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया था। पीड़िता के पिता जय नारायण, निवासी ग्राम चहलवा मंगलपुरवा थाना सुजौली जनपद बहराइच, ने अपने शपथपत्र में आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री प्रतिभा भारती घटना के समय लगभग पांच माह की गर्भवती थी। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा की गई मारपीट के बाद उसकी हालत गंभीर हो गई और उपचार के दौरान गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। उन्होंने दावा किया कि मामले से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट, अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट, टीकाकरण कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध हैं और उन्हें पुलिस को उपलब्ध कराया जा चुका है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करेगी, लेकिन करीब दो माह बीत जाने के बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इसी वजह से परिवार को उच्चाधिकारियों तक पहुंचकर अपनी बात रखनी पड़ी।

**चौकी पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी उठे सवाल**

पीड़ित पक्ष ने अपने शपथपत्र में यह भी आरोप लगाया है कि मामले की पैरवी के दौरान उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ा। परिवार का कहना है कि कई बार शिकायत और उपलब्ध साक्ष्यों की जानकारी देने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसी कारण पीड़ित पक्ष ने कुकरा चौकी प्रभारी अवलीश पंवार की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि मामले में चौकी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से विवेचना और गिरफ्तारी की प्रक्रिया अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकी। पीड़िता का कहना है कि जब मुकदमा दर्ज है, मेडिकल दस्तावेज उपलब्ध हैं और जांच भी चल रही है, तो फिर कार्रवाई की रफ्तार इतनी धीमी क्यों है। चर्चा यह भी है कि आखिर ऐसी कौन सी परिस्थितियां हैं जिनके चलते अब तक नामजद आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कदम सामने नहीं आया।

## गरीब विधवा की भूख पर भारी पड़ा भ्रष्ट सिस्टम, शिकायतों के अंबार के बाद भी नहीं बना अंत्योदय राशन कार्ड

**समृद्धि न्यूज़, तिकुनिया-खीरी।** एक ओर सरकार गरीबों, विधवाओं और असहाय परिवारों को खाद्यान्न सुरक्षा देने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। तहसील निघासन के ग्राम बनवीरपुर की एक गरीब विधवा महिला पिछले कई महीनों से अपने हक के लिए दर-दर भटक रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनहीनता और विभागीय लापरवाही के चलते उसे आज तक अंत्योदय राशन कार्ड नहीं मिल सका। हैरानी की बात यह है कि मामला तहसील से लेकर जिला मुख्यालय, लखनऊ और अब मण्डलायुक्त कार्यालय तक पहुंच चुका है, फिर भी प्रशासन कुंभकर्णी नींद से जागने को तैयार नहीं दिख रहा। ग्राम बनवीरपुर निवासी परवीना बेगम पत्नी स्वर्गीय शरफुद्दीन का पुराना अंत्योदय राशन कार्ड निरस्त होने के बाद नया कार्ड जारी किया जाना था। महिला ने नियमों के तहत आवेदन किया, ग्राम पंचायत से प्रस्ताव भी भेजा गया, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी उसका कार्ड नहीं बनाया गया। सवाल यह है कि आखिर किसके संरक्षण में एक पात्र विधवा महिला को उसके अधिकार से वंचित रखा जा रहा है? पीड़िता का आरोप है कि उसने अपनी समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई।

- मण्डलायुक्त की चौखट तक पहुंची फरियाद, तब विभागीय कार्यवाही से बचने के लिए डिलीट किया गया आवेदन

## दुबहा में वन विभाग की छापेमारी, शीशम की लकड़ी व लकड़ी कटर बरामद

**समृद्धि न्यूज़, निघासन, खीरी।** मझगईं वन रेंज की टीम ने गुरुवार को अवैध लकड़ी कटान के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम दुबहा में छापेमारी कर शीशम की लकड़ी, चिरान और लकड़ी काटने में प्रयुक्त मशीन बरामद की। वन विभाग ने बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वन विभाग के अनुसार गुरुवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे दुबहा गांव के बाहर पलिया-निघासन मार्ग पर स्थित अभियुक्त के घर के बाहर से शीशम के बोटे बरामद किए गए। इसके अलावा घर के अंदर से शीशम का चिरान और लकड़ी काटने में प्रयुक्त एक कटर मशीन भी मिली। बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# खबरें एक नजर में

## सूर्य नारायण फाउंडेशन के वार्षिकोत्सव पर सजा काव्य महोत्सव, मेधावियों व साहित्यकारों का हुआ सम्मान



**समृद्धि न्यूज़, मैगलगंज, खीरी।** सूर्य नारायण फाउंडेशन के प्रथम वार्षिकोत्सव के अवसर पर सूर्य नारायण धर्मकांटा, जहाननगर औरंगाबाद में आयोजित 'द्वितीय मंगल काव्य महोत्सव' एवं बजरंग बली के भव्य भंडारे ने साहित्य, संस्कृति और समाजसेवा का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों, साहित्यकारों और गणमान्य अतिथियों ने सहभागिता कर आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन फाउंडेशन की अध्यक्ष राखी श्रीवास्तव, संस्थापक एवं कवि अमित श्रीवास्तव तथा राष्ट्रीय समन्वयक अनुशिका श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य 'मृदु' रहे, जबकि फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव गौरव गुप्ता की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर साहित्य, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया। 'ललित किशोरी सम्मान-2026' अनुशिका श्रीवास्तव एवं मनस्वी श्वेता श्रीवास्तव को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक एवं संस्थागत योगदान के लिए प्रदान किया गया। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा लक्ष्मी देवी को 'कमलेश श्री. तेजस्वी सम्मान-2026' देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। काव्य महोत्सव में विभिन्न जनपदों से आए कवियों और साहित्यकारों ने अपनी प्रभावशाली रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन संदीप अनुरागी ने किया, जबकि मुख्य अतिथि कमलेश मौर्य 'मृदु' की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ाया। समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। उपस्थित अतिथियों ने सूर्य नारायण फाउंडेशन के इस साहित्यिक एवं सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में साहित्य, संस्कृति और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का कार्य करते हैं। यह आयोजन क्षेत्र की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा देने वाला साबित हुआ।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खण्ड सभागार में गुरुवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की अभिमुखीकरण बैठक का आयोजन खण्ड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया।बैठक के दौरान संचारी रोगों की रोकथाम हेतु संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। खण्ड विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतों में नियमित साफ-सफाई, जलभराव की समस्या का निराकरण, एंटी-लार्वा छिड़काव एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर सर्वेक्षण कर बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगों के संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है। साथ ही लोगों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं मच्छरजनित रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।बैठक में सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अभियान की दैनिक प्रगति की नियमित समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर बल दिया गया खण्ड विकास अधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे अपने घर एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, कहीं भी पानी एकत्रित न होने दें तथा किसी भी प्रकार के बुखार या बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ,सीएम फेलो गौरव सिंह ,सहायक विकास अधिकारी सांख्यकी सुशील कुमार सिंह ,आरबीएसके डॉक्टर सुरेश कनौजिया ,बीएमसी यूनिसेफ अंकित शुक्ला ,प्रशासक काशी प्रसाद मिश्रा, रमेश मौर्य, विजय प्रकाश सिंह, मार्कण्डेय प्रसाद मौर्य आदि मौजूद रहे

## पुरवा औसान सिंह गांव में 11 हजार वोल्ट की एलटी लाइन का तार टूटकर गिरा, हादसे की आशंका

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के पुरवा औसान सिंह गांव में 11 हजार वोल्ट की एलटी लाइन का तार टूटकर जमीन पर गुरुवार की दोपहर गिर गया। खुले में पड़े हाई वोल्टेज तार से ग्रामीणों में हादसे का डर बना हुआ है। पोल से टूटा हुआ तार खेत के रास्ते पर जमीन पर पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि तार गिरने से बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है।स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से तुरंत मौके पर पहुंचकर तार को ठीक कराने और आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

# नवागत गोला सीओ महक शर्मा ने सर्राफा कारोबारियों संग की बैठक

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए अहम निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** हाल ही में गोला क्षेत्र की कमान संभालने वाली नवागत क्षेत्राधिकारी (सीओ) महक शर्मा ने बृहस्पतिवार को गोला कोतवाली परिसर में सर्राफा कारोबारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने व्यापारियों को सतर्क रहने और अपराधों की रोकथाम में पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह सहित नगर के कई सर्राफा व्यापारी मौजूद रहे। सीओ महक शर्मा ने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से सोने-चांदी के आभूषण या अन्य कीमती सामान की खरीद-फरोख्त न करें। यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में सामान बेचने का प्रयास करे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने व्यापारियों को दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को पूरी तरह क्रियाशील और उच्च गुणवत्ता का बनाए रखने के निर्देश दिए।

# चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप, किसान पार्टी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

- 20 वर्षों से लंबित मामलों के निस्तारण, फर्जी आदेशों की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।**



गरीब मजदूर किसान पार्टी ने गुरुवार को चकबंदी विभाग में कथित भ्रष्टाचार, किसानों की भूमि से जुड़े विवादित आदेशों और वर्षों से लंबित मामलों को लेकर जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी गोला को सौंपा। पार्टी पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि जिले के विभिन्न तहसीलों में चकबंदी से जुड़े अनेक मामले वर्षों से लंबित हैं, जिससे किसान परेशान हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील गोला, मोहम्मदी और पलिया क्षेत्र के कई किसान पिछले करीब 20 वर्षों से चकबंदी कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। आरोप है कि कई मामलों में पत्रावलियां उपलब्ध नहीं कराई जातीं तथा प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण नहीं हो रहा है।

**ग्राम हण्डेला के मामले को बनाया प्रमुख मुद्दा**

ज्ञापन में ग्राम हण्डेला निवासी सरदार गुरदयाल सिंह के भूमि विवाद का विशेष उल्लेख किया गया है। पार्टी का आरोप है कि गाटा संख्या-12 से संबंधित प्रकरण में चकबंदी विभाग द्वारा तैयार किए गए नजरी नक्शे के विपरीत कार्रवाई की गई तथा कथित रूप से फर्जी आदेश पारित कर भूमि अधिकारों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि संबंधित आदेश की मूल पत्रावली न तो चकबंदी कार्यालय में उपलब्ध है और न ही जिला अभिलेखागार में, जिससे पूरे मामले पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**विभागीय मिलीभगत का आरोप**

गरीब मजदूर किसान पार्टी ने आरोप लगाया कि किसानों को वर्षों तक दौड़ाने, पत्रावलियों के गायब होने और विवादित आदेशों के मामलों में विभागीय स्तर पर मिलीभगत की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। पार्टी का कहना है कि ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

**प्रमुख मांगों को लेकर प्रशासन से की कार्रवाई की अपेक्षा**

ज्ञापन में पार्टी ने मांग की है कि ग्राम हण्डेला निवासी गुरदयाल सिंह के गाटा संख्या-12 से जुड़े प्रकरण की सात दिनों के भीतर न्यायिक जांच कराई जाए तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन एवं एफआईआर जैसी कार्रवाई की जाए। साथ ही विवादित आदेश को निरस्त कर नजरी नक्शे के अनुसार संबंधित किसान को भूमि पर कब्जा दिलाने की मांग भी की गई है।

## 28 जून को सुईया कला में अनुसूचित जाति महासम्मेलन

### मीडिया के साथ होगा समस्या समाधान

**समृद्धि न्यूज़, हलिया, (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सुईया कला में 28 जून रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनुसूचित जाति, अनुसूई, हैरिहर, धरकार, धर्मराज, वनवंशी आदिवासी समाज का महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा।आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में मीडिया के साथ समस्याओं का सीधा समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. निर्मल, लखनऊ और वाराणसी से माधुरी वर्मा, संतनगर से आध्या प्रसाद, विंध्याचल से लालजी, रामचन्द्र, बकुराकला से धरकार विरदरी शामिल होंगे।

धरकार विरदरी समाज की ओर से सभी समाजबंधुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

## दिलीप सिंह पटेल को भाजपा के प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर चुनार नगर के लोगों में हर्ष का माहौल

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।**

बूथ कार्यकर्ता के रूप में दिलीप सिंह पटेल ने शुरू किया था राजनीतिक सफर चुनार तहसील के सीखड़ ब्लाक के मंगरहा गांव के भाजपा नेता दिलीप सिंह पटेल मध्यवर्गीय किसान रहे स्व. राम सजीवन सिंह के पुत्र दिलीप सिंह पटेल शुरू से ही भाजपा से जुड़े रहे। सीखड़ में बूथ कार्यकर्ता के रूप में काम करते हुए इन्होंने अलग पहचान बनाई। सन 2013 से 2016 तक मिर्जापुर में भाजपा उपाध्यक्ष पद पर रहे। संगठन में लगातार सक्रियता की वजह से 2016 से 2018 तक काशी प्रांत में क्षेत्रीय मंत्री रहे। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संगठन को मजबूती दी। 2018 से



अब तक वह दो बार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के पद पर रहे। दिलीप पटेल ने एमएससी एजी, एमए बीएड की पढ़ाई की है। पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह के चुनाव से लेकर चुनार विधायक अनुराग सिंह के चुनाव में रणनीति बनाकर विजय दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दिलीप ने आदर्श जनता स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोलना की 2007 में स्थापना भी की।

# 10 जुलाई को लखनऊ में होगी किसान महापंचायत भारतीय किसान समिति ने किया आह्वान

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** भारतीय किसान समिति के बैनर तले 10 जुलाई को लखनऊ के इको गार्डन में किसान महापंचायत और धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। समिति ने मिर्जापुर जनपद सहित प्रदेशभर के किसानों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि महापंचायत का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को संकलित कर सरकार तक पहुंचाना है। उन्होंने मिर्जापुर के किसानों से गांव और क्षेत्र की समस्याओं को संगठन के पदाधिकारियों तक पहुंचाने को कहा है। समिति की प्रमुख मांग है कि किसानों की फसल की खरीदारी डोर स्टेप सिस्टम के तहत की जाए।



इसके तहत खेत से लेकर खलिहान तक, जहां भी किसानों को सुविधा हो, वहीं से सरकार फसल खरीद सुनिश्चित करे। कार्यक्रम में किसानों से अपनी समस्याएं और सुझाव साझा करने का आह्वान किया गया है। आयोजकों ने कहा कि हमारी मांगे पूरी हो चाहे जो मजबूरी हो के संकल्प के साथ किसान अपनी आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम का समापन जय जवान, जय किसान के नारे के साथ होगा।

# सोहगीबरवा में वन्यजीव तस्करी पर बड़ी कार्रवाई

- जीवित गोह के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।** सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग की पकड़ी रेंज टीम ने वन्यजीव तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए संरक्षित प्रजाति के वन्यजीव गोह (मॉनिटर लिजार्ड) के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से बरामद जीवित गोह को वन विभाग ने सुरक्षित संरक्षण में लेकर उसका स्वास्थ्य परीक्षण कराया है। वन विभाग के अनुसार वन्यजीवों के अवैध शिकार एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर पकड़ी रेंज की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक



जीवित गोह बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शंकर पुत्र लक्ष्मण, साहिल पुत्र नथई एवं सागर पुत्र छविलाल, निवासी जयप्रकाश नगर, वार्ड संख्या-07, नगर पालिका परिषद महराजगंज के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम-1972 की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्रीय वन अधिकारी सुशांत मणि त्रिपाठी ने बताया कि वन्यजीवों के अवैध शिकार और तस्करी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में घुघली सेक्शन प्रभारी गौरव त्रिपाठी सहित वन विभाग की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**अभयारण्य में बढ़ती तस्करी से उठ रहे सवाल**

सोहगीबरवा वन्यजीव अभयारण्य में वन्यजीवों एवं बहुमूल्य वन संपदा की तस्करी की घटनाएं लगातार सामने आने से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र में समय-समय पर वन्यजीवों के शिकार, दुर्लभ प्रजातियों की तस्करी और अवैध लकड़ी कटान के मामले प्रकाश में आते रहे हैं, लेकिन इन गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने में सफलता नहीं मिल पा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभयारण्य की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात होने के बावजूद तस्करों और शिकारियों के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में विभाग की निगरानी व्यवस्था और गश्त प्रणाली की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते कठोर कार्रवाई, सतत निगरानी और आधुनिक सुरक्षा उपायों को लागू नहीं किया गया तो वन्यजीवों तथा वन संपदा को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

## स्कूल की बाउंड्रीवॉल से छेड़छाड़ और जल निकासी बाधित करने के मामले में एसपी सख्त

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।** चौक बाजार स्थित लिटिल एंजेल्स एकेडमी की बाउंड्रीवॉल को क्षतिग्रस्त किए जाने तथा विद्यालय की वर्षों पुरानी जल निकासी व्यवस्था को बाधित करने के आरोपों के मामले में पुलिस अधीक्षक ने कड़ा रुख अपनाया है। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एसपी ने चौक थाना प्रभारी को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विद्यालय की प्रबंधक पूजा पाण्डेय ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा विद्यालय की बाउंड्रीवॉल के समीप खुदाई कर दीवार की नींव से ईंटें निकाल दी गई, जिससे दीवार में दरारें पड़ गई हैं और उसके गिरने का खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे विद्यालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रबंधक के अनुसार इस मामले में पूर्व में चौक थाने में तहरीर दी गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना डायल-112 पर भी दी गई थी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार्य रोकने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद अगले दिन भी कथित रूप से खुदाई जारी रखी गई। विद्यालय प्रशासन का आरोप है कि विद्यालय के वर्षा जल एवं दैनिक उपयोग के पानी की निकासी के लिए वर्षों से उपयोग में आ रहे मार्ग को भी अवरुद्ध करने का प्रयास किया जा रहा है।

# फटे तिरंगे को लेकर कांग्रेस नेताओं ने उठाई आवाज

## शिकायत के बाद उतारा गया राष्ट्रीय ध्वज

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** नगर पंचायत आनंदनगर के विष्णु मंदिर तिराहे पर स्थापित 125 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) फट जाने के बावजूद लंबे समय तक नहीं बदला गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव त्रिभुवन नारायण मिश्रा, जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट, पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष रामनारायण चौरसिया तथा वरिष्ठ नेता रमेश चन्द्र श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से थानाध्यक्ष फरेन्दा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया



गया कि राष्ट्रीय ध्वज फटने के बाद भी नगर पंचायत प्रशासन द्वारा समय रहते उसे न बदला जाना गंभीर लापरवाही का परिचायक है। नेताओं ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है तथा उसके सम्मान की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक और सरकारी संस्था का नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने मांग की कि मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आया और नगर पंचायत आनंदनगर के कर्मचारियों द्वारा फटे हुए राष्ट्रीय ध्वज को उतार दिया गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्रीय नागरिकों ने संतोष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि शीघ्र ही वहां नया राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय सम्मान से जुड़े विषयों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

## उपजिलाधिकारी ने लाइब्रेरियों की जांच की

### अनियमितता पाये जाने पर कृष्णा लाइब्रेरी को बंद कराया गया

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के सख्त निर्देश के क्रम में आज उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम ने विभिन्न लाइब्रेरी सेंटरों की जांच पड़ताल कर हकीकत को जाना अनियमितता पाए जाने पर एक लाइब्रेरी सेंटर को बंद कराया। बताया जाता है लखनऊ में एक कोचिंग सेंटर में हुए आगजनी में पन्द्रह बच्चों की हुई दर्दनाक मौत को देखते हुए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के सख्त तेवर में हुए निर्देश पर आज उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम ने कृष्णा लाइब्रेरी और सैनिक लाइब्रेरी सेंटरों की जांच पड़ताल की। कमियां पायें जाने पर कृष्णा लाइब्रेरी को बंद करा अन्य को हिदायत दी।

# भरतभूषण तिवारी को दी गई श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** बिहार के जमुनिहां गांव निवासी स्व. भरत भूषण तिवारी को पुलिस के द्वारा निरपराध इन्काउन्टर किये जाने के विरोध में परशुराम सेना के अध्यक्ष मनोज मिश्र के आवास पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है जिसमें भारी संख्या में शामिल लोगों ने नम आंखों से स्व 0 भरत भूषण तिवारी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस दौरान सपा नेता अमित चौबे ने कहा कि गरीबों दलितों मजलूमों की आवाज बनकर गांव के लिए शासन प्रशासन से जूझने वाले निर्दोष स्व 0भरत भूषण तिवारी को पुलिस द्वारा इन्काउन्टर करने की जितनी निंदा की जाय वह कम है। उन्होंने कहा कि इन्काउन्टर में शामिल पुलिस कर्मियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अधिवक्ता विनीत तिवारी ने कहा कि इन्साफ के लिए निरन्तर संघर्ष करने वाले स्व0भरत भूषण तिवारी को बिहार पुलिस इन्काउन्टर कर इतिहास को कलंकित किया है। इसी क्रम में गुरूशरन यादव ने कहा कि दोषियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। सुशील पांडेय ने कहा कि बेकसूर के ऊपर पुलिस के द्वारा निर्दयता पूर्वक कहर बरपाया गया है इस तरह किये कुकृत्य को इतिहास



कभी माफ़ नहीं करेगा इससे इतिहास कलंकित हो गया है।अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के मीडिया प्रभारी विशुनदेव त्रिपाठी ने कहा कि स्व 0 भरत भूषण तिवारी जमुनिहां गांव की जनता के लिए भगवान थे वहां की जनता बयां कर रही है कि भगवान उतर आए तो हम लोग भगवान को नहीं पूजेंगे भरत भूषण तिवारी की पूजा करेंगे। आज उस बिहार के माटी के लाल के लिए पूरा जनमानस आक्रोशित हैं। अंत में उन्होंने कहा कि अगर पुलिस की इसी तरह की वर्बता रही तो न्याय मांगने के लिए कोई आगे नहीं आयेगा।

## रोहित मिश्रा बने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष, समर्थकों में भारी उत्साह

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के युवा, ऊर्जावान एवं संगठननिष्ठ नेता रोहित को भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जनपद प्रतापगढ़ में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की तथा शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया।जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने कहा कि यह केवल रोहित मिश्रा की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे प्रतापगढ़ जनपद के लिए गौरव और सम्मान का विषय है।